फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 75 संख्याः 267 प्रभात जयपुर, बुधवार 30 अप्रैल, 2025 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.75 रु.

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू


# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

ARBiT



I was in Pahalgam that Day...

Once again, the dreams are shattered. Once again, the Tulips will bloom without anyone looking at them. Once again, the saffron will be blood red

Time to Dump Your Ex's Stuff!

A Golden Tradition Amid Changing Times

# ट्रम्प प्रशासन ने एमेज़ॉन को "धमकी" दी

## घबराकर एमेज़ॉन ने अपनी कीमतों में टैरिफ वॉर के कारण हुई वृद्धि को दिखाने का इरादा त्याग दिया

-अंजन रॉय-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 29 अप्रैल। एक बेहद अजीब घटनाक्रम में, ट्रंप प्रशासन अमेरिका की सबसे सफल कंपनियों में से एक के खिलाफ लड़ने की योजना बना रहा है, वजह यह है कि कंपनी अपने उत्पादों की कीमत में यह दिखाना चाहती थी कि टैरिफ के कारण मूल्य में कितनी वृद्धि हुई है।

एमेज़ॉन, जो अमेरिका का सबसे बड़ा ऑनलाइन सैलर (विक्रेता) है, उपभोक्ताओं के लिए मूल्य निर्धारण का यह नया विवरण पेश करने की योजना बना रहा था। लेकिन लगता है कि इसकी भनक लगने के बाद, यू.एस. एडमिनिस्ट्रेशन ने धमकी भरे संकेत दिए, जिससे एमेज़ॉन डर गया।

यह एक विडंबना है, क्योंकि अमेरिका, पूंजीवाद और बड़ी कंपनियों का गढ़ था तथा खासकर अत्यधिक सफल तकनीकी कंपनियां, देश की "पवित्र गायें" मानी जाती थीं। इनकी वाहवाही होती थी तथा इन कंपनियों के सीईओ कभी अमेरिका की कॉर्पोरेट संस्कृति में सेलेब्रिटी हुआ करते थे।

- वाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलाइन लेविट ने एमेज़ॉन द्वारा टैरिफ वॉर को मूल्य वृद्धि का कारण बताने को "राजनीति व गैर मैत्रीपूर्ण" कार्यवाही बताया। प्रेस सचिव ने यह भी कहा कि इस मुद्दे पर उनकी राष्ट्रपति ट्रम्प से भी बात हो चुकी है।
- ट्रम्प सरकार की इस "धमकी" के आगे, एमेज़ॉन का हौंसला पस्त हुआ और एमेज़ॉन ने "प्राइस राइज़" पर टैरिफ नीति का प्रभाव जताने का इरादा त्याग दिया।
- पर, यह भी सच है कि ट्रम्प की नई टैरिफ नीति के कारण, अमेरिका में मूल्य वृद्धि तो हुई ही है, साथ ही नौकरियां खत्म हो रही हैं और बेरोज़गारी बढ़ रही है और इस समय जानी-मानी कंपनी एमेज़ॉन द्वारा यदि यह प्रचारित किया जाता कि ट्रम्प की नई टैरिफ नीति, इस स्थिति के लिए जिम्मेवार है, तो ट्रम्प प्रशासन के लिए दिक्कतें बढ़ सकती थीं।

लेकिन ट्रंप के सत्ता में आने के बाद यह पूरी तस्वीर बदल गई है। सरकार अब उन शीर्ष कंपनियों के साथ टकराव की स्थिति में है, जो उसकी आर्थिक नीतियों की आलोचना कर रही हैं। कुछ प्रमुख कंपनियों को आशंका है कि अमेरिका मंदी की ओर बढ़ रहा है।

वाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलाइन लेविट ने एमेज़ॉन की इस पहल को "राजनीतिक और शत्रुतापूर्ण" करार दिया और पुष्टि की कि उन्होंने इस मुद्दे पर राष्ट्रपति से चर्चा की है। उसके बाद एमेज़ॉन हिम्मत हार गया। हालांकि, कुछ सहयोगी वेबसाइटों ने उपभोक्ताओं को यह जानकारी देना शुरू कर दिया है कि मूल्य में वृद्धि का कितना हिस्सा शुल्कों के कारण है।

डॉनल्ड ट्रंप ने अपना चुनाव प्रचार इस आधार पर लड़ा था कि रोजमर्रा की चीजों की कीमतें तेजी से बढ़ रही हैं और आम अमेरिकी की पहुंच से बाहर हो रही हैं। यह मुद्दा उनकी अपील की एक प्रमुख वजह था।

तथापि, अब जब टैरिफ लागू हो चुके हैं, कीमतें लगातार बढ़ रही हैं। आम अमेरिकी अब ट्रंप प्रशासन से नाराज़ दिखाई दे रहे हैं।

स्थिति और भी गंभीर हो रही है, क्योंकि मंदी आने से पहले ही नौकरियां जा रही हैं और सबसे बुरी बात, यह शुरुआत संघीय सरकार की नौकरियों से हुई है। इन नौकरियों को अब तक स्थायी और सुरक्षित माना जाता था। लेकिन ट्रंप शासन में ये भी असुरक्षित हो गई हैं और डिपार्टमैंट ऑफ गवरमैंट एफिशिएन्सी के हमले से चरमराने लगी हैं।

कुछ अनुमानों के अनुसार, अमेरिकी संघीय सरकार में ढाई लाख नौकरियां खत्म हो चुकी हैं, जबकि कुछ अन्य अनुमानों में यह संख्या डेढ़ लाख बताई गई है। रिटेल सेक्टर ने भी करीब

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

### कार्यकाल पूरा होने के बाद भी नगर पालिकाओं के चुनाव क्यों नहीं

जयपुर, 29 अप्रैल। राजस्थान हाईकोर्ट ने प्रदेश की 55 नगरपालिकाओं का कार्यकाल पूरा होने के बाद भी उनके चुनाव नहीं कराने और प्रशासक नियुक्त करने पर राज्य के मुख्य सचिव, स्वायत्त शासन सचिव, निदेशक और राज्य निर्वाचन आयोग से चार सप्ताह में जवाब माँगा है। जस्टिस चंद्रशेखर और जस्टिस आनंद शर्मा की खंडपीठ ने यह आदेश पूर्व विधायक संयम लोढ़ा की जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए।

याचिका में अदालत को बताया गया कि संविधान के अनुच्छेद 243 यू और नगरपालिका अधिनियम की धारा 7 और धारा 11 के तहत नगरपालिकाओं का कार्यकाल पूर्ण होने से पूर्व, उनके चुनाव कराए जाने जरूरी है। नगरपालिका अधिनियम के तहत, पिछले बोर्ड की पहली बैठक के पांच साल पूरे होने से पहले चुनाव होने चाहिए। प्रदेश की नगरपालिकाओं का कार्यकाल 25 नवंबर, 2024 को पूरा हो चुका है। राज्य सरकार और निर्वाचन आयोग ने इन नगरपालिकाओं के चुनाव कराने के बजाए यहां प्रशासक लगा दिए। याचिका में यह भी कहा गया कि प्राकृतिक आपदाओं के अलावा स्थानीय निकायों के चुनाव टाले नहीं जा सकते हैं। यदि किसी पालिका बोर्ड का विघटन किया गया है तब भी छह माह के भीतर चुनाव

- हाई कोर्ट ने राज्य सरकार से चार सप्ताह में जवाब मांगा।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# कांग्रेस के पोस्टर की पाकिस्तान के पूर्व मंत्री ने "तारीफ" की!

## भाजपा ने इस पर कटाक्ष किया कि अब कांग्रेस केवल पाकिस्तान की भाषा ही नहीं बोलती, अब पाकिस्तान के आदेश पर काम भी करती है

-श्रीनंद झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 29 अप्रेल। पहलगाम हमलों के बाद पाकिस्तान द्वारा फैलाए जा रहे भ्रामक प्रचार को रोकने के लिए केन्द्र सरकार के जवाबी अभियान के बीच, कांग्रेस ने एक नया विवाद खड़ा कर दिया है। इस विवाद की जड़ एक पोस्टर है, जिसमें चूड़ीदार पाजामा-कुर्ता पहने एक व्यक्ति को दिखाया गया है और उस पर लिखा है: "गायब"। हालांकि उस छवि का चेहरा नहीं है, लेकिन सोशल मीडिया यूज़र्स ने इसे तुरंत प्रधानमंत्री मोदी की तस्वीर के रूप में पहचान लिया है।

यह विवाद तब और गहरा गया, जब पाकिस्तान के एक पूर्व मंत्री ने इस पोस्टर को "नॉटी कांग्रेस" हैशटैग के साथ शेयर किया। इसके बाद से भाजपा और इंटरनेट यूज़र्स कांग्रेस की तीखी आलोचना कर रहे हैं और कांग्रेस पर "पाकिस्तान से निर्देश लेने" का आरोप लगा रहे हैं।

पोस्टर पर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा प्रवक्ता शहज़ाद पूनावाला ने कहा, "यह पार्टी सिर्फ पाकिस्तान जैसी बात ही नहीं करती, बल्कि उनका वर्क कल्चर और व्यवहार भी अब इस्लामाबाद जैसा हो गया है। कांग्रेस पार्टी ने एक तस्वीर साझा की है, जिसमें प्रधानमंत्री मोदी का सिर नहीं है- यह ठीक वैसा ही है, जैसा लंदन में पाकिस्तान के राजनयिक ने भारतीयों की ओर "गला काटने" का इशारा किया था। कांग्रेस न केवल पाकिस्तान की भाषा बोल रही है, बल्कि आतंकियों जैसा व्यवहार भी कर रही है।"

पहलगाम हमले के बाद सरकार ने "भारत को निशाना बनाने वाले सूचना "युद्ध" को लेकर चिंता जताई है। इसके जवाब में भारत ने पाकिस्तान में स्थित

- कांग्रेस के पोस्टर में चूड़ीदार पजामा व कुर्ता पहने एक आदमी दिखाया है, जिसका रंग रूप व काठी प्र.मंत्री मोदी जैसे हैं तथा पोस्टर में कैप्शन दिया है "गायब"। इस पोस्टर में इस व्यक्ति का सिर कटा हुआ दिखाया गया है, जिससे पाकिस्तान के हाई कमिश्नर की गला काटने के "इमेज" का स्मरण होता है।
- पलटवार में भारत ने पाकिस्तान के कई टॉप टी.वी. चैनल्स, जैसे, डॉन न्यूज़, ए.आर.वाय. न्यूज़, समा टीवी व जियो न्यूज़ पर प्रतिबंध लगाने का इरादा जताया है।
- साथ ही भारत ने इज़रायल की रणनीति अपनाते हुए, वीडियो जारी किये हैं, जिनमें पाकिस्तान की मदद व संरक्षण में आतंकवादियों द्वारा भारत को टारगैट बनाना साफ दिखाया गया है।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# सुप्रीम कोर्ट ने बिल्डर व बैंक की सांठ-गांठ की जाँच सीबीआई को सौंपी

## दिल्ली, नैशनल कैपिटल रीज़न, मुम्बई, चंडीगढ़, मोहाली व कोलकाता से इस सांठ-गांठ की कई खबरें व शिकायतें आयी थीं, सुप्रीम कोर्ट के पास

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 29 अप्रैल। फ्लैटों /मकानों के निर्माण तथा ग्राहकों को सौंपे जाने में किये जा रहे विलम्ब पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुये, सर्वोच्च न्यायालय ने दिल्ली, नैशनल कैपिटल रीजन (एनसीआर), मुम्बई, चंडीगढ़, मोहाली और कोलकाता के प्रोजेक्टों के मामलों में बिल्डरों और बैंकों के बीच की "नापाक साँठ-गाँठ" की सीबीआई जाँच के आदेश दिये हैं।

मंगलवार को सुनवाई के दौरान, न्यायमूर्ति सूर्यकान्त तथा एन कोटीश्वर सिंह की बैंच ने सीबीआई को निर्देश दिये कि वह सात प्रीलिमिनरी इन्क्वायरी (पीई) दर्ज करे तथा एक स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (एसआईटी) गठित करे।

- सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि सीबीआई "प्रिलिमनरी इन्क्वायरी" रजिस्टर करे तथा एक स्पैशल इन्वैस्टिगैटिंग टीम (एसआईटी) गठित करे, जाँच के लिए।

अदालत ने उत्तर प्रदेश तथा हरियाणा के पुलिस महानिदेशकों, जो राज्य पुलिस के सर्वोच्च अधिकारी होते हैं, से भी कहा है कि जाँच में सहायता के लिये सीबीआई को पुलिस अधिकारी उपलब्ध कराये जायें।

जिन कम्पनियों के खिलाफ पीई दर्ज की जायेगी, उनमें से एक है "सुपरटैक।" सर्वोच्च न्यायालय, जो इस केस की मॉनिटरिंग तथा हर महीने सुनवाई करेगा, ने दिल्ली -एनसीआर के नोएडा, ग्रेटर नोएडा, यमुना एक्सप्रेस वे, गुरुग्राम तथा गाजियाबाद में स्थित प्रोजेक्टों की प्रारंभिक जाँच के आदेश दिये हैं।

जिन अन्य बिल्डरों के प्रोजेक्ट दिल्ली-एनसीआर, मुम्बई, चंडीगढ़, मोहाली, कोलकाता में हैं, उनकी भी जाँच होगी। सीबीआई से कहा गया कि वह अन्तरिम स्टेटस रिपोर्ट पेश करे।

### सरिस्का में 3 शावकों के जन्म से टाइगर संख्या 44 हुई

अलवर। अलवर सरिस्का में बाघिन एसटी -30 ने 3 शावकों को जन्म दिया है। शावकों की उम्र करीब 2 महीने हैं। अब सरिस्का में टाइगर की संख्या 44 हो गई है।

बता दें कि बाघ पुनर्स्थापन की प्रक्रिया के तहत बाघिन एसटी -30 को 2023 में रणथम्भौर से सरिस्का लाया गया था और यहां टहला रेंज के भगानी में छोड़ा गया था।

- जन्म देने वाली बाघिन एसटी-30 को 2023 में रणथम्भौर से सरिस्का पुनर्स्थापित किया गया था।

सीसीएफ संग्राम सिंह ने बताया कि जंगल में गश्त के दौरान वनकर्मियों ने बाघिन एसटी-30 को 3 शावकों के साथ देखा था। शावक और बाघिन स्वस्थ नजर आ रहे हैं। वन विभाग ने अब बाघिन की मॉनिटरिंग बढ़ा दी है। कैमरा ट्रैप और ग्राउंड पेट्रोलिंग बढ़ाकर मानवीय हस्तक्षेप को कम से कम किया गया है। बाघिन के नए शावक आने के बाद वन राज्य मंत्री संजय शर्मा ने वनकर्मियों को बधाई दी।

# 'सफल इकोनॉमिक्स, सफल राजनीति भी है'

## तमिलनाडु के मु.मंत्री ने सोच-समझ कर यह नारा अपनाया है, अगले विधानसभा चुनाव के लिए

-लक्ष्मण वैंकट कुची-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 29 अप्रैल। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री तथा द्रमुक प्रमुख एम.के. स्टालिन ने मंगलवार को 'द्रविड़ मॉडल ऑफ डवलपमेन्ट एंड ग्रोथ' को 2026 के विधानसभा चुनावों के मुख्य आधार के रुप में प्रस्तुत किया तथा यह संदेश देने का प्रयास किया कि अच्छी अर्थव्यवस्था ही अच्छी राजनीति है।

अपना चुनावी नैरेटिव प्रस्तुत करते हुये, स्टालिन ने कहा कि उनकी सरकार के मॉडल का द्वितीय संस्करण 2026 में लोड होगा। उन्होंने दृढ़तापूर्वक कहा कि सत्ता में उनकी वापसी होगी तथा यह एक ऐसी उपलब्धि होगी, जो उनके पिता को भी नसीब नहीं हुई। तमिलनाडु विधानसभा चुनावों के नतीजों की इस चक्रीय प्रकृति को केवल जे जयललिता ही तोड़ पाई थीं तथा 2011 में द्रमुक से सत्ता छीनने के बाद, 2016 में पुनः निर्वाचित हुई थी।

इस समय, चूँकि विपक्ष कुछ कमजोर है, अन्नाद्रमुक में फूट है, तथा भाजपा के साथ उसका गठबंधन कभी टूटता है, तभी बनता है, गठबंधन पार्टनरों के हल्के-फुल्के मतभेद भी हैं, तथा अभिनेता विजय का भी राजनैतिक क्षितिज पर उदय हो चुका है- इस सब कारणों के चलते, स्टालिन आत्मविश्वास से भरे हुये प्रतीत हो रहे हैं, या फिर तमिलनाडु के मतदाताओं के सम्मुख वे स्वयं को इस रुप में प्रस्तुत कर रहे हैं।

- हालांकि, उनके दो मंत्री भ्रष्टाचार में लिप्त पाये गये हैं तथा मंत्री पद से हटा दिया गया है। परन्तु, स्टालिन यह जानते हैं कि भ्रष्टाचार चुनाव में कोई खास मुद्दा नहीं होता।
- इसका उदाहरण हैं जयललिता, जिन पर भ्रष्टाचार के भारी आरोप लगे, पर, वे दोबारा मु.मंत्री चुनकर आयीं।
- अतः स्टालिन तमिलनाडु की, शिक्षा के क्षेत्र में, औद्योगिकीकरण के मामले में सफलता का ही उदाहरण देते है और इसे ही चुनाव का मुद्दा बनाना चाहते हैं। वे 2024-25 में तमिलनाडु में 9.69 प्रतिशत ग्रोथ रेट को अपनी सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धि गिना रहे हैं।

वे आर्थिक मोर्चे पर राज्य की उपलब्धियों को प्रस्तुत करते ही रहते हैं तथा अपनी सरकार के दूसरे कार्यकाल के दौरान भी वे ऐसी ही उपलब्धियों के वादे कर रहे हैं।

मंगलवार को, विधानसभा में बहस का समापन करते हुये, उन्होंने अपनी सरकार की चार साल की विभिन्न उपलब्धियाँ गिनाईं। स्टालिन ने विधानसभा में कहा कि उनकी पार्टी के नेतृत्व वाली इस सरकार के शासनकाल में राज्य ने नई ऊँचाइयाँ स्पर्श की हैं तथा तमिलनाडु 9.69 प्रतिशत ग्रोथ रेट के साथ, 2024-25 में "पहले नम्बर" पर रहा है।

स्टालिन ने कहा कि यह ग्रोथ रेट अभूतपूर्व थी। उन्होंने यह भी कहा कि केन्द्र सरकार के आँकड़े इस तथ्य को प्रमाणित कर रहे हैं।

उन्होंने अपनी सरकार की प्रमुख उपलब्धियाँ बताते हुये कहा कि मिडिल स्कूलों में न कोई ड्रॉपआउट नहीं" है, गरीबी उन्मूलन के प्रयास जारी हैं तथा उच्च शिक्षा क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। स्टालिन ने कहा कि राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति भी अच्छी है। कुछ लोग चाहते हैं कि हमसे चूक हो तथा कानून-व्यवस्था की स्थिति बिगड़ें, लेकिन हमारी उपलब्धियाँ सबके सामने हैं, सबको दिखाई दे रही हैं।

स्टालिन ने पूर्ण भरोसा व्यक्त करते हुये कहा कि तमिलनाडु के मतदाता, विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं तथा प्रोजेक्टों के क्रियान्वयन के कारण, द्रमुक को जबरदस्त समर्थन देंगे।

लेकिन जमीनी स्तर पर, कुछ सत्ता-

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

### कोटा में एक और कोचिंग छात्र ने आत्महत्या की

कोटा, 29 अप्रैल (निसं)। शहर के जवाहर नगर थाना इलाके में एक कोचिंग छात्र ने फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद छात्र के शव को एमबीएस अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया गया है। यह छात्र मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट यूजी की तैयारी कर रहा था और कोटा में रह रहा था। छात्र मूल रूप से बिहार का निवासी है और 15 दिन पहले ही कोटा आया था। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है।

- बिहार का छात्र 15 दिन पहले ही 11वीं के साथ मैडिकल की तैयारी के लिए कोटा आया था।

जवाहर नगर थानाधिकारी राम लक्ष्मण गुर्जर ने बताया कि क्षेत्र के ही एक हॉस्टल से सूचना मिली थी। इसके बाद वे मौके पर पहुंचे थे और एफएसएल टीम को भी बुलाया गया, साथ ही जांच पड़ताल के बाद बॉडी को मोर्चरी में शिफ्ट

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# लोक गायिका नेहा सिंह राठौड़ के खिलाफ एफआईआर दर्ज, लखनऊ के हज़रतगंज थाने में

## यू.पी. पुलिस ने एक ऐसी एफआईआर एक्टिविस्ट व प्रोफेसर माद्री काकोती के खिलाफ भी दर्ज करवायी

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 29 अप्रैल। पाकिस्तान के रक्षामंत्री ख्वाजा आसिफ के 'एक्स' अकाउन्ट को भारत में निलम्बित कर दिये जाने, तथा उत्तर प्रदेश की लोक गायिका नेहा सिंह राठौड़ जैसे जाने-माने आलोचकों पर एफआईआर किये जाने से सोशल मीडिया ग्रुपों तथा सिविल सोसायटी सर्कल्स में बहुत से सवाल खड़े हो गए हैं। कुछ लोगों का कहना है कि यह सब भाजपा-आरएसएस ईको सिस्टम की गहरे तक पैठी आंतरिक असुरक्षा का संकेत है।

पाकिस्तान के कुछ पत्रकारों के एक्स एकाउंट भी सस्पैंड किए गए हैं, जो पाकिस्तान की आईएसआई के लिए काम कर रहे थे। इससे पहले, सोमवार को भारत ने 16 पाकिस्तानी यू ट्यूब चैनलों पर प्रतिबंध लगाया था, जो कथित रुप से भड़काने वाली, सांप्रदायिक रुप से संवेदनशील तथा भारत के खिलाफ भ्रामक विषय वस्तु प्रसारित कर रहे थे तथा पहलगाम हमले के संदर्भ में भारत की सेना व सुरक्षाबलों के खिलाफ द्वेष फैला रहे थे।

इसी बीच, उत्तर प्रदेश पुलिस ने लोक गायिका नेहा सिंह राठौड़ के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। उनके खिलाफ कई गंभीर आरोप लगाए गए है, जिनमें भारत की सम्प्रभुता, एकता अखंडता के लिए खतरा पैदा करना शामिल है। एक अन्य एक्टिविस्ट माद्री काकोती, जो डॉ. मेडूसा के नाम से विख्यात हैं, पर भी इन्हीं आरोपों के तहत एफआईआर दर्ज की गई है।

एक भाजपा कार्यकर्ता अभय प्रताप सिंह ने शिकायत दर्ज की थी कि लोक गायिका एवं कवयित्री नेहा सिंह राठौड़ अपने एक्स हैंडल का इस्तेमाल कुछ आपत्तिजनक पोस्ट करने के लिए कर रही हैं, जो राष्ट्रीय एकता पर विपरीत प्रभाव डाल सकती हैं। वे बार-बार एक समुदाय को दूसरे के खिलाफ भड़काने का प्रयास कर रही हैं।" इस शिकायत के आधार पर लखनऊ की हज़रत गंज पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है।

- एफआईआर के अनुसार, नेहा सिंह राठौड़ ने अपने एक्स हैंडल पर ऐसी आपत्तिजनक टिप्पणियाँ की हैं, जिससे देश की अखण्डता को चुनौती मिलती है तथा साम्प्रदायिक तनाव व दुर्भावना फैलने की आशंका है।
- शिकायतकर्ता अभय प्रताप सिंह के अनुसार, इन एफआईआर के विरोध में नेहा राठौड़ द्वारा दिये गये वक्तव्य पाकिस्तान में वायरल हो रहे हैं तथा इन वक्तव्यों के आधार पर पाकिस्तान मीडिया भारत के खिलाफ प्रपोगैण्डा फैला रहा है तथा भारत की प्रतिष्ठा के खिलाफ सवाल उठा रहा है।

एफआईआर के अनुसार, नेहा सिंह राठौड़ के भारत विरोधी बयान पाकिस्तान में वायरल हो रहे हैं तथा पाकिस्तान के लोग उसकी तारीफ कर रहे है। पाकिस्तानी मीडिया नेहा सिंह राठौड़ के भारत विरोधी सभी बयानों का इस्तेमाल कर रहा है और भारत के खिलाफ बयानबाजी के लिये इन बयानों का प्रयोग कर रहा है। ऐसे समय में नेहा सिंह राठौड़ के भारत विरोधी बयान देश और सभी कवियों के लिए अपमानजनक है।

एफआईआर के जवाब में राठौड़ ने कहा, यह एक्शन मूल मुद्दों से ध्यान हटाने के लिए किया गया है।

नेहा ने कहा, "पहलगाम हमले के जवाब में सरकार क्या कर रही है, मेरे खिलाफ एफआईआर? मेरे खिलाफ एफआईआर कर सरकार असल मुद्दों से ध्यान भटकाना चाहती है। क्या यह समझना इतना मुश्किल है। अगर आप में हिम्मत है तो आतंकवादियों के सिर लेकर आइए। अपनी असफलता के लिए मुझे दोष मत दीजिए। जैसे लोकतंत्र में हर वोट महत्वपूर्ण होता है, वैसे ही हर सवाल भी महत्वपूर्ण होता है। सरकार को मेरे सवाल पूछने से दिक्कत है, इसलिए वे मुझे रोकना चाहते हैं।"

राठौड़ के बाद, लखनऊ विश्वविद्यालय की प्रोफेसर डॉ. मेडसा (माद्री काकोती) के खिलाफ भी एफआईआर दर्ज की गई है। डॉ. मेडूसा सरकार की आलोचक हैं और अपने कटाक्षों के लिए जानी जाती है। उन्होंने

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

### हाई कोर्ट ने 36 साल पहले मिली सजा रद्द की

जयपुर, 29 अप्रैल। राजस्थान हाईकोर्ट ने एसिड अटैक के मामले में 36 साल पहले मिली सज़ा को रद्द कर दिया है। इसके साथ ही, अदालत ने याचिकाकर्ता को निचली अदालत से मिली ढाई साल की सजा की अवधि को बढ़ाने के लिए राज्य सरकार की ओर से पेश अपील को भी खारिज कर दिया है। जस्टिस महेन्द्र कुमार गोयल की एकलपीठ ने यह आदेश सलीम और राज्य सरकार की ओर से दायर अपीलों पर संयुक्त रूप से सुनवाई करते हुए

- याचिकाकर्ता को 1989 में हत्या के प्रयास के अपराध पर निचली अदालत ने ढाई साल की सजा सुनाई थी। वैसे हाई कोर्ट ने 1989 में ही सजा स्थगित कर दी थी।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

CMYK

## विचार बिन्दु

श्रद्धा और विश्वास ऐसी जड़ी बूटियाँ हैं कि जो एक बार घोल कर पी लेता है वह चाहने पर मृत्यु को भी पीछे धकेल देता है। -अमृतलाल नागर

# क्या है सोशल मीडिया का वास्तविक स्वरूप!

मार्शल मैक्लुहान का एक प्रसिद्ध कथन है कि ''सभी मीडिया किसी न किसी मानवीय क्षमता का विस्तार हैं- मानसिक हो या शारीरिक''। इस आधार पर हमें सोशल मीडिया को उसके वास्तविक स्वरूप में समझने में मदद मिल सकती है। आभासी ऑनलाइन दुनिया का विस्तार इतना व्यापक है कि कोई आश्चर्य नहीं कि यह हमारी भौतिक ऑफ़लाइन वास्तविकता में भी घुस कर उसे उथल-पुथल कर रहा है। कुछ विशेषज्ञ तो यह भी कह रहे हैं कि यह ''वास्तविकता के पुनर्निर्माण का युग'' है। सूचना का अतिभार इतना है कि तथ्य और कल्पना के बीच अंतर करना मुश्किल हो चला है। इसके चलते कुछ विशेषज्ञ यह निष्कर्ष भी निकाल रहे हैं कि वर्तमान 'सूचना युग' वास्तव में 'झूठी सूचना का युग' है, जिसमें सत्य बार-बार बलि चढ़ता है। एक समय था जब समाचार मीडिया संगठनों द्वारा तथ्य को पवित्र माना जाता था। हालांकि यह भी तथ्य है कि पूर्ण सत्य हमेशा ही मीडियाकर्मियों से दूर रहा है, लेकिन उन्होंने जितना संभव हो सके इसके करीब पहुंचने की कोशिश जरूर की। बीबीसी के एक प्रसिद्ध प्रोमो को याद किया जा सकता है जिसमें दावा किया जाता था कि ''सत्य के कई शेड्स होते हैं और हम उन सभी को प्रस्तुत करते हैं''। एक नये शब्द 'पोस्ट-ट्रुथ' ने 2016 में ऑक्सफोर्ड डिक्शनरी में प्रवेश किया। इसे एक विशेषण के रूप में परिभाषित किया गया था, यानि वस्तुनिष्ठ तथ्य जनमत को बनाने में कम प्रभावी प्रभावी होते हैं मगर भावनाओं और व्यक्तिगत विश्वासों को उभारने में अधिक कारगर होते है। 'पोस्ट-ट्रुथ' को 'वर्ष का शब्द' नामित करते हुए ऑक्सफोर्ड डिक्शनरी के अध्यक्ष ने एक दशक से भी कम समय पहले कहा था: ''यह आश्चर्य की बात नहीं है कि हमारी पसंद एक ऐसे वर्ष को दर्शाती है जो अत्यधिक आवेशित राजनीतिक और सामाजिक प्रवचन से प्रभावित है। समाचार स्रोत के रूप में सोशल मीडिया के उदय और प्रतिष्ठान द्वारा पेश किए गए तथ्यों के प्रति बढ़ते अविश्वास से प्रेरित होकर, एक अवधारणा के रूप में पोस्ट-ट्रुथ कुछ समय से अपनी भाषाई पैर जमा रहा है।'' इसके लगभग एक दशक बाद यह सुरक्षित रूप से कहा जा सकता हैं कि हम अब पोस्ट-ट्रुथ युग में रह रहे हैं। मगर यह जुमला अब पुराना हो गया है। कभी हमें बताया जाता था कि सोशल मीडिया राष्ट्रीय सीमाओं और सभी बाधाओं को तोड़कर लोगों को एक साथ लाता है तथा वह अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को वास्तविक रूप से सुनिश्चित करता है। इसीलिए स्वतंत्र सोशल मीडिया के आगमन से उत्साहित होकर पत्रकारिता शिक्षा के सभी संस्थान सोशल मीडिया और ऑनलाइन पत्रकारिता में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम शुरू करने की होड़ में कूद पड़े। पत्रकारिता और जनसंचार के विश्वविद्यालयों में ये पाठ्यक्रम और डिग्रियां उन पासआउट के लिए नौकरियों के अवसर प्रदान करने के लिए डिज़ाइन की गईं जो अब न केवल बाजार के उत्पादों बल्कि राजनीतिक दलों और उनके नेताओं को बढ़ावा देने के लिए औजार बन कर मजदूरी का जरिया बन गई। सभी स्वतंत्र पत्रकार हो गये। ऐसे मजदूरों को सम्मानजनक इंफ्लुएंसर का नाम दे दिया गया। केंद्र और राज्यों की सरकारों ने भी उनकी सेवाएं लेना शुरू कर दी है। प्रचार का काम करने वाले अब पत्रकार मान लिए गये हैं।

सोशल मीडिया का अब तक का अनुभव बताता है कि वह कुछ और भी करता है। वह जो कुछ और करता है वह अब बिल्कुल भी रहस्य नहीं है। वास्तव में वह एकता को तोड़ता है और सीधे टकराव की सुविधा देकर लोगों को विभाजित करता है। इसलिए, इसे उचित ही विभाजनकारी मीडिया के रूप में वर्णित किया जाने लगा है जो आम सहमति के प्रयासों की हमारी क्षमता को बाधित करता है। आम सहमति के बिना कोई भी समाज ज्ञान का साझा-निर्माण नहीं कर सकता है। समाज में टकराव के मुद्दों की कभी कोई कमी नहीं होती हैं। हम विवादित पक्षों के अनुयाइयों को सोशल मीडिया पर आम तौर पर कटु शब्दों वाले द्वंद्व और झगड़ों में लिप्त रहते पाते हैं। यहां दोस्त बनाये जाते हैं और लोगों को अनफ्रेंड भी किया जाता है। सोशल मीडिया कुछ और भी करता है। यह समान विचारधारा वाले लोगों के समुदाय बनाता है। ऐसे समुदायों के लोग एक-दूसरे को हर तरह से पसंद करते हैं। फेसबुक, इंस्टाग्राम, और एक्स जैसे पटलों पर बने मित्र मोटे तौर पर समान विश्वदृष्टि रखते हैं। समान हित और विचारधाराएं उन्हें जोड़ती हैं। कोई भी व्यक्ति सोशल मीडिया पर सबसे पहले समान विचारधारा वाले ऐसे व्यक्तियों के साथ जुड़ता है जो ऐसी पोस्टें करते हैं जो उसके दृष्टिकोण को पुष्ट करती है। यह भी सब जानते हैं कि एल्गोरिदम का उपयोग करके सोशल मीडिया को झूठ और फर्जी कहानियां फैलाने के लिए अनुकूल बनाया जाता है। भोले-भाले लोग यह मानते रहते हैं कि सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म निष्पक्ष माध्यम हैं। यहां तक कि राजस्थान सरकार द्वारा स्थापित हरिदेव जोशी पत्रकारिता और जनसंचार विश्वविद्यालय अपने उद्देश्यों को बताते हुए इस हद तक आगे बढ़ कर कहता है कि सोशल मीडिया ने ''संचार के लोकतंत्रीकरण और नागरिकों के सशक्तिकरण में उल्लेखनीय भूमिका निभाई है। इस माध्यम ने सामाजिक रूप से हाशिए पर पड़े समुदायों को आवाज़ दी है जिनका मुख्यधारा के समाचार मीडिया में बहुत कम प्रतिनिधित्व था या वे अनुपस्थित थे। सोशल मीडिया ने नागरिकों को सरकारों और प्रशासन की जवाबदेही सुनिश्चित करने का एक साधन प्रदान किया है।'' सोशल मीडिया पर सभी को अपनी बात कहने की आज़ादी है। कोई भी किसी भी चीज को समाचार कह सकता है। और हर कोई किसी भी चीज को फर्जी खबर कह सकता है, ट्रोल कर सकता है। कोई नहीं जानता कि किस पर विश्वास किया जाए, किस पर भरोसा किया जाए। सोशल मीडिया समाज को आभासी जगत में ले जाता है। मुख्यधारा के भौतिक मीडिया के विपरीत सोशल मीडिया मनोवैज्ञानिक कनेक्शन पर काम करता है। संदेश इस तरह से तैयार किए जाते हैं कि वे भावनाओं को छूते हैं। सोशल मीडिया, वास्तव में, बाजार उद्यम हैं। इन उद्यमों का उत्पाद उनके उपयोगकर्ता 'हम लोग' हैं। लोगों को उनके प्लेटफ़ॉर्म पर बनाए रखने के लिए एल्गोरिद्म डिज़ाइन किया जाता है। यदि कोई मोदी विरोधी के रूप में क्लिक करता है, तो एल्गोरिथ्म उसे और अधिक मोदी विरोधी सामग्री दिखलाएगा और इसके विपरीत यदि कोई राहुल गांधी विरोध का संकेत देता है तो उसे एल्गोरिद्म वैसी सामग्री परोसेगा। इस प्रकार लोगों के पूर्वाग्रहों की पुष्टि होती है और कृत्रिम बुद्धिमत्ता का उपयोग करके दूसरों के प्रति घृणा को बढ़ाया जाता है। सोशल मीडिया का उदय शासन प्रणाली, विशेष रूप से इसकी संस्थाओं, में विश्वास के संकट के साथ हुआ है। एक के बाद एक बड़े वित्तीय घोटालों के साथ मीडिया में लोगों के विश्वास में दीर्घकालिक गिरावट आई है। इसका मतलब है कि जिन बुनियादी संस्थानों पर लोकतंत्र आधारित है, उन्हें बदनाम किया जाता है। परिणामस्वरूप हम लोकलुभावन जननायकों और राष्ट्रवादी जननायकों का उदय देखते हैं।

**बीसवीं सदी के दौरान लंबे समय तक प्रिंट मीडिया और बाद में प्रसारण मीडिया ने समाज और राजनीति को आकार दिया। डिजिटल मीडिया जिसे विशेषज्ञों ने मुक्ति-मीडिया के रूप में देखा वह जिस धमाकेदार तरीके से आया, उसने अचानक पुराने संतुलन को बिगाड़ कर रख दिया है। अब हम सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म की सामाजिक रूप से विनाशकारी भूमिका के खिलाफ आवाजें सुन रहे हैं।**

पुस्तक वॉर इन 140 कैरेक्टर्स: हाउ सोशल मीडिया इज रीशेपिंग कॉन्फ्लिक्ट इन द ट्वेंटी फर्स्ट सेंचुरी के लेखक डेविड पैट्रिकर्कस कहते हैं कि, ''जितना अधिक संदेह आप लोगों के मन में सभी सूचनाओं के प्रति जगा सकते हैं उतना ही सत्य को पहचानने की उनकी प्रवृत्ति को कमजोर कर सकते हैं। इसका उद्देश्य पुराने युग के राजनेताओं की तरह सत्य को तोड़-मरोड़ कर पेश करना नहीं है, बल्कि इस धारणा को ही खत्म करना है कि कोई वस्तुनिष्ठ सत्य मौजूद है।'' अब सवाल उठ रहे हैं कि क्या हमारा यह विश्वास कि इंटरनेट और डिजिटल मीडिया तकनीक हमें स्वतंत्रता के एक नए युग में ले जाएगी, अब भी सच हो सकता है? मगर अनेकों को लगता है कि ''लोकतांत्रिक बदलाव के लिए आशावादी दृष्टिकोण'' जो कभी डिजिटल मीडिया के क्षेत्र में निहित था, उसमें से बहुत कुछ खो गया है और अब एक गहरी निराशावादिता छा गई है। नागरिक जीवन पर डिजिटल मीडिया के सभी रूपों के दीर्घकालिक प्रभाव के बारे में गहन अनिश्चितता प्रतीत होती है, विशेष रूप से सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म के लिए, जो कई लोगों के लिए आभासी की जगह वास्तविक बन गए हैं। कुछ समाजशास्त्री इसे एक समस्याग्रस्त पहलू मानते हैं कि किस प्रकार डिजिटल मीडिया अपना स्वरूप बदल रहा है, जनमत का निर्माण किस प्रकार हो रहा है तथा उदार लोकतंत्रों की नागरिक संस्कृति किस प्रकार विकसित हो रही है। बीसवीं सदी के दौरान लंबे समय तक प्रिंट मीडिया और बाद में प्रसारण मीडिया ने समाज और राजनीति को आकार दिया। डिजिटल मीडिया जिसे विशेषज्ञों ने मुक्ति-मीडिया के रूप में देखा वह जिस धमाकेदार तरीके से आया, उसने अचानक पुराने संतुलन को बिगाड़ कर रख दिया है। अब हम सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म की सामाजिक रूप से विनाशकारी भूमिका के खिलाफ आवाजें सुन रहे हैं। कुछ टिप्पणीकार 'निगरानी पूंजीवाद' पर आधारित सोशल मीडिया की एकाधिकार शक्ति की बात करते हैं। राजनीतिक समूहों और कॉर्पोरेट संगठनों द्वारा उनका उपयोग और दुरुपयोग खुलेआम हो रहा है। हम एक ऐसे चरण में पहुंच गए हैं जहां हमारा नफरत और असहिष्णुता के प्रसार में सोशल मीडिया की भूमिका के बारे में चिंतित होना स्वाभाविक है। इसलिए, लोगों को, विशेष रूप से मीडियाकर्मियों को, अस्वस्थ सूचना वातावरण से दूर रहकर वास्तविक सूचना स्त्रोतों से जुड़े रहने, सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे संदेशों पर अनजाने में विश्वास न करने और वास्तविक पुस्तकों को भौतिक रूप में पढ़ने के लिए शिक्षित करने की आवश्यकता है।

**-अतिथि संपादक,**
**राजेन्द्र बोड़ा**
**( वरिष्ठ पत्रकार एवं विश्लेषक )**

# राजस्थान: जल जीवन मिशन के बावजूद प्यासा का प्यासा



राजेन्द्र मोहन शर्मा

राजस्थान, भारत का सबसे बड़ा राज्य, गंभीर जल संकट से जूझ रहा है। 68 प्रतिशत रेगिस्तानी भूमि और 400 से 600 मिलीमीटर की औसत वार्षिक वर्षा, जो राष्ट्रीय औसत (1,100 मिलीमीटर) से काफी कम है उस पर ऊपर से अंधाधुंध पानी का दोहन और रेत के धोरों पर भ्रष्टाचार की नदियों का अकूत प्रवाह इस संकट की जड़ है। केंद्रीय जल आयोग की 2024 की रिपोर्ट के अनुसार, राज्य में प्रति व्यक्ति पानी की उपलब्धता केवल 900 क्यूबिक मीटर है, जबकि राष्ट्रीय औसत 1,545 क्यूबिक मीटर है।

केंद्रीय भूजल बोर्ड की 2025 की रिपोर्ट बताती है कि राज्य में 295 ब्लॉकों में से 70 प्रतिशत डार्क जोन में हैं, जहाँ भूजल स्तर लगभग 300 मीटर तक नीचे चला गया है। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हाइड्रोलॉजी की 2024 की स्टडी के अनुसार, पिछले दो दशकों में भूजल स्तर में 2 मीटर प्रति वर्ष की दर से गिरावट आई है। लूनी और बनास जैसी नदियाँ गर्मियों में सूख जाती हैं। राजस्थान जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की 2025 की रिपोर्ट के मुताबिक, 70 प्रतिशत तालाब और जलाशय सूख चुके हैं या अतिक्रमण और कचरे की भेंट चढ़ गए हैं। गर्मियों में, जब तापमान 45 से 50 डिग्री सेल्सियस तक पहुँचता है, पेयजल की माँग चरम पर होती है तब हमारे पास पंहुचाने को पानी होता ही नहीं है। राजस्थान जल संसाधन विभाग की 2024 की रिपोर्ट के अनुसार, 80 प्रतिशत हैंडपंप और ट्यूबवेल गर्मियों में सूख जाते हैं। जल बिरादरी की 2024 की रिपोर्ट कहती है कि 60 लाख ग्रामीण परिवार स्वच्छ पेयजल से वंचित हैं। यूनिसेफ की 2024 की स्टडी के मुताबिक, ग्रामीण महिलाएँ और लड़कियाँ अब भी प्रतिदिन 4-6 घंटे पानी लाने में बिताती हैं, जिससे 30प्रतिशत लड़कियाँ स्कूल नहीं जा पातीं। टैंकरों की अनियमित आपूर्ति और 500 रुपये प्रति टैंकर की कीमत गरीब परिवारों के लिए बोझ है। कृषि पर भी जल संकट की गहरी मार पड़ रही है।

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद की 2024 की रिपोर्ट के अनुसार, भूजल दोहन के कारण 35-40 प्रतिशत कृषि उत्पादन में कमी आई है। 40 प्रतिशत कृषि योग्य भूमि बंजर हो चुकी है, खासकर डार्क जोन ब्लॉकों में, जहाँ सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध नहीं है। जब जल जीवन मिशन 2019 में शुरू हुआ था तब 1.07 करोड़ ग्रामीण परिवारों को 2024 तक नल से 55 लीटर प्रति व्यक्ति प्रतिदिन स्वच्छ पेयजल पहुँचाने का लक्ष्य रखा गया था। लेकिन जल शक्ति मंत्रालय की 2025 की प्रगति रिपोर्ट के अनुसार, केवल 60 लाख परिवारों (56प्रतिशत) को ही यह सुविधा मिल सकी है। अब भी राज्य के 17,000 गाँवों में नल का पानी नही है। आदिवासी क्षेत्रों में केवल 29 प्रतिशत घरों में नल का पानी उपलब्ध है। कई जगह पाइपलाइनें बिछाई गईं, लेकिन पानी की आपूर्ति नहीं होती। रखरखाव के लिए फंड की कमी और टूटी पाइपलाइनों ने जल जीवन मिशन को कमजोर किया है।

भ्रष्टाचार ने जल जीवन मिशन को सबसे ज्यादा नुकसान पहुँचाया। कंट्रोलर एंड ऑडिटर जनरल की 2024 की ऑडिट रिपोर्ट के अनुसार, 15,000 करोड़ रुपये के आवंटित फंड में से लगभग 25 प्रतिशत यानी करीब 3,750 करोड़ रुपये भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गए थे । कागजों पर 100ﺯ नल कनेक्शन दिखाए गए, लेकिन कई गाँवों में नल का पानी पंहुचा ही नहीं है। टेंडर प्रक्रिया में पारदर्शिता की कमी रही, और ठेकेदारों ने निम्न गुणवत्ता की सामग्री का उपयोग किया, जिससे पाइपलाइनें जल्दी खराब हो गईं। इससे लागत 30 प्रतिशत तक बढ़ाई गई, फिर भी कार्य अधूरे ही रहे।

जल संरक्षण फाउंडेशन की 2024 की रिपोर्ट के अनुसार, 10 प्रतिशत पाइपलाइन परियोजनाएँ तो केवल कागजों में ही पूरी हुईं। कई जगह पानी की आपूर्ति के लिए पंप या बिजली कनेक्शन नहीं दिए गए, और रखरखाव की कोई व्यवस्था नहीं की गई है। पड़ोसी राज्यों से पानी के समझौते भी आधे-अधूरे हैं। इंदिरा गांधी नहर बीकानेर और जैसलमेर में पंजाब से पानी लाती है, जिससे 15 लाख हेक्टेयर भूमि की सिंचाई होती है। लेकिन राजस्थान जल संसाधन विभाग की 2024 की समीक्षा रिपोर्ट के अनुसार, खराब रखरखाव और चोरी के कारण 30 प्रतिशत पानी बर्बाद हो जाता है। नर्मदा नहर बांसवाड़ा में गुजरात से पानी लाती है, जिससे 2.5 लाख हेक्टेयर भूमि को लाभ होता है, लेकिन गुजरात के साथ विवाद के कारण यहां भी पानी की आपूर्ति अनियमित है। यमुना का पानी अलवर और भरतपुर के लिए है, लेकिन हरियाणा अपर्याप्त पानी छोड़ता है। य

ाद्यपि जल संरक्षण के प्रयासों में कुछ प्रगति अवश्य हुई है। मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान ने 2016 से 2025 तक 2.5 लाख जल संचयन संरचनाएँ, जैसे तालाब, चेक डैम, और एनीकट, बनाए गए हैं। झालावाड़ में कालिसिंध नदी पर बना एक एनीकट 10,000 हेक्टेयर भूमि की सिंचाई कर रहा है। सीकर में रेनवाटर हार्वेस्टिंग को बढ़ावा मिला है। लूनी और बनास जैसी नदियों के पुनर्जनन के लिए छोटे चेक डैम बनाए जा रहे हैं। लेकिन ये प्रयास विशाल संकट के सामने नाकाफी हैं। इस संकट से निपटने के लिए ठोस कदमों की आवश्यकता है। भ्रष्टाचार रोकने के लिए डिजिटल मॉनिटरिंग और तृतीय-पक्ष ऑडिट अनिवार्य हों। टेंडर प्रक्रिया को ऑनलाइन और प्रतिस्पर्धी बनाया जाए। सूखे तालाबों और जलाशयों के पुनर्जनन के लिए राज्य-स्तरीय अभियान शुरू हो, और वाटर बाडीज एरिया में अतिक्रमण हटाने के लिए सख्त कानून लागू हों। डार्क जोन ब्लॉकों में ट्यूबवेल ड्रिलिंग पर प्रतिबंध लगे और रेनवाटर हार्वेस्टिंग को पूरे राज्य में अनिवार्य किया जाए। भूजल रिचार्ज के लिए बड़े पैमाने पर चेक डैम और तालाब बनाए जाएँ।

पड़ोसी राज्यों के साथ पानी के समझौतों के लिए अंतर-राज्यीय समन्वय समिति बने। इंदिरा गांधी नहर की मरम्मत और पानी की चोरी रोकने के लिए निगरानी बढ़े। स्थानीय समुदायों को जल संरक्षण में शामिल किया जाए, और स्कूलों में जल प्रबंधन पर पाठ्यक्रम शुरू हों। ड्रिप इरिगेशन और स्मार्ट वाटर मीटरिंग जैसी तकनीकों को बढ़ावा मिले। जल जीवन मिशन के लिए 2025-26 में 74,226 करोड़ रुपये का बजट है, लेकिन बिना भ्रष्टाचार पर लगाम और कार्यान्वयन में सुधार के यह राशि भी अपर्याप्त साबित होगी। राजस्थान का जल संकट केवल पानी की कमी नहीं, बल्कि जीवन और आजीविका की चुनौती है। इसे हल करने के लिए सरकार, समाज, और नागरिकों को एकजुट होकर मिशनरी दृष्टिकोण अपनाना होगा।

**राजेन्द्र मोहन शर्मा,**
**साहित्यकार, शिक्षाविद और चिन्तक**

## धर्म गुरूओं को बाल विवाह मुक्त अभियान में जोड़ा

- **बाल विवाह मुक्त भारत की दिशा में बढ़ाया कदम, झुंझुनूं में अभियान का शुभारंभ किया**

**झुंझुनूं,** (निसं)। अक्षय तृतीया पर होने वाले अबूझ सावे पर बाल विवाह को रोकने के लिए सामाजिक संस्थाओं ने धर्मगुरूओं को अभियान से जोड़ते हुए उनसे अपील की है कि वे किसी भी नाबालिग की शादी ना करवाएं। झुंझुनूं में इस अभियान का शुभारंभ किया गया।

राजस्थान महिला कल्याण मंडल की जिला प्रभारी चेतना शर्मा ने इस अभियान की जानकारी देते हुए बताया कि जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन तथा एक्सेस टू जस्टिस परियोजना के तहत राजस्थान महिला कल्याण मंडल ने ना केवल झुंझुनूं, बल्कि चूरू, नागौर, अजमेर, डीडवाना-कुचामन और बीकानेर में इस अभियान की शुरूआत की है। झुंझुनूं को बाल विवाह मुक्त बनाने की दिशा में पिछले दो सालों से काम किया जा रहा है। जागरूकता से काफी बाल विवाह रूकवाए भी गए हैं, लेकिन जब तक इस अभियान में धर्मगुरू शामिल नहीं होंगे, यह अभियान पूर्ण सफल नहीं हो सकता। इसलिए अब इस अभियान में धर्मगुरूओं को शामिल करते हुए संकल्प लिया गया है कि 2030 तक बाल विवाह मुक्त भारत में झुंझुनूं और राजस्थान भी अपना पूरा सहयोग देगा। उन्होंने बताया इस अभियान के तहत अब धर्मगुरूओं द्वारा भी लोगों को बाल विवाह ना करने के लिए जागरूक किया जाएगा।

## अपहृत बालिका को दस्तयाब किया

**सुलताना,** (निसं)। लापता बच्चों को ढूंढने के लिए राजस्थान पुलिस ने खुशी-9 अभियान चलाया हुआ है, जिसके तहत झुंझुनूं की सुलताना पुलिस ने एक नाबालिग बालिका को करीब 700 किलोमीटर तक पीछाकर कोटा के रानपुर से दस्तयाब किया। दर्ज हुए मामले में अनुसंधान के बाद नाबालिग का अपहरण करने वाले आरोपी को भी सुलताना पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

सुलताना एसएचओ रविंद्र कुमार ने बताया कि थाने में एक युवक ने मामला दर्ज करवाया था कि उसकी नाबालिग बहन का किसी ने अपहरण कर लिया है। जिसके बाद पुलिस ने सूचना जुटाई और नाबालिग की तलाश में करीब 700 किलोमीटर दूर कोटा के रानपुर तक पहुंची। जहां से नाबालिग को दस्तयाब किया गया। इस मामले में नाबालिग के बयान और परिजनों की रिपोर्ट पर अपहरण का मामला भी दर्ज किया गया था। इस मामले में नाबालिग का अपहरण करने वाले कोटा के रानपुर थाना इलाके के लखावा निवासी नरेश पुत्र गुलाब भाट को भी गिरफ्तार किया गया है।

# मुस्लिम महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में ऐतिहासिक पहल



विजया रहाटकर

भारत में महिला सशक्तिकरण केवल एक सामाजिक पहल नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की नींव है। पिछले लगभग एक दशक से महिलाओं को उनके अधिकार, सम्मान और हिस्सेदारी दिलाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी दिशा में हाल ही में पारित वक्फ (संशोधन) अधिनियम 2025 एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। नैतिकता, ऐतिहासिकता और वैधानिकता के सभी मानकों पर खरा उतरते हुए यह अधिनियम न केवल वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन को पारदर्शी और जवाबदेह बनाएगा, बल्कि मुस्लिम महिलाओं के सामाजिक, आर्थिक और कानूनी सशक्तिकरण का भी मार्ग प्रशस्त करेगा। भारत में वक्फ के पास लाखों एकड़ भूमि होने के बावजूद मुस्लिम महिलाओं के लिए शिक्षा, विधवाओं और तलाकशुदा महिलाओं के कल्याण या अनाथ बच्चों की देखभाल हेतु कोई ठोस व्यवस्था नहीं बन पाई थी। यह अधिनियम इन सभी कमियों को दूर करने की दिशा में एक निर्णायक कदम है।

1. **निर्णय प्रक्रिया में महिलाओं की भागीदारी:-** पहली बार राज्य वक्फ बोर्डों और केंद्रीय वक्फ परिषद में दो मुस्लिम महिलाओं की अनिवार्य भागीदारी सुनिश्चित की गई है। यह नारी सहभागिता की दिशा में ऐतिहासिक पहल है। अब महिलाओं का अनुभव और उनकी प्राथमिकताएं भी नीतियों के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी, जिससे समाज में उनकी स्थिति सुदृढ़ होगी।

2. **महिलाओं के उत्तराधिकार अधिकारों की रक्षा:-** वक्फ-अलाल-औलाद एक ऐसी व्यवस्था है जिसमें संपत्ति को परिवार के लिए समर्पित किया जाता है। पहले, इस व्यवस्था में कई बार महिलाओं के उत्तराधिकार अधिकारों की अनदेखी होती थी, सिर्फ घर के पुरुषों को ही उत्तराधिकार का लाभ मिलता था। वक्फ-अलाल-औलाद में नई व्यवस्था के तहत अब महिलाओं के उत्तराधिकार अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित की गई है। संशोधित अधिनियम महिलाओं को भी पारिवारिक संपत्ति में उनका उचित अधिकार दिलाता है, जिससे उनकी आर्थिक स्वतंत्रता को मजबूती मिलेगी। आर्थिक रूप से सशक्त महिला में सुरक्षा व सम्मान की भावना अधिक होती है।

3. **वंचितों के लिए आर्थिक सहायता:-**अब वक्फ की आय का उपयोग विधवाओं, तलाकशुदा महिलाओं और अनाथ बच्चों के कल्याण हेतु भी किया जा सकेगा। इससे उन्हें आवश्यक आर्थिक और सामाजिक सुरक्षा प्राप्त होगी।

4. **पारदर्शिता और तकनीकी सशक्तिकरण:-**डिजिटल तकनीकों के उपयोग और ऑनलाइन पोर्टलों की स्थापना से महिलाएं अपनी संपत्तियों और कानूनी अधिकारों से जुड़ी जानकारी आसानी से प्राप्त कर सकेंगी। यह पहल उन्हें जागरूक और आत्मनिर्भर बनाएगी।

5. **विभिन्न मुस्लिम समुदायों का प्रतिनिधित्व:-**यह अधिनियम शिया, सुन्नी, बोहरा, अगा खानी समेत सभी मुस्लिम समुदायों की भागीदारी सुनिश्चित करता है, जिससे विविधता और समावेशिता को बढ़ावा मिलेगा।


6. **शिक्षा और स्वास्थ्य तक व्यापक पहुंच:-**वक्फ संपत्तियों के समुचित उपयोग से शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं में निवेश बढ़ेगा, विशेषकर गरीब और वंचित मुसलमानों को लाभ मिलेगा, जिससे जीवन की गुणवत्ता में सुधार होगा।

7. **कानूनी सहायता और सामाजिक कल्याण:-**नया अधिनियम कौशल विकास, माइक्रोफाइनेंस, व्यावसायिक शिक्षा, विधवा पेंशन और मुफ्त कानूनी सहायता जैसे सामाजिक कल्याण कार्यक्रमों का भी विस्तार करेगा। महिलाओं को उत्तराधिकार, पारिवारिक विवादों और घरेलू हिंसा जैसे मामलों में आवश्यक कानूनी सहायता मिल सकेगी।

वक्फ (संशोधन) अधिनियम 2025 न्याय, समानता और सहभागिता के आदर्शों को सशक्त करता है। यह केवल एक कानूनी दस्तावेज नहीं, बल्कि मुस्लिम महिलाओं के सम्मानजनक और सुरक्षित जीवन की दिशा में एक ठोस कदम है। तीन तलाक के विरुद्ध कानून, बिना मेहरम के हज की अनुमति और प्रधानमंत्री शादी शगुन योजना जैसे अन्य कदमों के साथ मिलकर यह अधिनियम मुस्लिम महिलाओं को आत्मनिर्भरता, गरिमा और सम्मान दिलाने का सशक्त माध्यम बनेगा। यह प्रगतिशील पहल स्वागत योग्य है। मुस्लिम बहन वक्फ (संशोधन) अधिनियम 2025 द्वारा मिले अधिकारों और अवसरों का पूरा लाभ उठाकर निश्चित ही सशक्त होंगी। यह समय है बदलाव को अपनाने का, भविष्य को संवारने का और विकसित, समावेशी भारत के निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाने का।

**विजया रहाटकर,**
**( अध्यक्ष, राष्ट्रीय महिला आयोग )**

## राशिफल बुधवार 30 अप्रैल, 2025



पंडित अनिल शर्मा

वैशाख मास, शुक्ल पक्ष, तृतीया तिथि, बुधवार, विक्रम संवत 2082, रोहिणी नक्षत्र सायं 4:18 तक, शोभन योग दिन 12:01 तक, गर करण दिन 2:21 तक, चन्द्रमा आज रात्रि 3:15 से मिथुन राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-मेष, चन्द्रमा-वृष, मंगल-कर्क, बुध-मीन, गुरू-वृष, शुक्र-मीन, शनि-मीन, राहु-मीन, केतु-कन्या राशि में।


आज सर्वार्थ सिद्धि योग सूर्योदय सम्पूर्ण दिन-रात है। रवियोग सायं 4:18 से आरम्भ होगा। भद्रा रात्रि 12:48 से आरम्भ होगी। आज आखातीज, अक्षया तृतीया, श्री मातगी जयन्ती, त्रेता युगादि, क्ल्पादि है। आज वर्षीतप समाप्त होगा और रोहिणी व्रत है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** लाभ अमृत सूर्योदय से 9:09 तक, शुभ 10:46 से 12:24 तक, चर 3:38 से 5:14 तक, लाभ 5:14 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 12:00 से 1:30 तक। सूर्योदय 5:53, सूर्यास्त 6:55


### मेष

आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। संभावित धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। घर-परिवार में धार्मिक-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

### वृष

व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। चलते कार्यों में प्रगति होगी। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा।

### मिथुन

आर्थिक मामलों में परेशानी हो सकती है। धन हानि का भय है। अनावश्यक धन खर्च होगा। व्यावसायिक कार्यों के लिए भागदौड़ रहेगी।

### कर्क

व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी। व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। नौकरीपेशा व्यक्तियों का प्रभाव-प्रभुत्व बढ़ेगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### सिंह


व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। व्यावसायिक अनुबंध प्राप्त होंगे। नवीन कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा।

### कन्या

नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। शुभ-मांगलिक कार्यों में भाग ले सकते हैं।

### तुला

चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। व्यावसायिक परेशानियां अभी यथावत बनी रहेगी। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। आज बनते कार्य बिगड़ सकते हैं।


### वृश्चिक

परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। व्यावसायिक आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।


### धनु

स्वास्थ्य संबंधित चिन्ता दूर होगी। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। विवादित मामलों से राहत मिलेगी। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा।

### मकर

व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक कार्यों से संबंधित वार्ता सफल रहेगी। नवीन कार्यों में उचित सफलता मिलेगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### कुंभ

घर-परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। परिवार में महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

### मीन

परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

# भजनों से किया भगवान परशुरामजी का गुणगान





भगवान परशुराम के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में मंगलवार को विद्याधर नगर के परशुराम सर्किल पर विभिन्न कार्यक्रम हुए। सजे-धजे हाथी, ऊंट, घोड़े, बैंडवादन और लवाजमे के साथ भगवान परशुरामजी की शोभायात्रा निकाली गई जिसमें लागों ने जयकारों के साथ नाच-गाकर आनंद लिया।

भजनों से किया भगवान परशुरामजी का गुणगान

विद्याधर नगर के परशुराम सर्किल पर हुए विभिन्न कार्यक्रम

जयपुर। भगवान परशुराम के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में मंगलवार को विद्याधर नगर के परशुराम सर्किल पर विभिन्न कार्यक्रम हुए। सुबह वेद मंत्रोच्चार के साथ पंचामृत अभिषेक कर फूलों से श्रृंगार किया गया। इसके बाद सामूहिक रूप से सुंदरकांड के पाठ किए गए। पाठ के बाद भजनों से भगवान परशुरामजी का गुणगान किया गया। शाम को जयकारों के साथ संगीतमय महाआरती की गई।

कार्यक्रम से जुड़े विरेंद्र शर्मा और गोपाल शर्मा ने बताया कि उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी, सांसद मंजू शर्मा, सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा, हवामहल विधायक बालमुकुंदाचार्य सहित अनेक जन प्रतिनिधियों और अनेक गणमान्य लोगों ने सैंकड़ों दीपकों से भगवान परशुरामजी की महाआरती की। इसके बाद सजेधजे हाथी, ऊंट, घोड़े, बैंडवादन और लवाजमे के साथ भगवान परशुरामजी की शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में 1100 से अधिक महिलाएं एक ही रंग की साड़ी पहनकर सिर पर कलश लेकर मंगल गीत गातीं हुईं चल रहीं थीं। वहीं युवाओं की टोली वाहन रैली के रूप में जयकारे लगाते हुए साथ चल रही थीं। शेष सभी लोग हाथों में भगवान परशुराम जी की भगवा पताका और विशाल ध्वज लहराते हुए और जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। फूलों से सजे रथ में विराजमान भगवान परशुरामजी की जगह-जगह आरती उतार कर स्वागत किया गया। ब्राह्मण समाज के वयोवृद्ध लोगबग्घियों में सवार होकर शोभायात्रा को निहार रहे थे। मार्ग में कई स्थानों पर पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया गया। अलका सिनेमा, सीकर रोड, मुरलीपुरा सर्किल, केडिया पैलेस चौराहा होते हुए शोभायात्रा रामेश्वरधाम मुरलीपुरा स्थित श्री गौड़ विप्र समाज भवन पहुंची। यहां पुष्प वर्षा और जयकारों के साथ शोभायात्रा का स्वागत किया गया। इसके बाद भोजन प्रसादी हुई।

बिड़ला सभागार में भगवान परशुराम का जन्मोत्सव आज

भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर 30 अप्रैल को विभिन्न ब्राह्मण संगठनों की ओर से अभिषेक-पूजन और महाआरती के आयोजन होंगे। विभिन्न ब्राह्मण संगठनों की ओर से सामूहिक रूप से दोपहर बारह बजे से स्टेच्यू सर्किल स्थित बिड़ला सभागार में भगवान परशुराम जी का जन्मोत्सव मनाया जाएगा। प्रदेश स्तरीय आयोजन के मुख्य अतिथि लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला, विशिष्ट अतिथि राज्य सभा सदस्य घनश्याम तिवाड़ी, सांसद मंजू शर्मा, सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा, हवामहल विधायक बालमुकुंदाचार्य होंगे। पूजा-अर्चना के बाद सभी उपस्थित लोगों को देश से आतंक से उन्मूलन करने कासंकल्प कराया जाएगा। प्रारंभ में पहलगाम आतंकी हमले में जान गंवाने वाले लोगों को श्रद्धांजलि दी जाएगी। विप्र महासभा के संस्थापक सुनील उदेईया ने बताया कि समारोह में प्रदेश के करीब बीस संगठन एक साथ भगवान परशुराम का पूजन करेंगे।

राजस्थान ब्राह्मण महासभा की ओर से विद्याधर नगर सेक्टर चार स्थित भगवान परशुराम भवन में जन्मोत्सव पर पूजा-अर्चना की जाएगी। मुख्य अतिथि महासभा के अध्यक्ष केसरी भंवर लाल शर्मा होंगे। महासभा की सभी इकाइयों की ओर से उनके कार्यालयों पर जन्मोत्सव मनाया जाएगा। राजस्थान गौड़ महासभा की ओर से इसी परिसर स्थित कार्यालय में सादगी पूर्वक जन्मोत्सव मनाया जाएगा। पहलगाम हमले के कारण महासभा ने जन्मोत्सव को धूमधाम से नहीं मनाने का निर्णय लिया था। सर्व ब्राह्मण महासभा ने रेलवे स्टेशन स्थित भगवान परशुराम सर्किल पर पूजा-अर्चना और महाआरती का आयोजन करेगी। ब्राह्मण समाज राजस्थान की ओर से सीकर रोड ढहर के बालाजी कार्यालय पर जन्मोत्सव मनाया जाएगा। अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा, औदीच्य ब्राह्मण महासभा, गौड़ विप्र समाज सहित अनेक ब्राह्मण संगठनों की ओर से भगवान परशुराम जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा।

स्वेज फार्म स्थित सिद्धेश्वर हनुमान मंदिर में बुधवार को भगवान परशुराम की महाआरती होगी। स्वामी अवधेशाचार्य महाराज के सान्निध्य में होने वाले कार्यक्रम में मालवीयनगर विधायक कालीचरण सराफ और सिविल लाइंस गोपाल शर्मा सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहेंगे।



उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी सहित अनेक जन प्रतिनिधियों और अनेक लोगों ने सैंकड़ों दीपकों से भगवान परशुरामजी की महाआरती की।


## आम सूचना

**मेरा अभिभाष्य श्री छुट्टन कुरेशी पुत्र अब्दुल रहमान जाति मुसलमान आयु 71 साल, जाति मुसलमान निवासी 68, मेहनत नगर, मक्का मस्जिद के पास, हटवाड़ा, हसनपुरा, जयपुर (राज.) का रहने वाला है। निजामुद्दीन कुरेशी उर्फ बबलू भाई पुत्र छुट्टन कुरेशी आयु 46 साल, जाति मुसलमान निवासी** 68, मेहनत नगर, मक्का मस्जिद के पास, हटवाड़ा, हसनपुरा, जयपुर (राज.) मेरे अभिभाष्य के पुत्र एवं नगीना पत्नी इकबाल कुरेशी मेरे अभिभाष्य की पुत्री है। मेरे अभिभाष्य के मालिकाना हक की एक दुकान नं. 27 सिंह भूमि, खातीपुरा, जयपुर (राज.) में स्थित है, जिसकी साइज 15x40 है, जो कि निर्माणशुदा है, पर मेरा अभिभाष्य काबिज है, जिसके संबंध में निजामुद्दीन एवं नगीना दोनों के हक में एक पारिवारिक समझौता पत्र दिनांक 09.12.2024 को तहरीर किया था और तय पाया था कि यह दोनों मेरे अभिभाष्य की रिहायश में बाधा नहीं डालेंगे और हैरान व परेशान नहीं करेंगे। निजामुद्दीन एवं नगीना मेरे अभिभाष्य की सेवा सुश्रुषा भी नहीं कर रहे हैं और प्रताड़ित कर रहे हैं। इस कारण से मेरा अभिभाष्य पारिवारिक समझौता बंटवारा पत्र जरिए नोटिस दिनांक 24.03.2025 से निरस्त कर निजामुद्दीन एवं नगीना को दुकान के हक व अधिकार से वंचित कर दिया है, भविष्य में इनको दुकान नं. 27 के संबंध में कोई हक व अधिकार नहीं रहेगा। यदि उक्त पारिवारिक समझौता पत्र/बंटवारा के आधार पर ये दोनों किसी व्यक्ति से कोई संव्यवहार करते हैं तो अमान्य रहेगा, सनद रहे। दिनांक : 29.04.2025

(महेन्द्र कुमार सामरिया, एडवोकेट, राजस्थान उच्च न्यायालय)

## आम सूचना

**मेरा अभिभाष्य श्री छुट्टन कुरेशी पुत्र अब्दुल रहमान जाति मुसलमान आयु 71 साल, जाति मुसलमान निवासी 68, मेहनत नगर, मक्का मस्जिद के पास, हटवाड़ा, हसनपुरा, जयपुर (राज.) का रहने वाला है। मेरे अभिभाष्य के मालिकाना हक का एक आवासीय प्लॉट उपरोक्त पते पर** स्थित है। प्लॉट नं. 68 पूर्ण तामीरातशुदा है, के संबंध में मेरे अभिभाष्य ने निजामुद्दीन हक में एक पारिवारिक बंटवारा/समझौता पत्र दिनांक 09.12.2024 को तहरीर एवं तकमील किया गया था और यह तय पाया गया था कि निजामुद्दीन मेरे अभिभाष्य के द्वितीय मंजिल के रिहायश में किसी प्रकार की बाधा कारित नहीं करेंगे और ना ही हैरान व परेशान करेंगे, परंतु निजामुद्दीन द्वारा मेरे अभिभाष्य को नाजायज हैरान व परेशान करना प्रारंभ कर दिया है और निजामुद्दीन मेरे अभिभाष्य की सेवासुश्रुषा भी नहीं कर रहे हैं एवं उसके उक्त कृत्य से मेरा अभिभाष्य काफी दुखी है, इस कारण से निजामुद्दीन के पक्ष में किया गया पारिवारिक समझौता पत्र बंटवारा जरिये नोटिस दिनांक : 24.03.2025 को निजामुद्दीन को सूचित कर निरस्त कर दिया है। निजामुद्दीन को समझौता पत्र के माध्यम से जिन-जिन संपत्तियों का उपयोग एवं उपभोग का अधिकार प्रदान किया गया था, उसका पारिवारिक समझौता पत्र के आधार पर संपत्ति के संबंध में कोई हक व अधिकार नहीं रहेगा, बावजूद इसके निजामुद्दीन पारिवारिक समझौते के आधार पर किसी दीगर व्यक्ति से कोई सम्यवहार करता है तो वह अमान्य रहेगा, सनद् रहे। दिनांक : 29.04.2025

(महेन्द्र कुमार सामरिया, एडवोकेट, राजस्थान उच्च न्यायालय)


## अल्ट्रासाउंड कोर्स में प्रदेश के बाहर से एमबीबीएस करने वालों से भेदभाव क्यों : हाईकोर्ट

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने चिकित्सा शिक्षा सचिव और नीट पीजी काउन्सलिंग बोर्ड के चेयरमैन को नोटिस जारी कर पूछा है कि पीसीपीएनडीटी के तहत छह माह के अल्ट्रासाउंड ट्रेनिंग कोर्स में प्रवेश के लिए प्रदेश के बाहर से एमबीबीएस करने वाले चिकित्सकों के साथ भेदभाव क्यों किया जा रहा है। जस्टिस समीर जैन ने यह आदेश डॉ. सुप्रिया कुमार गुप्ता की ओर से दायर याचिका पर प्रारंभिक सुनवाई करते हुए दिए।

याचिका में अधिवक्ता तनवीर अहमद ने अदालत को बताया कि पीसीपीएनडीटी के तहत छह माह का अल्ट्रासाउंड ट्रेनिंग कोर्स कराने के लिए गत 22 अप्रैल को नीट पीजी काउंसलिंग बोर्ड ने विज्ञापन जारी कर आवेदन मांगे गए है। जिसमें प्रावधान किया गया कि पहले राउंड में प्रदेश की मेडिकल कॉलेज से एमबीबीएस करने वाले चिकित्सकों और सेवारत डॉक्टरों को ही शामिल किया जाएगा। वहीं यदि इसके बाद सीटें रिक्त रही तो दूसरे और बाद में राउंड में प्रदेश के बाहर से एमबीबीएस करने वालों को मौका दिया जाएगा। इसके चुनौती देते हुए कहा गया कि नेशनल मेडिकल कमीशन देश में कहीं से भी एमबीबीएस करने वाले चिकित्सकों को योग्यता के आधार पर एक समान मानता है। ऐसे में इस कोर्स में प्रवेश के लिए याचिकाकर्ता के साथ स्थान के आधार पर भेदभाव नहीं किया जा सकता। पीसीपीएनडीटी नियम, 2014 के तहत नीट पीजी के अंकों के आधार पर इस कोर्स में प्रवेश का प्रावधान है। वहीं विज्ञापन की यह शर्त संविधान के अनुच्छेद 14 के तहत समानता के सिद्धांत के भी खिलाफ है। याचिकाकर्ता ने गुजरात से एमबीबीएस किया है और नेशनल मेडिकल कमीशन उसे मान्यता देता है। इसके बावजूद उसे प्रदेश से एमबीबीएस करने वालों के साथ प्रथम राउंड की काउंसलिंग में शामिल होने क अनुमति नहीं देना मनमाना है। जिस पर सुनवाई करते हुए एकलपीठ ने संबंधित अधिकारियों से जवाब तलब किया है।

## तस्कर को बीस साल की सजा

**जयपुर।** एनडीपीएस मामलों की विशेष अदालत ने गांजा तस्करी करने वाले अभियुक्त नौशाद खान को बीस साल की सजा सुनाई है। इसके साथ ही अदालत ने अभियुक्त पर दो लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया है। वहीं अदालत ने अभियुक्त की पत्नी को संदेह का लाभ देते हुए बरी किया है। अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक ने अदालत को बताया कि पुलिस ने भट्टा बस्ती थाने में 28 जुलाई, 2018 को एफआईआर दर्ज की थी। जिसमें कहा गया कि मादक पदार्थ तस्करी करने करने वाला नौशाद भट्टा बस्ती थाना क्षेत्र में 27 जुलाई, 2018 की रात गांजे की तस्करी कर रहा था। पुलिस ने उसके कब्जे से 20 किलो गांजा उसकी पत्नी की कार से जब्त किया था। पुलिस ने अनुसंधान के बाद अभियुक्त और उसकी पत्नी के खिलाफ अदालत में आरोप पत्र पेश किया।

## श्रीपरशुराम ज्ञानपीठ में, संगीतमय राजोपचार पूजा

**जयपुर।** विप्र फाउंडेशन के नव निर्मित श्रीपरशुराम ज्ञानपीठ में भगवान श्रीपरशुराम की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के तहत आज सोमवार को संगीतमय राजोपचार पूजा में यजमानों के साथ पूर्व विधानसभा डॉक्टर सी.पी. जोशी, हरियाणा कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष जितेंद्र भारद्वाज, विधायक गोपाल शर्मा, पूर्व विधायक अभिनेष महर्षि, भाजपा उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच, पूर्व आईपीएस लक्ष्मण गौड,मुख्यमंत्री के ओएसडी दिनेश शर्मा, भाजपा प्रवक्ता नरेंद्र कटारा, आरएएस लक्ष्मी कांत कटारा, संयुक्त निदेशक सूचना रजनीश शर्मा,आरपीएस उज्जवल शर्मा, अनिल शर्मा, संजय शर्मा, सीआई कविता शर्मा, स्वास्थ्य निदेशक रवि प्रकाश शर्मा,डॉक्टर राजेश शर्मा, संयुक्त निदेशक डॉक्टर ओम प्रकाश शर्मा, डॉक्टर प्रदीप शर्मा, पार्षद अंशु शर्मा , वरिष्ठ पत्रकार मोहन शर्मा , महेश शर्मा, हरीश पराशर सहित बड़ी संख्या में समाज बंधुओं ने भागीदारी निभाई। हवन अनुष्ठान में यजमानों में मुख्य यजमान राधेश्याम शर्मा गुरुजी, एसोसिएट एंड रोड कैरियर लिमिटेड के निदेशक बनवारी लाल सोती कोलकाता, भाजपा नेता परमेश्वर शर्मा सालासर, व्यवसाई सौरभ राधेश्याम सिखवाल उदयपुर, कृष्ण मुरारी चतुर्वेदी कोटा, सुनील मिश्रा सरदारशहर, युवा के मनोज पांडेय , अशोक शर्मा भँवरपुर एवं जयपुर जिलाध्यक्ष महेन्द्र कुमार शर्मा ने पूजन हवन में सपत्नीक आहुतियां दी। विप्र फाउंडेशन के संस्थापक सुशील ओझा, केंद्रीय परियोजना समिति के चेयरमैन महावीर प्रसाद शर्मा, परमेश्वर शर्मा, पवन पारीक, मुकेश काका, प्यारेलाल शर्मा आदि ने अतिथियों का स्वागत किया और पूजा के बाद भवन का अवलोकन करवाया।भगवान श्रीपरशुराम की शादी चार फीट की मूर्ति की आज प्राण प्रतिष्ठा होगी।

## अंबेडकर जिस वर्ग के उसे कांग्रेस ने दलित माना जबकि भाजपा ने ललित : राजे

**जयपुर/इंदौर।** पूर्व सीएम वसुन्धरा राजे ने कहा है कि अंबेडकर जिस वर्ग के हैं, उस वर्ग को कांग्रेस ने दलित माना, जबकि भाजपा ने ललित। ललित मतलब सुंदर।उन्होंने कहा कि अंबेडकर कहते थे हिम्मत इतनी बड़ी रखो कि किस्मत भी छोटी लगने लगे।वे इंदौर के रविन्द्र नाट्यय गृह में आयोजित डॉ. भीम राव अंबेडकर सम्मान अभियान सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रही थी जिसमें एमपी के सीएम डॉ.मोहन यादव भी मौजूद थे।

उन्होंने कहा कांग्रेस ने बाबा साहब का दाह संस्कार दिल्ली में नहीं होने दिया। उनके परिजनों को बॉम्बे में दाह संस्कार करना पड़ा। उनके सरकारी आवस को प्रधानमंत्री नेहरू ने राष्ट्रीय स्मारक नहीं बनाया। यह मोदी ने किया।बाबा साहब को भारतरत्न कांग्रेस ने नहीं,अटल के प्रयास से वीपी सिंह सरकार ने दिया। मोदी जी ने सुप्रीमकोर्ट में बाबा साहेब की प्रतिमा स्थापित की।

## पूरा बीमा क्लेम नहीं देने पर इंश्योरेंस कंपनी पर 1.15 लाख का हर्जाना

**जयपुर।** जिला उपभोक्ता आयोग, द्वितीय ने बीमा क्लेम की राशि का पूरा भुगतान नहीं करने पर हेल्थ एंड एलाइड इंश्योरेंस कंपनी पर 1.15 लाख रुपए का हर्जाना लगाया है। इसके साथ ही रोकी गई करीब 5.43 लाख रुपए की राशि भी एक माह में लौटाने के आदेश दिए हैं। आयोग अध्यक्ष ग्यारसी लाल मीना और सदस्य हेमलता अग्रवाल ने यह आदेश इंदु तिवाडी की ओर से दायर परिवाद पर दिए।

परिवाद में कहा गया कि परिवादी और उसके पति ने विपक्षी बीमा कंपनी से अपनी बीमा पॉलिसियों का नवीनीकरण कराया था। परिवादी के पति की 15 दिसंबर, 2021 को तबीयत खराब होने पर निजी अस्पताल में दिखाया गया। जहां पता चला कि उनकी दोनों किडनी खराब हो चुकी है। ऐसे में उनकी किडनी प्रत्यारोपण का निर्णय लिया गया। परिवाद में कहा गया कि 15 दिसंबर से लेकर 8 नवंबर, 2023 उनके पति अस्पताल में भर्ती रहे और आखिर में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। वहीं परिवादी की ओर से बीमा कंपनी के समक्ष इलाज में खर्च हुए 28.40 लाख रुपए के बिल पुनर्भरण के लिए पेश किए। बीमा कंपनी में इसमें से करीब 23 लाख रुपए का ही पुनर्भरण किया और शेष करीब 5.43 लाख रुपए का पुनर्भरण नहीं किया और ना ही इस राशि को रोकने का कोई कारण बताया। ऐसे में परिवादी की ओर से बीमा पॉलिसी की प्रीमियम राशि के साथ ही रोकी गई बीमा राशि व मानसिक संताप के लिए हर्जाना दिलाया जाए। इसके जवाब में बीमा कंपनी की ओर से कहा गया कि वह बीमा पॉलिसी की शर्तो के तहत समस्त भुगतान कर चुकी है। इसके अलावा शर्तो के तहत इस संबंध में शिकायत की सुनवाई मध्यस्थता के जरिए ही हो सकती है और उपभोक्ता आयोग को सुनवाई का अधिकार नहीं है। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद अदालत ने बीमा कंपनी पर हर्जाना लगाते हुए रोकी गई बीमा राशि लौटाने के आदेश दिए हैं।

## डॉ. रेड्डीज़ और सनोफी हेल्थकेयर ने बेफ़ोर्टस लांच करने के लिए साझेदारी की

**जयपुर।** विश्व टीकाकरण सप्ताह के अवसर पर, एक वैश्विक फार्मास्युटिकल कंपनी, डॉ. रेड्डीज़ लैबोरेट्रीज़ लिमिटेड ने सनोफी हेल्थकेयर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ("एसएचआईपीएल") के साथ अपनी रणनीतिक साझेदारी का विस्तार किया है ताकि भारत में एक नई दवा, बेफ़ोर्टस (निर्सेविमैब) को पेश किया जा सके। बेफ़ोर्टस में मोनोक्लोनल एंटीबॉडी, निर्सेविमैब, एक प्रीफिल्ड इंजेक्शन के रूप में शामिल है, जो रेस्पिरेटरी सिंकाइटियल वायरस (आरएसवी) निचले श्वसन पथ रोग (एलआरटीडी) की रोकथाम के लिए उपयोग किया जाता है, जो नवजात शिशुओं और पहले आरएसवी सीज़न में जन्म लेने वाले या उसमें प्रवेश करने वाले शिशुओं के लिए है। यह 24 महीने तक के बच्चों को भी दी जाती है, जो अपने दूसरे आरएसवी सीज़न तक गंभीर आरएसवी रोग के प्रति संवेदनशील रहते हैं।

## पंजाब के विकलांगों के लिये जयपुर फुट की स्थापना




शिरोमणि गुरूद्वारा प्रबंध कमेटी श्री अमृतसर के अध्यक्ष हरजिन्दर सिंह धामी ने जयपुर फुट के संस्थापक और मुख्य संरक्षक डी.आर.मेहता, अध्यक्ष सतीश मेहता, गुरू संत रामदास विवि के कुलपति डॉ. मंजीत सिंह उप्पल और जयपुर फुट अमृतसर केंद्र के अध्यक्ष पूर्व राजदूत नवदीन सुरी की उपस्थिति में जयपुर फुट के केंद्र का उद्घाटन किया।

**जयपुर।** अमृतसर में भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति और श्री गुरू रामदास इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड रिसर्च में विश्व प्रसिद्ध जयपुर फुट केंद्र की स्थापना हो गई।

इस स्थापना से पंजाब के विकलांगों को अब कृत्रिम पैर सहजता से अमृतसर में ही लगाये जा सकेंगे और उन्हें जयपुर आने की आवश्यकता नहीं रहेगी। यह जयपुर फुट का देश का 36वां केंद्र हे। शिरोमणि गुरूद्वारा प्रबंध कमेटी श्री अमृतसर के अध्यक्ष हरजिन्दर सिंह धामी ने जयपुर फुट के संस्थापक और मुख्य संरक्षक डी.आर.मेहता, अध्यक्ष सतीश मेहता, गुरू संत रामदास विवि के कुलपति डॉ. मंजीत सिंह उप्पल और जयपुर फुट अमृतसर केंद्र के अध्यक्ष पूर्व राजदूत नवदीन सुरी की उपस्थिति में केंद्र का उद्घाटन किया गया।

उद्घाटन समारोह में धामी ने डी.आर मेहता, सतीश मेहता और पूर्व राजदूत नवदीप सुरी के प्रयासों को सराहा। धामी ने कहा कि इस केंद्र की स्थापना से पंजाब के विकलांगों को बहुत राहत पहुंची है।

डी.आर.मेहता ने अमृतसर जैसी धर्म नगर में जयपुर फुट केंद्र की स्थापना के लिये धन्यवाद दिया। विशेषकर डीन डॉ.ए.पी.सिंह के प्रयासों की प्रशंसा की।

## भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश महामंत्री ने टिकैट के बयान को बताया निंदनीय

**जयपुर।** भाजपा किसान मोर्चा की ओर से तथा कथित किसान नेता नरेश टिकैत के राष्ट्रिवरोधी बयान पर मंगलवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रेसवार्ता की गई। भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश महामंत्री ओपी यादव ने बताया कि टिकैत का बयान देश के आतंकवादी रूपी घाव पर नमक छिड़कने जैसा है। टिकैत ने आतंकी हमले में जान गवाने वाले निर्दोष लोगों का अपमान किया है। उनके बयान से पाकिस्तान प्रेम झलक रहा है।

यादव ने कहा कि भारत सरकार ने कठोर निर्णय लेते हुए पाकिस्तान के साथ राजनीतिक संबंध समाप्त कर दिए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बाघा-अटारी बॉर्डर पर बीटिंग रिट्रीट समारोह को रद्द कर दिया, पाकिस्तानियों के वीजा रद्द कर दिए और उन्हें भारत छोड़ने के लिए निर्देशित तक कर दिया। इसके साथ ही भारत ने सिंधु जल संधि 1960 को तत्काल प्रभाव से निरस्त करने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है। आतंकी हमले में पर्यटकों से धर्म पुछकर गोली मारने वालों का समर्थन करने वाले टिकैत के बयान की जितनी निंदा की जाए, उतनी कम है। किसान मोर्चा देश के किसानों से मांग करता है कि ऐसे राष्ट्रिवरोधी लोगों का बहिष्कार किया जाए। टिकैत को देश से माफी मांगनी चाहिए।

भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश महामंत्री ने कहा कि किसान मोर्चा नरेश टिकैत से पूछना चाहता हैं कि जो देश हमारे निर्दोष नागरिकों की हत्या करवा रहा है।

## 'मुझ पर न्यायालय में दायर अवमानना याचिका को वापिस लेने का दबाब बनाया जा रहा है'

### परेशन होकर मैने मानवाधिकार आयोग का दरवाजा खटखटाया जिसकी सुनवाई 30 अप्रेल को है : सत्यनारायण गुप्ता

■ 'मुझसे पुलिस अधिकारियों द्वारा खाली कागजों पर हस्ताक्षर कराने का प्रयास किया जा रहा है'

**जयपुर।** एसएनजी रियल एस्टेट प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक सत्यनारायण गुप्ता ने कहा कि कुछ समय से पुलिस विभाग के कुछ वरिष्ठ अधिकारी विशेषकर अतिरिक्त पुलिस आयुक्त कुंवर राष्ट्रदीप द्वारा उनके विरूद्ध चिंताचनक और अनैतिक आचरण किया जा रहा है। मुझ पर निरंतर दबाव बनाया जा रहा है कि मैं नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल, जयपुर बैंच में मेरे द्वारा लगाई याचिका 9/241-242/जेपीआर/2022 और अवमानना याचिका 01/425/जेपीआर/2022 को वापस ले लूं। इसके लिये जबरदस्ती खाली कागजों पर हस्ताक्षरों करवाने का निरंतर प्रयास किया जा रहा है।

गुप्ता ने कहा कि इससे पहले भी 19 जनवरी 2022 को पुलिस कमिश्नरेट में तत्कालीन अतिरिक्त पुलिस आयुक्त प्रमोद स्वामी ने खाली कागजों पर हस्ताक्षर कराये जिसकी शिकायत तत्कालीन मैने डीजीपी को ईमेल द्वारा दी थी, किंतु आज तक कोई कार्यवाही नहीं हुई। इसके बाद हस्ताक्षरों का दुरूपयोग कर मुझे मेरी ही कंपनी से हटा दिया गया और कंपनी की संपत्तियों को अवैध रूप से खुर्दबुर्द कर दिया गया।

उन्होंने कहा कि इस घटना का मूल कारण मेरी कंपनी सिल्वर सोइल इंडस्ट्रियल पार्क प्राईवेट लिमिटेड है जिसे मैने वर्ष 2012 में मेरे साझेदार ताराचंद चौधरी थे और पूंजी निवेश के लिये अशोक मुंद्रा को जोड़ा गया। बाद में परियोजना की सफलता पर मुंद्रा ने मुझे हटाने का षड्यंत्र रचा आर मुंद्रा ने प्रमोद स्वामी से मिलीभगत कर मेरे विरूद्ध विद्याधर नगर थाने में चार एफआईआर दर्ज कराई जिनमें बिना किसी प्राथमिक जांच के मात्र कुछ घंटों में एफआईआर दर्ज कर ली गई। इसके बाद तत्काल प्रभाव बनाकर खाली कागजों पर हस्ताक्षर कराने के लिये बाध्य किया गया। इस पर मैने आईसीआईसीआई बैंक में पत्र लिखकर किसी भी वित्तीय छेड़छाड़ रोकने का आग्रह किया और रजिस्ट्रार ऑफ कंपनीज, जयपुर को पत्र लिखकर अवगत कराया कि मुझसे जबरन इस्तीफा लिया गया है। इसके बाद न्यायालय में भी कंपनी याचिका दायर की, जिसमें न्यायालय ने गंभीरता को समझते हुए अंतरिम आदेश पारित कर संपत्ति के हस्तांतरण पर रोक लगा दी। वहीं अशोक मुंद्रा द्वारा दायर दो अपीलें खारिज हो गई, इससे भी मेरे दावे की सच्चाई स्पष्ट हो गई। परंतु ताराचंद व मुंद्रा ने न्यायालय के आदेशों का उल्लंघन करते हुए कंपनी की जमीन को भवानी शंकर सामोता की शेल कंपनी सामोता होल्डिंग्स प्राईवेट लिमिटेड के नाम रजिस्ट्री कर दी, जिसकी अवमानना याचिका मैने दायर की, जो अब विचाराधीन है। अब मुझे और मेरे परिवार को मारने की धमकियां दी जा रही हैं और एक के बाद एक झूठे मामलों में फंसाया जा रहा है।

सत्यनारायण गुप्ता ने कहा कि इन सबसे परेशान होकर मैने 18 मार्च को राजस्थान मानवाधिकार आयोग के समक्ष आईपीएस कुंवर राष्ट्रदीप, राजेश शर्मा और प्रमोद स्वामी के विरूद्ध शिकायत दर्ज कराई, जिस पर 4 अप्रेल को आयोग ने कमिश्नरेट से रिपोर्ट तलब की है और अगली सुनवाई की तिथि 30 अप्रेल को निर्धारित की है।

# दिया कुमारी ने दोरासर के सैनिक स्कूल में गर्ल्स हॉस्टल का लोकार्पण किया

## अच्छा लग रहा है अब सैनिक स्कूल में बेटियां भी पढ़ती है : दिया कुमारी



डिप्टी सीएम दिया कुमारी ने झुंझुनूं के दोरासर गांव स्थित सैनिक स्कूल का दौरा किया।

■ उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी सैनिक स्कूल में छात्राओं को देखकर खुश हुई

**झुंझुनूं, (निसं)।** डिप्टी सीएम दिया कुमारी ने झुंझुनूं जिला मुख्यालय के साथ लगते दोरासर गांव स्थित सैनिक स्कूल में नवनिर्मित गर्ल्स हॉस्टल का लोकार्पण किया। इस मौके पर स्थानीय विधायक राजेंद्र भांबू समेत अन्य जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद थे। इससे पहले स्कूल पहुंचने पर डिप्टी सीएम का स्कूल प्रिंसिपल द्वारा स्वागत किया गया। सैनिक स्कूल में छात्राओं से मिलकर डिप्टी सीएम खुश नजर आई।

उन्होंने कहा कि उन्हें बेहद खुशी है कि अब सैनिक स्कूल में हमारी बेटियां भी पढ़ती है। उन्होंने इस मौके पर बालिका शिक्षा को लेकर भी प्रकाश डाला। डिप्टी सीएम ने हॉस्टल में पौधा लगाया और मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष भी हाथ जोड़े। इस मौके पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए डिप्टी सीएम दिया कुमारी ने कहा कि ना केवल सड़कें, बिजली, पानी, बल्कि टुरिज्म के लिहाज से भी शेखावाटी में डवलपमेंट हो, इसके लिए पूरी सरकार संकल्बद्ध है। यही कारण है कि गत दिनों तपती धूप में तीन दिन के दौरे पर सीएम भजनलाल शर्मा भी आए थे। उन्होंने कहा कि शेखावाटी की हवेलियों को संरक्षित करने का प्लान बनाया जा रहा है। लगातार बैठकें की जा रही है। वहीं वे गुरूवार को फिर शेखावाटी के दौरे पर आएंगी और खाटूश्याम के विकास के लिए केंद्र सरकार ने जो बजट दिया है, उसे लेकर खाटूश्यामजी में ही बैठक होगी और आगे के कार्यों का प्लान तैयार किया जाएगा। इस मौके पर उन्होंने आइफा अवार्ड कार्यक्रम को लेकर भी कहा कि यह कार्यक्रम ऐतिहासिक रहा है। आइफा के दौरान और उसके बाद राजस्थान का टुरिज्म बढ़ा है। आइफा एक विश्व स्तरीय कार्यक्रम है। जिससे राजस्थान को विश्व स्तर पर एक नई पहचान बनी है। एक मैसेज गया है कि इस तरह के आयोजनों के लिए भी राजस्थान सबसे शानदार जगह है।

उन्होंने कहा कि बॉलीवुड कलाकारों ने भी राजस्थान में हुए आइफा अवार्ड की प्रशंसा करते हुए राजस्थान के पर्यटन की जमकर तारीफ की है। आने वाले दिनों में बॉलीवुड की कई सारें फिल्मों की शूटिंग भी राजस्थान में होने वाली है। आइफा, ऐसा कार्यक्रम रहा है। जो दशकों तक राजस्थान की नई पहचान को विश्व स्तर पर प्रदर्शित करेगा।

# लापता युवक का शव मंदिर परिसर में फांसी पर झूलता मिला

## युवक के गले पर चोट के निशान और एक हाथ की नस भी कटी हुई मिली



युवक का फाइल फोटो

■ रजिस्ट्री करने के बाद प्राप्त हुए साढ़े चार लाख रुपये भी गायब थे, रिपोर्ट दर्ज

■ पिता ने आशंका जताई कि उसके बेटे की अज्ञात लोगों ने मारपीट व लूटपाट कर हत्या कर दी

**भीलवाड़ा, (नि.सं.)।** शहर के सदर थाना क्षेत्र में घर से लापता एक युवक का शव मंदिर परिसर में फांसी के फंदे पर झूलता मिला। उसके गले पर चोट के निशान और एक हाथ की नस भी कटी हुई मिली। वहीं रजिस्ट्री करने के बाद प्राप्त हुए साढ़े चार लाख रुपये भी गायब थे। इसे लेकर पिता ने अज्ञात लोगों के खिलाफ लूट के इरादे से बेटे की हत्या करने का शक जाहिर करते हुये रिपोर्ट दी है।

जानकारी के अनुसार कोटड़ी निवासी चुन्नीलाल तेली का बेटा गणेश लाल साहू 28 अप्रैल को भूखंड की रजिस्ट्री कराने के बाद रजिस्ट्रार कार्यालय, कुवाड़ा खान से परिवादी के जीजा रामजस तेली से भूखंड की विक्रय राशि साढ़े चार लाख रुपये लेकर निकला था। अहिंसा सर्किल तक साले जीजा दोनों साथ-साथ आये। अहिंसा सर्किल से गणेश, राशि लेकर बाइक से गांव के लिए रवाना हुआ, जो कोटड़ी नहीं पहुंचा। इसके बाद रामजस ने शाम करीब 5.30 बजे गणेश को फोन किया तो उसने कहा कि कोदूकोटा में बाइक पंक्चर हो गई है। इसके चलते रामजस, कोदूकोटा के लिए रवाना हुआ। वहां पहुंचने पर गणेश की रामजस ने तलाश की, लेकिन वह नहीं मिला। 5.50 बजे दुबारा फोन किया तो फोन बंद मिला। इसके चलते रामजस ने परिवादी के दोहिते नंदकिशोर को फोन कर बताया कि गणेश का फोन बंद आ रहा है। ऐसे में परिवादी व परिजनों ने गणेश की काफी तलाश की, लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला। इसके बाद मंगलवार सुबह करीब 8.30 बजे गणेश के एक मित्र भैंरूलाल तेली के फोन पर किसी ने फोन कर कहा कि गणेश तेली का शव पन्नाजी महाराज की डोहरी, सुवाणा में सगस जी महाराज के स्थान पर फंदे से लटकी हुई है। मोटरसाइकिल व बैग पास में पड़ा है। सूचना पर परिवादी के परिजन मौके पर पहुंचे। शव को फंदे से उतारा तो गले पर धारदार हथियार से चोट लगी हुई थी और एक हाथ की नस भी कटी थी, लेकिन वहां खून नहीं मिला। परिवादी ने आशंका जताई कि उसके बेटे की अज्ञात लोगों ने मारपीट व लूटपाट कर हत्या कर दी और शव को फंदे से लटका दिया। उसके बैग में रखे साढ़े चार लाख रुपये भी गायब है। परिवादी ने हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग की। उधर, सदर सीओ श्याम सुंदर ने बताया कि परिजनों की रिपोर्ट के आधार पर पुलिस मामले की जांच कर रही है। शव, पोस्टमार्टम के बाद परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।

### स्मैक बेचने वाला गिरफ्तार

**उदयपुर, (निसं)।** शहर के सूरजपोल थाना पुलिस ने अवैध स्मैक बेचने वाले को गिरफ्तार किया। जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा, पुलिस उप अधीक्षक महिपालसिंह के सुपरविजन में डीएसटी टीम प्रभारी श्यामसिंह रत्नू, सूरजपोल थानाधिकारी रतनसिंह के नेतृत्व में दल ने हिरणमगरी थानाधिकारी भरत योगी द्वारा स्मैक बेचने के मामले में गिरफ्तार प्रकाश व सुरेश से की गई पूछताछ के आधार पर आरिफ खान को गिरफ्तार किया। आरोपी के खिलाफ पूर्व में तीन प्रकरण दर्ज है।

### अवैध डीजल पंप पकड़ा

**श्रीगंगानगर, (निसं)।** जिले में मुख्यमंत्री के दौरे के बाद सक्रिय हुए जिला प्रशासन ने देर रात्रि मुकलावा थाना क्षेत्र के गांव डाबला में एक अवैध रूप से संचालित डीजल पंप पर बड़ी कार्रवाई की। जिला रसद अधिकारी कविता सिहाग के नेतृत्व में छापेमारी कर भाग्यश्री इन डीजल पंप से 5288 लीटर डीजल जब्त किया गया।

# अधिकारी की चप्पल से पिटाई करने के मामले में कांग्रेस प्रधान निलंबित



निलंबित महिला प्रधान विनोद कुमारी सांगवान

■ खैरथल जिला कलेक्टर की रिपोर्ट पर ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग ने निलंबन के आदेश जारी किए

■ 21 अप्रैल को खैरथल कलेक्ट्रेट में कोटकासिम महिला प्रधान विनोद कुमारी सांगवान ने एक अधिकारी की चप्पल से पिटाई की थी

**खैरथल, (निसं)।** आठ दिन पहले खैरथल की कलेक्ट्रेट में पंचायतराज के जिला अधिकारी की चप्पल से पिटाई करना कांग्रेस पार्टी की कोटकासिम महिला प्रधान विनोद कुमारी सांगवान को भारी पड़ा है। सरकार के ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग जयपुर के अतिरिक्त आयुक्त शासन उप सचिव जांच इंद्रजीत सिंह ने खैरथल-तिजारा जिला कलेक्टर डॉ. किशोर कुमार की रिपोर्ट में दोषी मानते हुए कोटकासिम की प्रधान सांगवान को मारपीट, अभद्र एवं अमर्यादित व्यवहार करने पर निलंबन के आदेश किए हैं। प्रधान निलंबन अवधि में किसी भी पंचायत समिति कार्य में भाग नहीं ले सकेंगी।

यह घटना 21 अप्रैल को उस वक्त की है जब खैरथल तिजारा जिले के जिला सचिवालय खैरथल पर आयोजित दिशा की बैठक में जिले के जनप्रतिनिधि अधिकारियों के अलावा केंद्रीय मंत्री व अलवर सांसद भूपेंद्र यादव पहुंचे थे। बैठक के खत्म होने व कलेक्टर के कक्ष में जिला कलेक्टर सहित अधिकारियों की समझाइश और के बाद कोटकासिम महिला प्रधान विनोद कुमारी सांगवान ने कलेक्टर कक्ष से बाहर निकलकर विकास अधिकारी पंचायत समिति मुंडावर तथा कार्यवाहक अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधकारी संजय यादव की चप्पल से पिटाई कर दी, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। दोनों पक्षों की तरफ से पुलिस में एक दूसरे के खिलाफ शिकायत की गई। घटना के बाद से दोनों तरफ से कार्रवाई के लिए जनप्रतिनिधि और अधिकारी कार्मिक अलग-अलग ज्ञापन देकर एक दूसरे के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर अधिकारियों से मिले। प्रधान सांगवान और अधिकारी के बीच कर्मचारियों को हटाएं जाने को लेकर करीब दो माह से खींचतान चल रही थी। 21 अप्रैल को भी प्रधान ने दिशा की बैठक में अधिकारी के खिलाफ मुद्दा उठाया, लेकिन बैठक के बाद जो घटनाक्रम कलेक्ट्रेट के अंदर हुआ उसने सबको अचंभित कर दिया। उल्लेखनीय है कि सोमवार को कोटकासिम प्रधान विनोद कुमारी सांगवान के निलंबन और कार्रवाई की मांग को लेकर पंचायतीराज विभाग के विभिन्न सगठनों ने जिला कलेक्टर किशोर कुमार को ज्ञापन सौंपा था। साथ ही उन्होंने ने ज्ञापन में कार्रवाई नहीं होने पर 30 अप्रैल से अनिश्चितकालीन कार्य बहिष्कार व घरने की चेतावनी भी दी गई थी। ज्ञापन के दौरान सहायक विकास अधिकारी संघ, पंचायती राज अभियंता संघ, ग्राम विकास अधिकारी संघ व पंचायती राज मंत्रालयिक कर्मचारी संघ अलवर के पदाधिकारी व सदस्य मौजूद थे।

### छह गिरफ्तार

**उदयपुर, (निसं)।** शहर में आने वाले पर्यटकों को परेशान करने के मामले में छह लपकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया। जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा, पुलिस उप अधीक्षक महिपालसिंह के सुपरविजन में डीएसटी टीम प्रभारी श्यामसिंह रत्नू, सूरजपोल थानाधिकारी रतनसिंह के नेतृत्व में गठित दल ने शहर में आने वाले पर्यटकों को परेशान करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए इस मामले में दीपक पुत्र रोशन निवासी दुर्गा कॉलोनी नीमच खेड़ा अम्बामाता, सुरेन्द्रसिंह पुत्र शिवसिंह निवासी द्वारकापुरी सेक्टर 14 गोवर्धन विलास, जगदीश पुत्र जेठानंद निवासी रावजी का हाटा घंटाघर, जितेन्द्र पुत्र शिवराम राजपुत निवासी रावजी का हाटा को गिरफ्तार किया। दीपक के खिलाफ पांच, सुरेन्द्रसिंह के खिलाफ छह, जगदीश के खिलाफ छब्बीस एवं जितेन्द्र के खिलाफ तीन प्रकरण लपकागिरी करने के पूर्व में दर्ज है। इसी तरह भुपालपुरा थानाधिकारी आदर्श कुमार के नेतृत्व में गठित दल ने जीवेश भाटीया तथा हुसैन झाड़ोल पुत्र बराउद्दीन झाड़ोल को गिरफ्तार किया।

# आर्मी स्टेशन के पास ड्रोन उड़ाते तीन युवक गिरफ्तार

■ तीन में से दो दिल्ली और एक बालोतरा का रहने वाला है

**जालोर/बाड़मेर, (कासं)।** बाड़मेर के आर्मी स्टेशन के पास ड्रोन उड़ा रहे तीन युवकों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें से दो दिल्ली और एक बालोतरा का रहने वाला है। तीनों को सोमवार शाम को बाड़मेर ग्रामीण पुलिस ने गिरफ्तार किया। इन्हें सीआईडी ऑफिस लाया गया है। अब पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां इनसे संयुक्त पूछताछ कर रही हैं।

एएसपी बाड़मेर जसाराम बोस ने बताया कि सोमवार शाम ग्रामीण थाना पुलिस को सूचना मिली थी कि जालीपा आर्मी स्टेशन के पास करणी विहार कॉलोनी में तीन लड़के बिना पुलिस परमिशन ड्रोन उड़ा रहे हैं। यह संवेदनशील इलाके में आता है और यहां ड्रोन उड़ाना क्राइम की श्रेणी में आता है। ऐसे में सूचना पर बाड़मेर ग्रामीण थाना एसएचओ विक्रम सिंह टीम लेकर तुरंत मौके पर पहुंचे और तीनों को डिटेन कर लिया। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी शुभम (26) पुत्र विनोद और उसका साथी किरतेश पुत्र रामनिवास गुप्ता दोनों उत्तम नगर नई दिल्ली के रहने वाले हैं। दोनों ने खुद को डिजिटल प्रमोटर बताया है। वहीं तीसरा युवक रफ्तार (30) पुत्र मोहम्मद तैयब बालोतरा का रहने वाला है। यह ड्रोन फोटोग्राफर है। आरोपियों से ड्रोन को जब्त कर लिया है। इसकी जांच की जा रही है। फिलहाल इन्हें शांति भंग में गिरफ्तार किया गया है। अब पुलिस और सुरक्षा एजेंसी इनसे संयुक्त पूछताछ कर रही है। एएसपी जसाराम बोस ने बताया कि करणी विहार कॉलोनी जालीपा आर्मी स्टेशन के पास है। ऐसे में इलाके में ड्रोन से फोटो-वीडियोग्राफी बैन है। शादी-विवाह आदि कार्यक्रमों के लिए भी ड्रोन की अनुमति नहीं है। पूछताछ में इनका कहना है कि वे नई कटी कॉलोनी करणी विहार का प्रमोशन वीडियो तैयार कर रहे थे। इसलिए ड्रोन से वीडियोग्राफी कर रहे थे। इस मामले में कॉलोनाइजर की भूमिका की भी जांच की जाएगी।

### दुकान मालिक के साथ मारपीट

**उदयपुर, (निसं)।** दुकान मालिक के साथ मारपीट कर बाइक तोड़ने वाले बदमाशों के खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। पीड़ित किशन पुत्र भोला गमेती ने आरोपी सुरेश गमेती व साथी के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया उसने बताया कि मेरी रामा धर्मतलाई में मीट की दुकान है। 27 अप्रैल रात में दुकान बंद कर घर लौट रहा था। बीच रास्ते मिले आरोपियों ने मीट मांगा इस पर दुकान बंद कर घर जाने की बात कही तो आरोपियों ने मारपीट की।

# नकबजनी का आरोपी गिरफ्तार

■ आरोपी के कब्जे से आठ लाख का माल बरामद किया

**उदयपुर, (निसं)।** शहर के भुपालपुरा थाना पुलिस ने नकबजनी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर इसके कब्जे से आठ लाख का माल बरामद किया। पूछताछ में आरोपी ने तीन वारदातें करना कबूल किया।

जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर शहर में नकबजनी करने वालों पर कार्रवाई करने एवं अपराधियों की धड़पकड़ के लिए कार्रवाई करने के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा, पुलिस उप अधीक्षक महिपालसिंह के सुपरविजन में भुपालपुरा थानाधिकारी आदर्श कुमार के नेतृत्व में गठित दल ने कार्यवाही करते हुए नरपत कुमार सोलंकी पुत्र गणेशराम मेघवाल निवासी जोड़वास रानीवाड़ा को गिरफ्तार कर इसके कब्जे से 85 हजार रूपये नकदी व सामान बरामद किया। इस मामले में पूछताछ में आरोपी ने गत दिनों कुशाल बाग केशव नगर में रहते हुए पास के घर से 17 मार्च 22 को 3 लाख नकदी, ओएलएक्स के जरिये पहचान बनाकर आशीश सिंह के घर आने जाने के दौरान सोने की तीन चेन चोरी करना कबूल किया। इस पर पुलिस ने आरोपी की निशानदेही से करीब आठ लाख का माल बरामद किया।

### नकदी हड़पी

**उदयपुर, (निसं)।** बेची गई जमीन की नकदी बैंक से निकाल हड़पने वाले पिता-पुत्र व साथियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया। पीड़ित मोतीबाई पत्नी तुलसीराम निवासी बिछड़ी ने अपने पौत्र सुरेश पुत्र मांगीलाल, पुत्र मांगीलाल पुत्र तुलसीराम एवं मांगीलाल पुत्र हंसा भील निवासी टांक कुराबड़ के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया।पीड़िता ने बताया कि हम सभी ने जमीन बेची थी, जिसका 7 लाख रूपये मेरे बैंक खातें में आया था। उक्त नकदी आरोपियों ने निकाल हड़प ली।

# पहलगाम हमले के बाद उदयपुर में सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट

■ इंटेलिजेंस ब्यूरो की स्थानीय टीमों ने डॉग स्क्वॉड टीम के साथ रेलवे और बस स्टैंड पर जांच की

■ आईबी की टीमों ने बस स्टैंड की पार्किंग में बरसों से धूल जमी गाड़ियों को लेकर आपत्ति जताई

**उदयपुर, (कासं)।** पहलगाम में आतंकी घटना के बाद उदयपुर पुलिस भी हाई अलर्ट मोड पर है। इंटेलिजेंस ब्यूरो (आईबी) की स्थानीय टीमों ने मंगलवार को रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड पर गहनता से जांच की।

टीम इंचार्ज मुकेश कुमार नागदा के अनुसार जम्मू कश्मीर की घटना को देखते हुए सीआईडी उदयपुर जोन के अधिकारी डॉ. विक्रम सिंह के निर्देशन पर बीडीएस टीम ने चेकिंग की। बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन पर संदिग्ध लोगों की तलाशी ली और जानकारी ली। उन्होंने बताया कि जांच के दौरान टीम ने उदयापोल स्थित केंद्रीय रोडवेज बस स्टैंड पर भी गहनता से जांच करते हुए चप्पे-चप्पे को छान मारा। बम डिस्पोजल स्क्वॉड (बीडीएस) की गाड़ी में आए टीम के सदस्यों ने बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन की पार्किंग को देखा।

पुलिस डॉग स्क्वायड को लेकर टीम ने मादक पदार्थो व विस्फोटकों का पता लगाने और अपराधियों पर नजर रखने के लिए पूरे एरिया का राउंड किया। इस दौरान बस स्टैंड की पार्किंग में बरसों से धूल जमी गाड़ियों को लेकर आपत्ति जताई। पार्किंग ठेकेदार से इन गाड़ियों के बारे में पूछा। स्थानीय सूरजपोल पुलिस को टीम ने कहा कि इन गाड़ियो के मालिकों का पता लगाया जाए। टीम ने ठेकेदार को साफ कहा कि ऐसी गाड़ियों के बारे में पूरी जानकारी रखी जाए और इस तरह से लंबे समय तक गाड़ियां खडी नहीं रहनी चाहिए। इस दौरान वहां खडी गाड़ियों के पूरे घेरे की तरफ डॉग स्क्वायड के साथ टीम ने दौरा किया। ठेकेदार की और से यहां आने वाली गाड़ियों के बारे में भी जानकारी ली। टीम ने रेलवे स्टेशन पर भी पूरे इलाके को जांचा।

# बीसलपुर बांध के पानी में जमी गाद के साथ बजरी निकालने का कार्य जारी

## बांध में पानी के भराव क्षेत्र से गाद निकालने की आड़ मे अवैध रूप से बजरी निकाली जा रही है



देवली उपखंड क्षेत्र के बीसलपुर बांध के जलभराव क्षेत्र से बड़ी-बड़ी मोटर बोट मशीनरियां लगाकर पानी के तले से गाद के साथ-साथ बजरी को भी निकालने का काम किया जा रहा है।

■ क्षेत्रवासियों का मानना है कि जानकारी संबंधित एवं प्रशासनिक अधिकारियों को होने के बावजूद जिम्मेदार अधिकारी अंजान बने हुए हैं

**देवली, (निसं)।** इन दिनों उपखंड क्षेत्र के बीसलपुर बांध के जलभराव क्षेत्र से गाद निकाले जाने का कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। इस पर जानकारी में मामला यह सामने आया कि गाद निकालने की आड़ में बांध के जल पेटे से कंपनी द्वारा गाद को निकालने के साथ-साथ अवैध रूप से भारी मात्रा में बजरी भी निकाली जा रही है।

ऐसे हालातों पर क्षेत्रवासियों का मानना है कि उक्त हालातों की जानकारी संबंधित एवं प्रशासनिक अधिकारियों को बखूबी होने के बावजूद जिम्मेदार अधिकारी जान बूझकर अंजान बने हुए हैं। यह भी सत्य है कि बीसलपुर बांध के जलभराव पेटे से गाद हटाने के कार्य में भारी भरकम मशीनरियों का इस्तेमाल किया जा रहा है। इन्हीं मशीनों के जरिए गाद हटाने के साथ-साथ भारी मात्रा में बनास की बजरी भी निकाली जा रही है, जिसे कंपनी के कर्मचारी बड़ी-बड़ी मोटर बोट में भरकर किनारे पहुंचा रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि बीसलपुर बांध का जलस्तर 315.50 मीटर भराव क्षमता पर निर्धारित किया हुआ है। तो वहीं जानकारी यह भी सामने आई है कि बीसलपुर बांध के भराव क्षेत्र एवं केंचमेंट एरिया तक बनास नदी से गाद (काई) को बाहर निकालने के कार्य का ठेका राज्य सरकार ने एनजी गादिया नामक कम्पनी को दिया हुआ है। ऐसे में यहां साफ तौर पर देखा जा सकता है कि कंपनी ने इस कार्य मे बड़े-बड़े ट्रिगर मशीन, हाइड्रोलिक वाटर पंप एवं पानी में तैरता हुआ प्लेटफार्म जैसी बड़ी-बड़ी मोटर बोट मशीनरियां लगाकर पानी के तले से गाद के साथ-साथ बजरी को भी निकालने का काम कर रही हैं।

जानकारी में मामला यह भी सामने आया है कि बनास नदी के तल से गाद हटाकर निकालने का कार्य करने वाली एनजी गदिया कंपनी वर्तमान में उपखंड क्षेत्र के बीसलपुर बांध के पानी से गाद निकालने का कार्य कर रही है। गाद निकाले जाने के दौरान गाद के साथ-साथ बजरी पत्थर ग्रेवल, मिट्टी इत्यादि साथ में निकलती हैं। ऐसे में यहीं पर भारी मात्रा में बजरी कैसे निकल रही है? इसी के साथ यहां चर्चा है कि क्या स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों को ऐसे हालातों जानकारी नहीं है। जबकि उक्त कार्य से संबंधित दस्तावेजों की एक कॉपी जिला कलेक्टर और खनिज विभाग सहित उपखंड अधिकारी कार्यालय में पहुंचाई जाती है, ताकि सूचना और दस्तावेजों के आधार पर क्षेत्र के उक्त प्रशासनिक अधिकारी उक्त कार्य पर पूरी निगरानी बनाए रखें ताकि समय-समय पर कार्य क्षेत्र का दौरा करते हुए कार्य की जांच करते रहे। जिससे कि बीसलपुर बांध और बनास नदी के पेटे से केवल गाद निकालने के दौरान कार्य से संबंधित कंपनी कहीं नियमों से हटकर अन्य कोई और कार्य करने पर आमदा तो नहीं हो रही है, लेकिन यहां पर कार्य से संबंधित जिम्मेदार अधिकारी उक्त कार्य में हो रही अनियमिताओं और धांधली के प्रति जानबूझकर अनभिज्ञ,अनजान बने हुए दिखाई पड़ रहे हैं। इस मामले में मनोज कुमार मीणा उपखंड अधिकारी देवली टोंक का कहना है कि यह कार्य राज्य सरकार द्वारा दिया हुआ है। इस कार्य की सूचना जिला कलेक्टर कार्यालय के पास होती होगी। फिर भी इस मामले की जांच करने के लिए उक्त कार्य क्षेत्र का दौरा कर लेंगे।

### चलती बाइक में आग लगी, पिता-पुत्र बचे

**अजमेर/ पीसांगन, (कासं)।** पीसांगन उपखंड के फतेहपुरा में चलती बाइक में अचानक आग लगने से बाइक खाक हो गई, लेकिन गनीमत रही कि हादसे में बाइक सवार पिता-पुत्र बाल-बाल बच गए। रामपुरा डाबला प्रशासक सीमा चौधरी के मुताबिक रामपुरा डाबला निवासी अर्जुनराम सुवासिया व उनका पुत्र राधेश्याम बाइक से पीसांगन होते हुए अपने खेत पर जा रहे थे। इसी दौरान पंचायत क्षेत्र के फतेहपुरा स्थित पिचोलिया रोड पर उनकी चलती बाइक में हुए शॉर्ट सर्किट के बाद बाइक ने आग पकड़ ली। प्रशासक सीमा चौधरी ने बताया कि चलती बाइक में अचानक आग लगने से पिता-पुत्र सकते में आ गए और जैसे-तैसे कर बाइक को रोककर बाइक से नीचे उतरकर दूर खड़े हुए। इस दौरान देखते ही देखते बाइक खाक हो गई, लेकिन गनीमत रही कि बड़ा हादसा टल गया। प्रशासक सीमा चौधरी ने दूरभाष पर थानाधिकारी प्रहलाद सहाय को मामले से अवगत करवाया।

Office of The Block Development Officer Panchayat Samiti Sayla (Jalore)

Notice of Inviting Bid

No.- Acc./697 Dated-18-04-2025

Bid for Rate Contract for Construction Material & Equipments and Work tenders of various work as below are invited from interested bidders under various Gram Panchayats of Panchayat samiti sayla. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in) of the state; and notice board of this office.

| Name of Gram Panchayat | approximate value of the procurement | UBIN |
|---|---|---|
| Panthedi | 100.00 Lakh | ZJR2526GLOB00090 |
| Thalwad | 100.00 Lakh | ZJR2526GLRC00091 |
| Teja Ki beri | 60.00 Lakh | ZJR2526GLRC00092 |
| Vishala | 10.00 Lakh | ZJR2526WSOB00093 |
| | 10.00 Lakh | ZJR2526WSOB00094 |

DIPR/C/5534/2025

Block Development Officer
Panchayat Samiti Sayla (Jalore)

Tel.No.: 07469-230595 Email: xenphedhnd@yahoo.in

कार्यालय अधिशाषी अभियंता जन स्वा.अभि.विभाग खण्ड हिण्डौन

Notice Inviting Bid

Bids for Various work in PHED Dn. Hindaun is invited from interested bidders. Other particulars of the bids may be visited on the procurement portal sppp.raj.nic.in of the state and http://eproc.rajasthan.gov.in departmental website. NIB No. PHE2526A0518

| S.No. | NIT No. | UBN No. |
|---|---|---|
| 1. | 01/2024-25 | PHE2526SLOB01206 |
| 2. | 02/2024-25 | PHE2526SLOB01208 |
| 3. | 03/2024-25 | PHE2526SLOB01210 |
| 4. | 04/2024-25 | PHE2526SLOB01211 |
| 5. | 05/2024-25 | PHE2526SLOB01212 |
| 6. | 06/2024-25 | PHE2526SLOB01213 |
| 7. | 07/2024-25 | PHE2526SLOB01214 |
| 8. | 08/2024-25 | PHE2526SLOB01215 |
| S.No. | Total Work | |
| 1 | Total Estimated Cost | 126.42 Lacs |
| 2 | Tender Submission Start Date | 23.04.2025 Upto 12:00 PM |
| 3 | Tender Submission End Date | 01.05.2025 Upto 6:00 PM |
| 4 | Tender Opening Date | 02.05.2025 Upto 12:00 PM |

DIPR/C/5595/2025

(के.एल.मीना) अधिशाषी अभियन्ता
जन स्वा.अभियांत्रिक विभाग, खण्ड-हिण्डौन सिटी

# संपन्न परिवारों को छात्रवृत्ति देकर आमजन की गाढ़ी कमाई का दुरूपयोग कर रही सरकार : हाईकोर्ट

## 25 लाख रुपए सालाना आय वाले परिवार के अभ्यर्थी को दी जा रही छात्रवृत्ति पर रोक लगाई

- अदालत ने कहा, ''कोर्ट आंखें मूंदे नहीं रह सकता, क्यों ना इस योजना को बंद कर दिया जाए''
- कोर्ट ने स्वामी विवेकानंद स्कॉलरशिप स्कीम के तहत अब तक लाभ लेने वाले अभ्यर्थियों और उनके माता-पिता की संपूर्ण जानकारी पेश करने को कहा है

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने स्वामी विवेकानंद स्कॉलरशिप स्कीम के तहत 25 लाख रुपए सालाना आय वाले परिवार के अभ्यर्थी को ई3 वर्ग में दी जा रही छात्रवृत्ति पर रोक लगा दी है। इसके साथ ही अदालत ने इस योजना के तहत अब तक लाभ लेने वाले अभ्यर्थियों और उनके माता-पिता की संपूर्ण जानकारी पेश करने को कहा है। अदालत ने कहा कि गत 17 अप्रैल को भी इस संबंध में जानकारी मांगी गई थी, लेकिन जानकारी पेश नहीं करना दर्शाता है कि सरकार उन परिवारों की पहचान छुपाना चाहती है। अदालत ने कहा कि योजना का लाभ अधिकांश ऐसे संपन्न अभ्यर्थियों की ओर से लिया जा रहा है, जिनके परिवार की वार्षिक आय पर्याप्त है। ऐसे में लगता है कि यह योजना ऐसे लोगों को लाभ देने के लिए ही तैयार की गई है, जिनकी सालाना आय 25 लाख रुपए से अधिक है। अदालत ने आदेश की कॉपी मुख्य सचिव सहित अन्य जिम्मेदार अफसरों को आवश्यक कार्रवाई के लिए भेजी है। जस्टिस अनूप कुमार ढंड ने यह आदेश मनजीत देवड़ा की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए। अदालत ने 9 मई तक राज्य सरकार को यह बताने को कहा है कि क्यों ना इस योजना को बंद कर दिया जाए।अदालत ने कहा कि ऐसी स्कॉलरशिप के नाम पर करोडों रुपए ऐसे लोगों को दिए जाते हैं, जिनके माता-पिता धनी है। सरकार स्कॉलरशिप के नाम सरकारी खजाने का दुरुपयोग कर रही है।

ऐसे में अदालत सरकार की ऐसी कार्यप्रणाली पर अपनी आंख मूंदकर नहीं बैठ सकती है। अदालत ने कहा कि अपात्र अभ्यर्थियों को योजना का लाभ इसलिए मिल रहा है कि उनके माता-पिता प्रभावशाली पदों पर हैं। स्कॉलरशिप का वास्तविक लाभ जरूरतमंद व गरीबों को नहीं दिया जा रहा है। जबकि वे वास्तव में उत्कृष्ट हैं, लेकिन योजना का लाभ लेने के लिए प्रभावशाली स्थिति में नहीं है। अदालत ने कहा कि वर्तमान में शिक्षा बहुत महंगी हो गई है। अधिकांष उच्च शिक्षा के लिए वित्तीय सहायता चाहते हैं, लेकिन देखा गया कि यह लाभ अमीर अभ्यर्थियों को दिया जाता है। ऐसे लोगों को योजना का लाभ देने से इसका उद्देश्य ही विफल हो जाएगा। याचिका में अधिवक्ता पुनीत सिंघवी ने कहा कि याचिकाकर्ता ने राजीव गांधी स्कॉलरशिप एकेडमिक एक्सीलेंसी स्कीम, जिसे अब स्वामी विवेकानंद स्कॉलरशिप स्कीम कहा जाता है, में आवेदन किया था। आयकर सहित अन्य दस्तावेजों के आधार पर उसका विदेश के विश्वविद्यालय में अध्ययन के लिए चयन कर लिया। इसके बाद उसने फरवरी, 2024 को वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया विश्वविद्यालय से विज्ञान स्नातक की पढाई आरंभ कर दी। इसके बावजूद उसे स्कॉलरशिप की राशि जारी नहीं की गई। इसके जवाब में राज्य के अतिरिक्त महाधिवक्ता विज्ञान शाह ने कहा कि इस योजना के तहत ई1 कैटेगरी में परिवार की सालाना आय आठ लाख, ई2 वर्ग में सालाना आय 8 लाख से 25 लाख और ई3 कैटेगरी में सालाना 25 लाख से अधिक आय वालों को स्कॉलरशिप देने का प्रावधान है। याचिकाकर्ता के भाई को ई2 कैटेगरी में स्कॉलरशिप दी गई थी। साल 2021-22 में याचिकाकर्ता के परिवार की वार्षिक आय 13.35 लाख और 2022-23 में 13.55 लाख थी, लेकिन ई1 कैटेगरी में स्कॉलरशिप लेने के लिए याचिकाकर्ता के परिवार की साल 2023-24 की वार्षिक आय 6.96 लाख रुपए दर्शाई गई। इस पर सीए से विशेषज्ञ राय ली गई। जिसमें सामने आया कि याचिकाकर्ता के परिवार की कुल आय 11.32 लाख रुपए थी।

## हिसाब के बहाने होटल में बुलाकर महिला से दुष्कर्म

**जयपुर।** करणी विहार थाना इलाके में हिसाब के बहाने मिलने बुलाकर होटल में महिला से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। आरोपी ने उसके साथ आए परिचितों को झूठ बोलकर रुम से बाहर भेज दिया। पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ थाने में मामला दर्ज करवाया है। पुलिस ने बताया कि करणी विहार की रहने वाली 32 वर्षीय महिला ने मामला दर्ज करवाया कि परिचित होने के कारण आरोपी से उसकी बातचीत है। आरोपी परिचित से पैसों का लेन-देन भी है। आरोप है कि 27 अप्रैल को दोपहर आरोपी परिचित ने उसे वॉट्सऐप कॉल किया। कॉल कर पैसों का हिसाब करने के बहाने बजरी मंडी स्थित होटल मिलने बुलाया। धोखे में आकर हिसाब करने के चलते वह अपने दो परिचितों को लेकर कैब से होटल पहुंच गई। होटल के रूम में बैठकर चारों ने बातचीत करते हुए ड्रिंक पी।

आरोपी ने उसके साथ आए परिचित को सिगरेट लेने बाहर भेज दिया। वह दूसरे परिचित को झूठ बोलकर रूम से बाहर भेज दिया।

## सार-समाचार

### पंडित राजेंद्र गंगानी सम्मानित



**जयपुर।** जवाहर कला केंद्र में विश्व नृत्य दिवस के उपलक्ष्य पर नृत्यम् कार्यक्रम का आयोजन किया गया यह कार्यक्रम अग्रवाल एजुकेशनल कल्चरल एंड वेलफेयर सोसाइटी द्वारा जवाहर कला केंद्र के सहयोग से आयोजित हुआ। यह नृत्यम कार्यक्रम की दसवीं श्रृंखला थी, जिसमें कथक के जाने-माने नृत्य गुरु पंडित राजेंद्र गंगानी ने अपनी नृत्य की प्रस्तुति दी और डॉ स्वाति अग्रवाल ने अपनी 40 शिष्यायो के साथ कथक की विकास यात्रा प्रस्तुत की इस प्रस्तुति में प्राचीन काल से लेकर आधुनिक काल तक कथक में आए बदलावों को दर्शाया गया। भक्ति काल के दौरान कथक में भक्ति और आध्यात्मिकता की भावना को दिखाया गया, जबकि मुगल काल में कथक का दरबारी रूप प्रस्तुत किया गया। मुगल काल के अंतिम दौर में कथक में नए तत्वों का समावेश दिखाया गया। वाजिद अली शाह जी के समय जो ठुमरी का प्रचलन था, उसका प्रदर्शन एक ठुमरी की प्रस्तुति के साथ स्वाति ने अपने सशक्त अभिनय के साथ किया। आधुनिक काल में कथक की विविधता और इसके नए आयामों को प्रस्तुत किया गया। इस प्रस्तुति में कथक के विकास की पूरी यात्रा को बहुत ही सुंदर और प्रभावशाली तरीके से दिखाया गया। इस प्रस्तुति में हरि हरण शरण भट्ट ने सितार, प्रवीण आर्य ने पखावज, रमेश मेवाल ने हारमोनियम एवं गायन, जाकिर हुसैन ने सारंगी, मुजफ्फर रहमान ने तबला पर संगत की। इसके पश्चात पंडित राजेंद्र गंगानी ने शिव स्तुति से अपनी नृत्य का प्रारंभ किया और कथक के जयपुर घराने के पारंपरिक बंदिशों का प्रस्तुतिकरण कर सभी का मन मोह लिया। अंत में उन्होंने भजन की एक भावपूर्ण प्रस्तुति दी। उनके साथ तबले पर श्री फतेह सिंह गंगानी और हारमोनियम एवं गायन पर श्री विनोद गंगानी ने प्रभावी संगत की विश्व नृत्य दिवस के उपलक्ष्य में संस्थान द्वारा ''गुरु गिरधारी महाराज कला रत्न अवार्ड'' प्रदान किया गया यह अवार्ड प्रत्येक वर्ष कला के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले को प्रदान किया जाता है इस वर्ष का पुरस्कार से पंडित राजेंद्र गंगानी को 51 हजार रुपये , ताम्रपात्र एवं शॉल प्रदान कर सम्मानित किया गया।

### पहलगाम घटना के मृतकों को शृद्धांजलि दी



**जयपुर।** कायस्थ समाज के द्वारा श्री चित्रगुप्त जयंती के अवसर पर जयपुर शहर के विभिन्न क्षेत्रों में स्थित श्री चित्रगुप्त के मंदिरों में प्रतिदिन भजन और आरती के कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। क्लब के अध्यक्ष राजेश हेलक्या द्वारा बताया गया कि इसी कड़ी में आज चित्रगुप्त क्लब के तत्वावधान में कायस्थों की बगीची, कल्याणजी का रास्ता, इंदिरा बाजार स्थित भगवान श्री चित्रगुप्तजी के मंदिर में शाम भजन व आरती से पूर्व पहलगाम घटना में मृतकों को श्रद्धांजलि देने के लिये दो मिनट का मौन रख कर मृतकों की आत्मा की शांति के लिये प्रार्थना की गई। तत्पश्चात भजनों का कार्यक्रम शुरू किया गया जिसमें स्व.गुलजारी एवं युगल सरकार के भजनों की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। क्लब के महासचिव राधामोहन माथुर द्वारा बताया गया कि इस अवसर पर भगवान के मंदिर का फूलों से मनमोहक श्रृंार किया गया।

### एक बाल अपचारी बालिका निरुद्ध

**जयपुर।** जामडोली थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए चोरी की वारदात करने वाले एक बाल अपचारी बालिका को निरुद्ध किया गया है और साथ ही चोरी के जेवरात छुपाने वाले उसके माता-पिता को गिरफ्तार किया है। निरुद्ध बाल अपचारी बालिका ने अपनी मालकिन के पहनने के जेवरात बारी-बारी से चुरा कर ले गई थी और अपने माता-पिता के साथ मिलकर जेवरात घर में छुपा दिए थे।पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व तेजस्वनी गौतम ने बताया कि जामडोली थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए चोरी की वारदात करने वाले एक बाल अपचारी बालिका को निरुद्ध कर उसके माता-पिता कल्याणपुरा जिला दौसा हाल कानोता निवासी कालूराम और काली देवी को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से चुराए गए जेवरात बरामद किए गए है।

### शिव परिवार व राम दरबार की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा में निकली कलश यात्रा



**जयपुर।** सोडाला स्थित पुराने तेजाजी मंदिर में शिव पंचायत और श्री राम दरबार मूर्ति की प्राण- प्रतिष्ठा बुधवार को होने जा रही है। इस धार्मिक कार्यक्रम के तहत मंगलवार की सुबह सैकड़ों की संख्या में महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में कलश यात्रा शामिल हुई। जिसमें गाजे-बाजे के साथ महिलाएं सिर पर कलश लेकर मंगल गीत गाती हुई सोडाला स्थित बैकुंठ नाथ मंदिर से रवाना होकर अजमेर रोड,न्यू सांगानेर रोड हुए पुराने तेजाजी मंदिर पहुंची। इस कलश यात्रा के दौरान सिर पर मंगल कलश लेकर भजनों पर नाचती-गाती हुई एक किलोमीटर की यात्रा तय की। कलश यात्रा के मार्ग पर पुष्प वर्षा कर श्रद्धालुओं ने स्वागत किया। जिसे देखने के लिए आसपास के स्थानीय लोगों की भारी भीड़ उमड़ी।मंदिर महंत मूलचंद शर्मा ने बताया कि शिव पंचायत और श्री राम दरबार मूर्ति की प्राण- प्रतिष्ठा महोत्सव के तहत मंगलवार को कलश यात्रा निकाली गई। इस कलश यात्रा में सैकड़ों की संख्या में महिलाएं एक ही परिधान में सिर पर कलश धारण कर मंगल गीत गाती हुई बैकुंटथाम मंदिर सोडाला से शुरू होकर मुख्य मार्ग अजमेर रोड,न्यू सांगानेर रोड हुए से होते हुए पुराने तेजाजी मंदिर परिसर पहुंचीं। इस कलश यात्रा के दौरान सिर पर मंगल कलश लेकर भजनों पर नाचती-गाती हुई एक किलोमीटर की यात्रा तय की। कलश यात्रा के मार्ग पर पुष्प वर्षा कर श्रद्धालुओं ने स्वागत किया। जिसे देखने के लिए आसपास के स्थानीय लोगों की भारी भीड़ उमड़ी। कलश यात्रा से पहले गणेश और कलश पूजन किया गया। कलश यात्रा के मार्ग को रंगोलियों से सजाया गया और जगह-जगह स्वागत और पुष्पा वर्षा की गई। पुजारी राजेश शर्मा ने बताया कि इसी दिन शाम को हवन किया गया, जो देर रात्रि तक चला। वहीं अगले दिन बुधवार को तेजाजी मंदिर प्रांगण में हवन की पूर्णाहुति के पश्चात भव्य लवाजमे के साथ भोलेनाथ और श्रीराम का रथ में विराजमान कर नगर फेरी करवाई जाएगी। जो एक परिक्रमा करते हुए मंदिर पहुंचेगी। इसके पश्चात ज्योतिष आचार्य और अन्य मंदिर-महंतों की मौजूदगी में महाभिषेक कर मंदिर में शिव पंचायत श्री राम दरबार मूर्ति की विधि - विधान से पूजा-अर्चना कर प्राण-प्रतिष्ठा की जाएगी। दिन भर पट बंद रहेंगे और शिव पंचायत श्री राम दरबार का फूलों से भव्य श्रृंगार और दरबार सजाया जाएगा।

# सूने मकानों में चोरी करने वाले चोर गैंग का पर्दाफाश



मानसरोवर थाना पुलिस ने शातिर चोर गैंग का पर्दाफाश कर चार बदमाशों को गिरफ्तार किया है।

- तीन बदमाशों सहित खरीदार गिरफ्तार, आरोपियों से 20 एलपीजी गैस सिलेंडर बरामद
- चोरी की वारदात के लिए किराए पर स्कूटी-बाइक करते है इस्तेमाल

**जयपुर।** मानसरोवर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सूने मकानों में चोरी करने वाले एक शातिर चोर गैंग का पर्दाफाश कर चार बदमाशों को गिरफ्तार किया है। जिसमें एक खरीदार भी शामिल है।

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से बीस एलपीजी गैस सिलेंडर बरामद किए है। पुलिस की प्रारम्भिक पूछताछ में सामने आया कि आरोपित चोरी की वारदात को अंजाम देने के लिए किराए पर स्कूटी-बाइक लेते थे और वारदात करने पर किराए की गाड़ी को कंपनी में वापस जमा करवा देते थे। चोरी के माल को बेचकर मिले रुपयों से अपना अय्याशी का शौक पूरा करते थे। आरोपियों ने आधा दर्जन से अधिक वारदातों को अंजाम देना कबूला है। फिलहाल गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर (दक्षिण) दिगंत आनंद ने बताया कि मानसरोवर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सूने मकानों मे चोरी करने वाले चोर गैंग के शातिर बदमाश विनोद कुमार बसवाल (29) निवासी मालाखेड़ा जिला अलवर हाल प्रताप नगर जयपुर, सैफ अली (29) निवासी भदोई उत्तर प्रदेश हाल शिवदासपुरा जयपुर व किश बालानी (21) निवासी प्रताप नगर सहित चोरी का माल खरीदने वाले खरीदार हरी सिंह जाट (40) निवासी भिनाय जिला अजमेर हाल विजय पथ मानसरोवर जयपुर को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी के बीस एलपीजी गैस सिलेंडर बरामद किए है। पूछताछ में सामने आया है कि वह चोरी के लिए अपने घरों से पब्लिक ट्रांसपोर्ट का प्रयोग कर मानसरोवर प्लाजा आते थे। वहां किराए पर बाइक-स्कूटी लेकर चोरी करने जाते थे। चोरी की वारदात को अंजाम देकर बाइक-स्कूटी का किराया भरकर वापस जमा करवा देते थे। चोरी के माल को औने-पौने दामों में आरोपी हरि सिंह जाट को बेच देते। जिससे मिले रुपयों से नशा और अय्याशी का शौक पूरा करते थे।

थानाधिकारी लखन सिंह खटाना ने बताया कि पिछले दिनों बढ़ती चोरी की वारदात को लेकर एक पुलिस टीम बनाई गई। पुलिस टीम ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोर गैंग के बदमाशों को चिह्नित किया। पुलिस टीम ने दबिश देकर चोरी में शामिल तीनों बदमाश सहित खरीदार को धर-दबोचा।

## एचजेयू के स्टूडेंट्स ने जानी एफएम चैनल की कार्यप्रणाली

**जयपुर।** हरिदेव जोशी पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय, जयपुर के स्टूडेंट्स ने मंगलवार को रेड एफएम 93.5 के ऑफिस में विजिट किया। विजिट के दौरान स्टूडेंट्स ने एफएम चैनल की कार्यप्रणाली को बारीकी से सीखा। रेड एफ 93.5 के आरजे रविन्द्र ने स्टूडेंट्स को एफएम चैनल पर ऑन एयर होने वाले प्रोग्राम की जानकारी दी। इसके साथ उन्होंने एक आरजे (रेडियो जॉकी) के कार्य से भी स्टूडेंट्स को परिचित करवाया। इस दौरान आरजे अर्जुन ने स्टूडेंट्स को एफ चैनल के विभिन्न कार्यक्रमों और उनका किस तरह से प्रसारण किया जाता है उसकी जानकारी प्रदान की। उन्होंने स्टूडेंट्स का एफएम चैनल में करियर बनाने के लिए मार्गदर्शन किया। एफएम चैनल की विजिट एचजेयू के अस्सिटेंट प्रोफेसर डॉ सोभित सैनी के निर्देशन में हुई। सैनी ने आरजे और स्टाफ को स्टूडेंट्स को विजिट करवाने और महत्वपूर्ण जानकारियां साझा करने के लिए धन्यवाद दिया।

## नशे में धुत महिला चालक ने बाइक सवार परिवार को मारी टक्कर

- 14 वर्षीय बच्ची की मौत के बाद शहर में गुस्सा फूटा

**जयपुर।** जयपुर में लाल कोठी थाना इलाके में सोमवार-मंगलवार की मध्यरात्रि एक दर्दनाक हादसे ने पूरे शहर को झकझोर दिया। चारदीवारी इलाके की 14 वर्षीय असीमा अपने पिता और छोटी ममेरी बहन के साथ बाइक से घर लौट रही थी, जब एक नशे में धुत महिला ड्राइवर ने उन्हें तेज रफ्तार कार से टक्कर मार दी। हादसे में असीमा की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसके पिता और बहन घायल हैं। इस मामले की जांच पड़ताल सड़क दुर्घटना पूर्व थाना कर रहा है।

सड़क दुर्घटना थाना पूर्व थानाधिकारी राजेश बफाना यह वारदात सांगानेर गेट के पास रात करीब 12:20 बजे हुई।

कार की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार तीनों लोग उछलकर सड़क पर जा गिरे। इसके बाद महिला ड्राइवर कार को गलत दिशा में भगाते हुए भाग निकली। रास्ते में एक और स्कूटर सवार को टक्कर मारने के बाद पुलिस ने पीछा कर उसे घाटगेट के पास दबोच लिया। आरोपी महिला की पहचान नागपुर निवासी संस्कृति के रूप में हुई है,जो शराब के नशे में गाड़ी चला रही थी।

घटना के बाद क्षेत्र में आक्रोश फैल गया। बड़ी संख्या में लोग और मृतका के परिजन थाने पहुंच गए और मुआवजे की मांग को लेकर थाने का घेराव कर धरना शुरू कर दिया। हालात बिगड़ते देख विधायक रफीक खान और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे और समझाइश के बाद परिजन पोस्टमार्टम के लिए तैयार हुए।

फिलहाल आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया गया है और पुलिस ने कार जब्त कर ली है। सड़क दुर्घटना थाना पूर्व मामले की जांच कर रही है। इस दर्दनाक हादसे ने एक बार फिर सड़क सुरक्षा और शराब पीकर गाड़ी चलाने के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जरूरत को सामने ला दिया है।

## जेसीबी ने बाइक को टक्कर मारी, युवक की मौत

**जयपुर।** रिंग रोड पर बूरथल कट के पास मंगलवार सुबह एक तेज रफ्तार जेसीबी ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई, जबकि उसका साथी घायल हो गया। हादसे की जांच दुर्घटना थाना पूर्व द्वितीय कर रहा है। हादसे के बाद चालक जेसीबी छोड़कर भाग निकला। पुलिस ने दोनों वाहन जब्त कर थाने पर खड़ा करवा दिया।

पुलिस के अनुसार मंगलवार सुबह करीब आठ बजे रिंग रोड पर बूरथल कट के पास एक जेसीबी ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दो युवक घायल हो गया। सूचना पर मौके पर पहुंच कर पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया, जहां पर एक युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई। मृतक की पहचान नागोरिया का मोहल्ला चाकसू निवासी असलम खान के रुप में हुई है जबकि हादसे में मोहम्मद हुसैन घायल हो गया। घायल का अस्पताल में उपचार जारी है। हादसे के शिकार लोग मजदूरी करते है।

वहीं दूसरा हादसा निवारू रोड पर हुआ। मामले की जांच दुर्घटना थाना पश्चिम द्वितीय कर रहा है। एक तेज रफ्तार वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार 46 वर्षीय निवारू रोड निवासी सुरेश कुमार घायल हो गया। मोके पर पहुंच कर पुलिस ने उसे अस्पताल पहुंचाया, जहां पर उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। हादसा सोमवार रात करीब 10 बजे हुआ था। हादसे के बाद फरार वाहन चालक की पुलिस तलाश कर रही है। पुलिस वाहन चालक की पहचान के लिए घटना स्थल और उसके आस-पास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

# गाड़ियों और होटल में तोड़फोड़ कर मारपीट

- फायरिंग करने वाले सात आरोपी गिरफ्तार

**जयपुर।** चित्रकूट और करणी विहार थाना इलाके में रविवार-सोमवार की मध्यरात्रि में दो गुटों ने एक-दूसरे पर धारदार हथियारों से हमला और गाड़ियों सहित होटल में तोड़फोड़ फायरिंग कर करने वाले सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने फायर किया गया एक कारतूस भी जब्त किया है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर (पश्चिम) अमित कुमार बुडानिया ने बताया कि चित्रकूट और करणी विहार थाना इलाके में रविवार-सोमवार की मध्यरात्रि गाड़ियों और होटल में तोडफोड कर मारपीट-फायरिंग करने के मामले में शेर सिंह गजराज निवासी नीमकाथाना जिला सीकर,जयंत शर्मा निवासी लालसोट रोड दौसा हाल रामनगर सोडाला,अनुज साबू निवासी श्रीमाधोपुर जिला सीकर हाल हरमाड़ा जयपुर,लतीफ अली निवासी अलवर गेट जिला अजमेर हाल वैशाली नगर,तुषार सिंह उर्फ पिन्टु निवासी वैशाली नगर,राहुल चौधरी निवासी सोडाला और रवि राज सिंह निवासी रामनगर सोडाला को गिरफ्तार किया है।

गौरतलब है कि चित्रकूट नगर में 200 फीट बायपास के पास ब्लैक रॉयल होटल है। जहा देर रात दो गाड़ियों में 8-10 लोग हथियारों से लैस होकर आए। होटल में घुसकर कर्मचारियों से मारपीट की। होटल में लगे सीसीटीवी व वाईफाई आदि को तोड़ दिया। होटल में तोड़फोड़ कर हमलावर निकल गए। होटल के एक कर्मचारी ने मालिक को कॉल कर सूचना दी। होटल में तोड़फोड़ का पता चलने पर दो गाड़ियों में लड़के लेकर फरार हुए बदमाशों का पीछा किया। करणी विहार इलाके के हनुमान वाटिका में बदमाशों की एक गाड़ी को पकड़ लिया। होटलवालों को पीछे पड़े देखकर गाड़ी को छोड़कर बदमाश पैदल भाग निकले।गाड़ी के नीचे बाइक फंसने पर बदमाशों को पैदल भागना पड़ा। होटल गुट के गुस्साए लोगों ने धारदार हथियार से गाड़ी में तोड़फोड़ की। करीब 5 मिनट तक गाड़ी में तोड़फोड़ करते रहे। जाते-जाते हमलावरों ने गाड़ी पर फायर भी किए। चित्रकूट व करणी विहार थाना पुलिस सूचना पर मौके पर पहुंची। पुलिस ने मौके से सबूत जुटाए। पुलिस ने वारदात स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर दोनों गुटों के लोगों को चिन्हित करते हुए सात लोगों को पकडा।

## टकटक गैंग ने दो कारों से उड़ाए मोबाइल-पर्स

**जयपुर।** शहर में सक्रिय टकटक गैंग पर पुलिस लगाम लगाने में नाकाम साबित हो रही है। इस गैंग ने अलग-अलग स्थान पर दो कारों से मोबाइल व पर्स पार कर लिए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच पड़ताल में जुटी है।

खातीपुरा वैशाली नगर निवासी समीर कुमार सिंह ने गांधी नगर थाने में मामला दर्ज करवाया कि वह किसी काम से जा रहा था आईपीएल मैच के चलते टोंक रोड पर भारी यातायात था रामबाग सर्किल पर खड़ा रहने के दौरान एक युवक ने उसके लेफ्ट साइड से कार का शीशा खटखटाया। इस पर वह शीशा खोलकर उससे बातचीत करने लगा। इसी दौरान एक अन्य युवक ने राइट साइड से शीशा खटखटाया। इस पर उसने शीशा खोलकर युवक से बातचीत करने लगा तो दूसरा युवक कार से आईफोन लेकर चलता बना। घटना का पता उसे मोबाइल नहीं मिलने पर लगा। इस पर पीडित ने थाने पहुंच कर मामला दर्ज करवाया। यह घटना 28 अप्रेल की रात करीब साढ़े आठ बजे की है। दूसरी घटना में महारानी फार्म दुर्गापुरा निवासी राघवेंद्र सिंह ने मामला दर्ज करवाया कि किसी काम से जा रहा था खंडाका मोड पर किसी ने उसे रुकने का इशारा किया। युवक शीशे के पास आकर खड़ा हो गया और बातचीत करने लगा। युवक ने ध्यान बंटाकर कार से पर्स और मोबाइल पार कर लिया। इस घटना का पता उसे कुछ समय बाद मोबाइल संभालने पर लगा। इस पर पीड़ित ने पुलिस शरण ली। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस इस मामले में घटना स्थल और उसके आस-पास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

## दो शातिर वाहन चोरों को पकड़ा

**जयपुर।** मालपुरा गेट थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दुपहिया वाहन चुराने वाले दो शातिर वाहन चोरों को पकड़ा है और उनके पास से पांच चोरी के दुपहिया वाहन भी जब्त किए गए है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व तेजस्वनी गौतम ने बताया कि मालपुरा गेट थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दुपहिया वाहन चुराने वाले महेन्द्र मोजमाबाद जिला जयपुर और हरेंद्र निवासी फागी जिला जयपुर को गिरफ्तार किया है।

## विवाह सम्मेलन में शामिल होने का निमंत्रण दिया

**जयपुर।** अखिल भारतीय हरियाणा गौड़ ब्राह्मण महासभा के तत्वाधान में 12 मई को आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष बिरधी चन्द शर्मा ने भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड सामूहिक विवाह सम्मेलन में अतिथि के रूप में भाग लेने का अनुरोध किया।

# मारपीट कर लूटपाट करने वाले गिरोह के चार बदमाश गिरफ्तार

## आरोपियों से लूटी गए दो चौपहिया वाहन और पांच मोबाइल किए बरामद



रामनगरिया थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मारपीट कर लूटपाट करने वाले गिरोह के चार बदमाशों को गिरफ्तार किया है।

- आरोपित शौक और नशे की पूर्ति के लिए लूट की वारदात को अंजाम देते है

**जयपुर।** रामनगरिया थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मारपीट कर लूटपाट करने वाले गिरोह के चार बदमाशों को धर-दबोचा है और उनके पास से लूटी गए दो चौपहिया वाहन सहित पांच मोबाइल बरामद किए है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व तेजस्वनी गौतम ने बताया कि रामनगरिया थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मारपीट कर लूटपाट करने वाले शातिर बदमाश पुष्पवीर सिंह पुष्पा (19) निवासी फुलिया कला जिला भीलवाडा हाल प्रताप नगर जयपुर,पवन गुर्जर (20) निवासी गंगापुर जिला सवाई माधोपुर हाल प्रताप नगर जयपुर,राजसिंह सिकरवार (22) निवासी चिनी जिला मुरैना(मध्य प्रदेश) हाल प्रताप नगर जयपुर और रोहित धोबी (20) चौथ का बरवाड़ा जिला सवाई माधोपुर हाल प्रताप नगर जयपुर को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से पुलिस ने लूटी गए दो चौपहिया वाहन सहित पांच मोबाइल जब्त किए गए है। सभी आरोपित शौक और नशे की पूर्ति के लिए लूट की वारदात को अंजाम देते है और साथ ही पुलिस ने बचने के लिए वारदात के समय अलग-अलग तरीके अपनाते है। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने जयपुर शहर में पांच लूट की वारदातों को अंजाम देना कबूला है।




## Celebrating the Soul of Music: International Jazz Day

Every year on April 30, the world grooves to the rhythms of International Jazz Day, celebrating a genre that transcends borders, cultures, and generations. Initiated by UNESCO in 2011, this day highlights jazz as a powerful tool for unity, peace, and cultural dialogue. From smoky New Orleans bars to global concert halls, jazz has always been about improvisation, freedom, and expression. Cities worldwide host live performances, workshops, and jam sessions to honour legendary artists and inspire new talent. This Jazz Day, let the smooth notes remind us that music can truly connect humanity.

#TRENDING

# Time to Dump Your Ex's Stuff!

### Tinder's 'Ex-Press Disposal Truck' Rolls into Mumbai!




Heartbreaks are hard, but getting rid of your ex's leftover stuff? That can be downright satisfying! Tinder India has come up with a fun, quirky solution to help you move on from your past relationships, enter the 'Ex-Press Disposal Truck.' Recently launched in Mumbai as part of Tinder's 'Move On' campaign, this mobile truck is here to make letting go of old love tokens a whole lot easier (and way more fun)!




## The Truck That Takes Your Ex's Stuff, Literally

Forget burning your ex's hoodie or throwing away old pictures in a fit of emotion. Tinder's 'Ex-Press Disposal Truck' offers you a place to toss those unwanted items with a smile. Whether it's love letters, random gifts, or that stuffed bear you regret ever accepting, this truck is ready to take them all. Simply walk up, say goodbye to your emotional clutter, and let the truck handle the rest. It's like a breakup therapy session on wheels!

## Mumbai Gets the First Glimpse

Mumbai, with its endless energy and street culture, was the perfect place for Tinder to roll out this hilarious, yet meaningful campaign. The truck made its rounds to various bustling spots around the city, including busy shopping areas and famous landmarks, turning heads and sparking conversations. People lined up to toss out mementos and snap selfies, making the experience a whole lot more memorable. Who knew emotional closure could be so Insta-worthy?

## Social Media Frenzy

The 'Ex-Press Disposal Truck' quickly became a social media sensation. Mumbaikars (and even visitors) couldn't resist sharing their funny and emotional moments of purging their pasts. From photos of exes to bizarre gifts, everyone had something to throw into the truck, and the internet loved it. #DumpYourEx was trending, and Tinder's fun twist on breakup culture was definitely getting people talking.

## It's All About Moving On

This isn't just about getting rid of stuff, it's about giving people a chance to really let go and start fresh. Tinder's campaign is a cheeky reminder that while breakups can sting, there's no shame in laughing through the process and making it a little more fun. Letting go of emotional baggage, no matter how trivial or sentimental, can be liberating, and the 'Ex-Press Disposal Truck' made that feel like a lighthearted adventure rather than a sad farewell.

## Mental Well-Being with a Smile


Tinder's 'Ex-Press Disposal Truck' also highlights their commitment to mental health and well-being. By offering this playful yet meaningful activity, they're encouraging users to confront their pasts head-on, making the process of healing less daunting. After all, who wouldn't feel a little better tossing out some old junk that reminds them of a less-than-ideal past relationship? So, if you're in Mumbai and need to ditch some old memories, keep an eye out for this fabulous truck, it might just be your ticket to emotional freedom (and a good laugh).





# I was in Pahalgam that Day...

This incident not only took away many lives but also took away the trust that the locals and paramilitary forces had built over the years. I spoke to my Caddy Farooq, who overheard our conversations regarding the brutal killing, and he was still in disbelief, as in the past, tourists were never targeted. He said everyone was set for a good season this year, and it was after several years, so many tourists were seen on the roads, who will come now? I could see hopelessness in his eyes.









Vikram Joshi
*Textile Technologist & Historian*

On that fresh, bright morning in Pahalgam, Kashmir, valley buzzed with tourists and taxis' honking horns. This was a sign of the peaceful tourist season that every local Kashmir resident sought. I was there to play golf along with two of my Jaipur buddies and the third, who joined us at Delhi airport. It was early summer, and the Lidder Valley Golf course in Pahalgam was opened for the first time after a long winter. The course was looking fresh with mist over the greens. We completed our front nine holes walking with local caddies and a few young Kashmiri kids who were excited to walk with us. Our fourball was the only group on the course, so, we completed it well in time to have breakfast at the course around ten A.M. While having breakfast, enjoying the fresh breeze and chirping of birds, oblivious to the storm that would soon descend on this peaceful valley. We had originally planned to finish the remaining 9 holes at Pahalgam, but due to the terrain of the course and playing golf without Golf carts, I got exhausted and suggested driving back to Srinagar to continue our game at the famous Royal Spring Golf course, where carts were available. It was a spontaneous suggestion, just a kind of decision one would take on a Golfing holiday. So, we left Pahalgam around 11 A.M. for Srinagar, but as we reached Srinagar and started our round of Golf, the restfulness, serenity we had just enjoyed couple of hours ago got shattered as the news broke: 'A deadly act of terrorist attack took place in Pahalgam few kilometers away from the Lidder Valley golf course, killing 26 men and injuring dozen.' A scene of brutal killing a few kilometres away where we swinging freely our golf clubs. The green which welcomed us with freshness was soaked in blood. The silence broke with screams.

Kashmir has been known for wars for years, but in the recent decade, the peace with hopeful silence had returned, which attracted travellers like us. Tourism has picked up with a large number of travellers across India and abroad, giving hope to Kashmiri residents to prepare their houseboats, shikaras and homestays for honeymooners and golfers like us. Kashmir golf courses are stunningly laid out and well kept, like Gulmarg is the oldest golf course in India, along with Royal Spring and Pahalgam, which are the most beautiful golf courses in north India.



## #MURDER OF SOULS



> As we were driving down from Pahalgam to Srinagar, our driver pointed out the site where the All India Medical Institute (AIMS) is being constructed. Massive development is getting noticed by the Kashmiris.

This incident wasn't just another terrorist attack, it was targeted at the softest target, The Tourists. It was in the hope that Kashmiris had for a successful Tourist season. As it's just not an industry, it's their way of life, it's a source of sustenance and their prayers for normalcy. When travellers reach Kashmir, the world gets to know that peace has returned, for which the Kashmiris have fought for years with the help of Paramilitary forces like BSF and CRPF. This incident not only took away many lives but also took away the trust that the locals and paramilitary forces had built over the years. I spoke to my Caddy Farooq, who overheard our conversations regarding the brutal killing, and he was still in disbelief, as in the past, tourists were never targeted. He said everyone was set for a good season this year, and it was after several years, so many tourists were seen on the roads, who will come now? I could see hopelessness in his eyes when the entire earnings came from the visitors. Just as the wounds of the past start healing somewhere, someone with a gun opens fire, shattering the peace, killing the innocent. Once again Kashmir pays the price for peace. Once again, the dreams are shattered. Once again, the Tulips will bloom without anyone looking at them. Once again, the saffron will be blood red.

What makes Kashmir so heartbreaking is the two extremes, on one side of the Dal or Jhelum, there are breathtaking views of snow-clad mountains, and on the roads, you will see barbed wire and barricades. On one hand, you will see fair, rosy-cheeked kids, and on the other hand, you will see commandos who paint their faces black, quite peaceful silence often broken by sirens-hooters. For people like me, who visit Kashmir, it is a treat, but for those who live there is a battleground between hope and helplessness.

Every visitor who visits Kashmir is an ambassador of peace, demonstrating that peace prevails in the valley. Sending back home a message that normal life is and can exist in the valley, but when such incidents happen, the message that resonates around the world is not just about the terrorist attack, but the failure of normal life. Once again, the media starts focusing on the failure of the systems, the failure of the peacekeeping forces. Once again, the place becomes a red zone, not to travel, once again, the bookings start getting cancelled. Once again, the houseboats will be empty, and once again, the Kashmiris will pay the price for being Kashmiris.

What stuck the most was the consequences of this deadly attack on tourists who lost their lives and the emotional impact on the people of Kashmir. My wife had asked me to pick up some dry fruits from a famous shop in Lal Chowk. I called the shopkeeper to enquire what time he will open tomorrow. He said I don't know what will happen tomorrow, but you try to reach the airport as soon as possible, as there will be a long wait at the airport. He was concerned about my safety, and not his business. While I pack my bags to prepare for early check-in, I think of the shopkeepers, small vendors, hotel owners and taxi drivers who are left behind with shattered dreams.

Many of the tourists who lost their lives were honeymooners. Those who have just tied the knot to starting their journey to live up to their dreams. Their death news gets multiplied by WhatsApp messages and videos shared on Facebook. The families and friends mourn sons and brothers who were just trying to start a new life. The death cannot be measured, but it's shared across the boundaries. These deaths weaken the hope of Kashmiris for peace, as the tourists who come, they just bring prosperity to them, but they take back stories in the form of pictures, blogs and videos which depict the story from fear to beauty from conflict to conserve.


As we were driving down from Pahalgam to Srinagar, our driver pointed out the site where the All India Medical Institute (AIMS) is being constructed. Massive development is getting noticed by the Kashmiris. The roads' infrastructure is so remarkably improved that the economy of the state gets noticed by people who profit by unrest. It's not a coincidence that there is a return of violence in the valley at the beginning of tourist season. It's a calculated act to draw international attention that the Kashmir problem still exists.

It's not a coincidence that the US Vice President was visiting India and our Hon'ble Prime Minister is about to inaugurate the Mega Railway project to connect the Valley with the rest of India. This is a calculated act to undo the years of hard work by our Paramilitary forces, undo the progress made in Infrastructure.

As we drove past the Police paramilitary barricades to the airport, I felt emotionally saddened by the experience of spending hours peacefully at the golf course, a break from city life. Witnessing the most beautiful tulips that bloom only for a few weeks. In just a day, the peace gets shattered. On that Golf course in Pahalgam, just a few hours before the tragedy struck, we marveled at how life had returned to normal. The local caddies shared jokes, children with rosy cheeks smiled and waved when we boarded the taxi for Srinagar. The air smelled of pine and promise. Today, those memories feel vivid but not shattered. It's not just 'another terrorist attack in Kashmir,' this time it's a test of our collective empathy. If we call this state 'our' Kashmir, we should call the locals our own Kashmiris. Boycotting the destination and the residents is not going to help.

It will further strengthen the hopes of extremists who fear for their joy. Peace in Kashmir cannot be left to the resilience of its people alone. As I see young boys and girls back on their two-wheelers to their school and colleges who seem to refuse to give up, we believe that Kashmir will be what Adi Shankaracharya saw, we believe in the faith and hope that Kashmiris have. We believe that we are not just one visit but to stand with them. For the sake of every little child who wants to wave at tourists, for every shikara that waits for the passengers and for every caddy who dreams of accompanying golfers like us on the greens, we must not look away.

rajeshsharma1049@gmail.com




#FESTIVITIES

# A Golden Tradition Amid Changing Times

### Akshay Tritiya remains a beacon of faith, fortune, and cultural continuity, even as economic headwinds test age-old rituals.

In the long calendar of Indian festivals, few days command as much cultural, emotional, and economic significance as Akshay Tritiya. Marked on the third lunar day of the bright half of Vaishakha, this annual celebration, also known as Akha Teej, has for generations stood as a symbol of enduring prosperity, spiritual merit, and fresh beginnings.



Traditionally, Akshay Tritiya is believed to be a day when any act of goodness, charity, or investment yields endless returns. The term 'Akshay' itself means imperishable, and this spiritual metaphor has evolved over the years into a powerful socio-economic tradition. Whether it's the purchase of gold, launching a new business, conducting weddings, or initiating long-term plans, the day is considered uniquely auspicious.

Religious lore reinforces this sentiment. It is believed to mark the birthday of Lord Parshuram, the sixth avatar of Vishnu, and is also associated with other sacred milestones, from the descent of the Ganges to Earth to the breaking of Lord Rishabhdev's year-long fast in Jainism. These associations amplify the sacredness of the day, particularly for communities across rural and semi-urban India.





Yet, beyond the myth and reverence, Akshay Tritiya has carved out a significant economic footprint. Gold plays an outsized role in the celebration, with the day accounting for one of the highest jewellery purchase volumes annually. The belief that buying gold on Akshay Tritiya brings unending wealth has turned it into a crucial commercial event for the jewellery industry. "In villages and small towns, this is not just a festival. It is a seasonal economy," says Kapil Agrawal, owner of Siddhi Vinayak Jewellers in Kota. "Most farmers receive payments for their harvest around this time, and their increased purchasing power fuels a wave of weddings, shopping, and investments."



Indeed, Akshay Tritiya is among the few remaining traditional occasions where economic and religious calendars align. It is also one of the rare days where weddings are conducted without the need for an astrologer-approved muhurat. From community halls to temple courtyards, the day marks a surge in marriage ceremonies, especially in rural India where tradition holds strong. However, 2025 has presented its own set of challenges. With global gold prices surging by over 40% in the past year, consumer enthusiasm has been tempered. "This year, sales have dropped nearly 60% despite strong footfall," Agrawal notes. "People are cautious. Some still buy for the sake of tradition, but the volume is much lower."


The price hike is largely attributed to international market volatility, including geopolitical tensions and tariff issues, most notably the impact of U.S. trade policies. For an industry that relies heavily on sentiment and seasonal timing, such fluctuations can dampen what should otherwise be a peak sales period.



Still, rituals adapt, if not fade. Urban consumers are increasingly turning to digital gold, lightweight jewellery, and smaller symbolic purchases to keep the spirit of Akshay Tritiya alive without overburdening their finances. E-commerce platforms and mobile apps are being used to book gold investments and temple offerings remotely, signalling a generational shift in how festivals are celebrated.

Interestingly, this shift has not diluted the festival's relevance. If anything, it has made Akshay Tritiya more accessible to a new, tech-savvy generation that balances reverence with reality. The essence of the day, to begin with good intent, to build something lasting, and to give with a full heart, remains untouched. As India navigates changing economic winds, festivals like Akshay Tritiya act as cultural anchors. They remind us of continuity in the face of disruption, and of values that outlast volatility. Even if the gold is lighter this year or the celebrations quieter, the belief in what the day represents endures. So, while jewellers may be reeling under slower sales, and rural families may rethink their wedding budgets, Akshay Tritiya still shines, not just in karats, but in conviction. It is not merely a day of wealth but of worth. And in that, its relevance remains unshaken.

## THE WALL





## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# जमीन विवाद में महिला की हत्या, उपचार के दौरान जयपुर में दम तोड़ा

## महिला के देवर और जेठ इस बात को लेकर नाराज थे कि उसके पति ने अपने हिस्से की जमीन बेच दी थी



मारपीट की घटना सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई।

■ जब जमीन खरीदने वाला व्यक्ति गांव आया तो महिला के जेठ और देवर अपने परिवार सहित झगड़ा करने पहुंच गए

**सूरजगढ़,** (निसं)। थाना इलाके के स्यालू खुर्द गांव में जमीन विवाद में एक महिला की हत्या कर दी। जानकारी के अनुसार महिला के देवर और जेठ इस बात को लेकर नाराज थे कि उसके पति ने अपने हिस्से की जमीन बेच दी थी। घटना सोमवार की है। जब जमीन खरीदने वाला व्यक्ति गांव आया तो महिला के जेठ और देवर अपने परिवार सहित उससे झगड़ा करने पहुंच गए। जब मामला गरम होता दिखा तो जमीन को खरीदने वाला व्यक्ति तो वहां से चला गया, लेकिन आपसी झगड़े में महिला के गंभीर चोटें आई, जिससे उसकी मौत हो गई।

जानकारी के मुताबिक स्यालू खुर्द गांव में चार भाइयों रघुवीर, दाताराम, निहालसिंह और महेंद्र सिंह की पुश्तैनी जमीन थी। चारों भाइयों ने अपना-अपना हिस्सा बांट रखा था। इसमें से निहाल सिंह ने गत दिनों अपने हिस्से की जमीन सज्जन नाम के व्यक्ति को बेच दी। जिसका पता नेवी में कमांडर महेंद्र सिंह भालोठिया को लगा तो वह गांव आया। सोमवार को सज्जन कुलहार जब निहाल सिंह से मिलने के गांव आया तो महेंद्र सिंह भालोठिया, उसका बड़ा भाई दाताराम, बेटा पवन आदि सज्जन कुलहार की गाड़ी के पास पहुंच गए। दोनों पक्षों में बहस हुई तो मौके की नजाकत भांपते हुए सज्जन मौके से चला गया, लेकिन गरमागरमी में निहाल सिंह पर कमांडर महेंद्र सिंह भालोठिया, दाताराम, महेंद्र सिंह का बेटा पवन कुमार और घर की महिलाओं ने हमला बोल दिया। इस मारपीट में निहाल सिंह की पत्नी संतोष के गंभीर चोटें लगी। जिससे वह मौके पर ही बेहोश हो गई। पड़ोसियों ने पहुंचकर मामला शांत कराया और संतोष को सूरजगढ़ के अस्पताल ले जाया गया, जहां से उसे जयपुर रैफर कर दिया। जयपुर में संतोष ने दम तोड़ दिया। संतोष की मौत की सूचना पर एसएचओ हेमराज मीणा जयपुर पहुंचे। एसएमएस अस्पताल में मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को शव सौंप दिया।

इधर, मंगलवार को संतोष की मौत की सूचना के बाद गांव के मंदिर में ग्रामीणों की बैठक हुई। जिसमें इस मामले की निंदा करते हुए ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि निहालसिंह के कोई बेटा-बेटी नहीं है। निहाल सिंह से आए दिन उसका भाई कमांडर महेंद्र सिंह झगड़ा करता था, जिससे परेशान होकर निहाल सिंह अपनी जमीन बेचकर दूसरी जगह पर शिफ्ट होना चाह रहा था। तो वहीं कमांडर महेंद्र सिंह और उसका भाई दाताराम, निहाल सिंह के हिस्से की जमीन को हड़पना चाह रहे थे। यही कारण है कि सोमवार को मारपीट हुई, जिसमें निहाल सिंह की पत्नी की जान चली गई। संतोष देवी का शव देर रात को गांव पहुंचा, जिसका बुधवार सुबह दाह संस्कार किया जाएगा।

सोमवार को हुई मारपीट के बाद निहाल सिंह की पत्नी संतोष देवी की हालत गंभीर थी। निहाल सिंह अपनी पत्नी का इलाज करवाने के लिए जयपुर चला गया। पीछे से कमांडर महेंद्र सिंह भालोठिया ने थाने में निहाल सिंह, उसकी पत्नी संतोष, जमीन खरीदने वाले सज्जन, उसके एक साथी, पड़ौसी हेमराज तथा उसके दिवंगत भाई रघुवीर सिंह की पत्नी चंद्रकला के खिलाफ थाने में मामला दर्ज करवाया। जिसमें उसने छहों लोगों पर उसके, उसकी पत्नी सुशीला, बेटे पवन आदि के साथ मारपीट करने का आरोप लगाया है। एफआईआर में महेंद्र सिंह ने आरोप लगाया था कि निहाल सिंह ने उसके हिस्से का कुआं और रास्ते की सामलाती जमीन को बेच दिया, जिसके बाद जमीन खरीदने वाला सज्जन लगातार धमकियां दे रहा था। यही कारण है कि वह भी अपनी ड्यूटी से छुट्टी लेकर गांव आया था।

**निहाल सिंह ने जयपुर में दी रिपोर्ट :-**इधर, निहाल सिंह अपनी पत्नी का ईलाज करवाने के लिए जयपुर चला गया था। जिसके कारण उसने सोमवार को रिपोर्ट नहीं दी। मंगलवार को उसकी पत्नी की मौत के बाद उसने जयपुर में ही लिखित रिपोर्ट दी। जिसमें उसने बताया कि सोमवार को जब वह अपने घर बैठा था तो उसकी जमीन खरीदने वाला सज्जन आया। इसी दौरान उसका भाई महेन्द्र सिंह, महेंद्र की पत्नी सुशीला, बेटा पवन कुमार, दूसरा भाई दाताराम व दाताराम की औरत इन्द्रा पांचो एक साथ होकर हाथों मे लाठी सरिया व धारधार हथियार लेकर व महेंद्र सिंह अपनी सर्विस रिवाल्वर लेकर जान से मारने की नियत से उसके घर में घुसकर पहले गाली-गलौच और बाद में मारपीट शुरू कर दी। इसके बाद उसका छोटा बेटा अंकित और अंकित की पत्नी निधि व पवन की पत्नी भी पहुंच गई। सभी ने उससे और उसकी पत्नी के साथ मारपीट की। मारपीट के दौरान महेंद्र सिंह बार-बार सर्विस रिवॉल्वर लहरा रहा था और जान से खत्म करने की धमकी दे रहा था। इसके बाद उसकी पत्नी से की गई गंभीर मारपीट वह घायल हो गई। जिसकी जयपुर में मौत हो गई।

**दोनों की पत्नियां सगी बहनें :-**मृतक संतोष देवी और आरोपी महेंद्र सिंह की पत्नी सुशीला देवी, दोनों सगी बहनें है। बावजूद इसके जमीन को लेकर दोनों ही पक्षों में लंबे समय से विवाद हो रहा था। महेंद्र सिंह के साथ उसका दूसरा भाई दाताराम भी है। तो निहाल सिंह के साथ उसके भाई की पत्नी चंद्रकला साथ है। निहाल सिंह के भाई रघुवीर का निधन हो चुका है। उसका पूरा परिवार किसी दूसरे गांव में रहता है। विवाद निहाल सिंह के हिस्से की जमीन बेचने पर ज्यादा बढ़ गया। आए दिन होने वाले झगड़े से परेशान होकर निहाल सिंह ने अपने मकानों में सीसीटीवी कैमरे भी लगा रखे थे। जिसमें यह मारपीट की घटना रिकॉर्ड हो गई।

# नौ दिन से लापता बुजुर्ग व्यापारी का कंकाल सड़क किनारे मिला

## हाइवे से गुजर रहे राहगीरों ने कुत्तों को कंकाल चबाते देखा तो सिहरन दौड़ गई

■ पुलिस ने पहचान के प्रयास में मिसिंग रिपोर्ट खंगाली तो परिजनों ने आकर बुजुर्ग की पहचान कपड़ों से की

■ लोगों को ब्याज पर रुपए देने का काम करते थे, परिजनों ने हत्या की आशंका जताई

**पाली,** (नि.सं.)। 60 साल के बुजुर्ग व्यापारी का नर कंकाल हाइवे किनारे मिलने से शहर में सनसनी फैल गई। हाइवे से गुजर रहे राहगीरों ने कुत्तों को कंकाल चबाते देखा तो सिहरन दौड़ गई। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने पहचान के प्रयास में मिसिंग रिपोर्ट खंगाली तो परिजनों ने आकर बुजुर्ग की पहचान उनके कपड़ों से की।

परिजनों के अनुसार, बुजुर्ग पिछले नौ दिन से लापता थे। वे लोगों को ब्याज पर रुपए देने का काम करते थे। कुछ ही दिन पहले उन्होंने अपनी एक जमीन भी बेची थी। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। मामला मंगलवार का पाली के शिवपुरा थाना इलाके का जाडन-मारवाड़ रोड पर खारड़ी गांव के पास का है।

शिवपुरा थाना इंचार्ज देवेंद्र सिंह ने बताया कि राहगीरों की सूचना पर जाडन-मारवाड़ रोड पर पहुंचे थे। यहां रामस्वरूप बावरी (60) निवासी खारड़ी का कंकाल मिला था। परिजनों के कंकाल पर लिपटे कपड़ों के आधार पर उसकी पहचान की। इंचार्ज ने बताया रामस्वरूप के भतीजे प्रकाश ने 24 अप्रैल को सोजतरोड थाने में बुजुर्ग की मिसिंग रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। सोजत रोड थाना इंचार्ज जबर सिंह भी मौके पर आ गए थे। इसके बाद परिजन को बुलाया गया। बुजुर्ग की पूरी बॉडी को जानवरों नोच रखा था। कपड़ों से परिजनों ने शिनाख्त कर ली। अब मामले में मंगलवार रामस्वरूप के भाई मांगीलाल ने शिवपुरा थाने में हत्या की आशंका जताते हुए रिपोर्ट दी है। पुलिस ने बॉडी पाली के बांगड़ हॉस्पिटल की मॉर्चुरी में रखवाई। मेडिकल बोर्ड से पोस्टमॉर्टम करवाया जाएगा। मौके पर एएसपी (पाली) विपिन कुमार शर्मा, सीओ सोजतसिटी जेठू सिंह भी पहुंचे थे। इसके साथ ही एफएसएल टीम को मौके पर बुलाया गया। परिजनों के अनुसार, रामस्वरूप बावरी 21 अप्रैल को घर से पाली शहर जाने की कहकर निकले थे। इसके बाद से उनसे संपर्क नहीं हो पाया है। उन्हें 24 अप्रैल तक जगह-जगह तलाश किया, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लगा तो थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई। परिजनों ने बताया कि कुछ समय पहले ही रामस्वरूप ने अपनी जमीन बेची थी। उसे जमीन का अच्छा दाम मिला था। वह परिचित जरूरतमंदों को ब्याज पर रुपए उधार देता था। विवाहित नहीं होने के कारण उसका खुद का परिवार नहीं था।

# श्रीविजयनगर में अवैध कॉलोनियों पर प्रशासन ने शिकंजा कसा

## एसडीएम ने 16 बीघा भूमि पर यथास्थिति बनाए रखने के आदेश दिए

**श्रीगंगानगर,** (निसं)। जिले के श्रीविजयनगर उपखंड क्षेत्र में अवैध कॉलोनियों के खिलाफ प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई की है। उपखंड अधिकारी शकुंतला चौधरी के निर्देश पर राजस्व अधिकारियों ने जांच कर 29 जीबी बी स्थित मुरबा नंबर 28 की 16 बीघा कृषि भूमि पर बिना अनुमति कॉलोनी काटने की पुष्टि की। इसके बाद उपखंड अधिकारी ने मौके और रिकॉर्ड की यथास्थिति बनाए रखने के आदेश जारी करते हुए तत्काल प्रभाव से निर्माण कार्य पर रोक लगा दी है।

उपखंड अधिकारी शकुंतला चौधरी ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि 29 जीबी बी क्षेत्र में कृषि भूमि पर बिना सक्षम प्राधिकारी की अनुमति के अवैध रूप से आवासीय कॉलोनी विकसित की जा रही है। यह कार्य काश्तकारी शर्तों का स्पष्ट उल्लंघन है। मामले की गंभीरता को देखते हुए तहसीलदार बाबूलाल रैगर को जांच के निर्देश दिए गए। जांच में पाया कि खातेदारों द्वारा कृषि भूमि पर अवैध प्लॉटिंग कर विक्रय किया जा रहा था, जो नियमों के विरुद्ध है। तहसीलदार की रिपोर्ट के आधार पर राज्य सरकार के निर्देशानुसार अवैध कॉलोनी के विरुद्ध कार्यवाही शुरू की गई।

उपखंड अधिकारी ने बताया कि खातेदारों को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए निर्देशित किया गया है कि वे नीयत तिथि पर अपना पक्ष प्रस्तुत करें। साथ ही मौके पर स्थिति बरकरार रखने के लिए सभी संबंधित पक्षों को निर्देशित किया गया है। प्रशासन ने साफ कर दिया है कि यदि बिना अनुमति के भूमि उपयोग परिवर्तन अथवा अवैध कॉलोनी विकास की गतिविधियां पाई गईं तो नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी। क्षेत्र में ऐसी अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए भविष्य में भी नियमित रूप से निरीक्षण अभियान चलाए जाएंगे।

# उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी रामगढ़ स्थित ऐतिहासिक मोहर हवेली पहुंची

## 'पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए हवेलियों के संरक्षण के लिए योजना के बारे में तैयारी की जायेगी'

■ दिया कुमारी ने रामायण से युक्त छतरियां, फ्रैंसको पेंटिंग भित्ति चित्र युक्त हवेली, हेरिटेज धरोहर का बारीकी से अवलोकन किया

**सीकर,** (निसं)। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने मंगलवार को रामगढ़ स्थित ऐतिहासिक मोहर हवेली पहुंचकर हवेली का अवलोकन कर वहां स्थित आर्ट गैलरी का अवलोकन किया।

उपमुख्यमंत्री ने बताया कि रामगढ़ शेखावाटी को सीकर जिले में हेरिटेज सिटी और रामगढ़, फतेहपुर, मंडावा, नवलगढ़ सहित शेखावाटी रीजन को पर्यटन सर्किट के रूप में विकसित किया जा रहा हैं। उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने रामगढ़ में रुककर लगभग आधा दर्जन से अधिक हवेलियों का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने रामायण से युक्त छतरियां, फ्रैंसको पेंटिंग भित्ति चित्र युक्त हवेली, हेरिटेज धरोहर का बारीकी से अवलोकन किया। उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने कहा कि शेखावाटी में टूरिज्म बढ़ाने के लिए हमने पिछले बजट में घोषणा की थी, आज मैं रामगढ़ के दौरे पर आई हूं, रामगढ़ की हवेलियों के लिए भविष्य में क्या बेहतर कर सकते हैं ताकि जो हवेलियां बची हुई है, उनका संरक्षण करने के लिए क्या प्रावधान ला सकते हैं, इसके बारे में विचार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जो ऐतिहासिक हवेलियां है, उनको चिन्हित करेंगे कि किन हवेलियों को हम संरक्षण कर उनकी मरम्मत करवा सकते हैं ताकि यहां और अधिक पर्यटक आ सके। उन्होंने बताया कि राजस्थान में इस साल सबसे ज्यादा टूरिस्ट शेखावाटी क्षेत्र में पहुंचे हैं, जल्द ही कोई ऐसी कमेटी बनाई जाएगी ताकि इन सुंदर और ऐतिहासिक हवेलियों को बचाया जा सके और इनके माध्यम से रोजगार को भी बढ़ावा मिलेगा। उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने बताया कि पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए हवेलियों के रखरखाव और संरक्षण के लिए योजना के बारे में तैयारी की जायेगी, जिससे देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों की संख्या में वृद्धि की जा सके। इस दौरान पूर्व सांसद झुंझुनूं नरेंद्र खीचड़, भाजपा जिला अध्यक्ष मनोज बाटड़, गोर्वधन सिंह, जितेंद्र कारंगा, पूर्व आईपीएस केशर सिंह, श्रुति पोदार, अतुल खन्ना, रघुवेन्द्र सिंह डूंडलोद, मधुसूदन मालानी, गोवर्धन सिंह, गणेश नारायण शास्त्री, एडीएम भावना शर्मा सहित अधिकारी उपस्थित रहे।

# राजकार्य में बाधा के मामले में चार गिरफ्तार

■ जानवी हत्याकांड के दौरान रोड जाम कर राजकार्य में बाधा उत्पन्न करने व राजकीय सम्पत्ति को नुकसान पहुंचाने के मामले में कार्रवाई की

**बांसवाड़ा,** (निसं)। लोहारिया थाना पुलिस ने पालोदा कस्बे में जानवी हत्याकांड के दौरान रोड जाम कर राजकार्य में बाधा उत्पन्न करने व राजकीय सम्पत्ति को नुकसान पहुंचाने के मामले में चार को गिरफ्तार किया।

थानाधिकारी शिशुपाल सिंह ने बताया कि 23 मार्च को पालोदा कस्बे में जानवी की हत्या के विरोध में 100-150 व्यक्ति पालोदा बस स्टेंड उदयपुर-बांसवाड़ा हाइवे पर रोड जाम कर सरकारी वाहन पर पत्थर फेंक नुकसान पहुंचाने व पुलिसकर्मियों के साथ धक्का-मुक्की करने पर प्रकरण बीएनएस एवं धारा 3 पीडीपीपी एक्ट में दर्ज कर जांच की गयी। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक हर्षवर्धन अग्रवाला, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेश भारद्वाज व गढ़ी वृत्ताधिकारी सुदर्शन पालीवाल के निकट सुपरविजन में जांच कर अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिये लोहारिया थानाधिकारी शिशुपाल सिंह के नेतृतव में टीम गठित की गयी। इस टीम ने अभियुक्तों की तलाश की तो ज्ञात हुआ कि घटना के बाद पुलिस की गिरफ्त से बचने के लिये इधर-उधर छिपते फिर रहे हैं। जिस पर तोड़फोड़ व रोड जाम की घटना करने वालों में से 4 व्यक्तियों को डिटेन कर पूछताछ की गयी तो घटना में शरीक हो रोड जाम व सरकारी वाहन में तोड़फोड कर पुलिसकर्मियों के साथ धक्का-मुक्की करना स्वीकार किया। जिस पर दिनेश उर्फ पप्पु पुत्र वालजी गामोट निवासी पालोदा, गटु उर्फ नरेश पुत्र जीवतराम गामोट निवासी पालोदा, रमेश पुत्र धुलजी भगोरा निवासी पालोदा व रवि पुत्र लालजी माली निवासी पालोदा थाना लोहारिया को गिरफ्तार किया गया।

# 75 लाख की लागत से बनी सड़क एक माह में उखड़ी, ग्रामीणों में आक्रोश

■ वाहन चालकों को जान जोखिम में डाल गुजरना पड़ रहा है

**नसीराबाद,** (निसं)। सरकार की योजनाओं के तहत ग्रामीण क्षेत्रों को मुख्य मार्गों से जोड़ने के लिए करोड़ों रुपये की लागत से सड़क निर्माण कार्य करवाया जा रहा है, लेकिन भ्रष्टाचार और लापरवाही के चलते ये कार्य लोगों के लिए परेशानी का सबब बनते जा रहे हैं। ऐसा ही एक मामला नसीराबाद क्षेत्र में सामने आया है, जहां लगभग 75 लाख रुपये की लागत से बनी सड़क महज एक माह में ही उखड़ गई।

सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा नसीराबाद को राष्ट्रीय राजमार्ग-48 से जोड़ने वाली सड़क का निर्माण करीब दो माह पूर्व ही पूर्ण किया गया था, लेकिन निर्माण के एक माह के भीतर ही सड़क पर जगह-जगह बड़े गड्ढे उभर आए हैं और डामर पूरी तरह उखड़ चुका है। वाहन चालकों को जहां रोज़ाना जान जोखिम में डालकर गुजरना पड़ रहा है, वहीं ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है। देरांठू, आदर्श विद्या मंदिर विद्यालय व आसपास के ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि सड़क निर्माण में ठेकेदार द्वारा घटिया सामग्री का उपयोग किया गया और विभागीय अधिकारियों ने निर्माण कार्य की मॉनिटरिंग नहीं की। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क बनने से पहले ही लापरवाही दिखाई दी, लेकिन शिकायतों के बावजूद किसी ने संज्ञान नहीं लिया। यह सड़क अभी गारंटी पीरियड में है, ऐसे में निर्माण एजेंसी की जिम्मेदारी बनती है कि वह दोषपूर्ण कार्य की तुरंत मरम्मत कराए। लेकिन जब इस संबंध में विभाग के सहायक अभियंता से संपर्क किया गया तो उन्होंने 'जल्द मरम्मत करवा दी जाएगी' कहकर पल्ला झाड़ लिया। यह सड़क नसीराबाद को देरांठू व आदर्श विद्या मंदिर जैसे प्रमुख संस्थानों से जोड़ती है, बावजूद इसके इस समस्या की ओर न तो जनप्रतिनिधियों का ध्यान जा रहा है और न ही प्रशासन की कोई प्रभावी कार्रवाई नजर आ रही है। इससे ग्रामीणों में रोष है। ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर एवं मुख्यमंत्री से मांग की है कि इस प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच करवाई जाए तथा घटिया निर्माण कार्य में लिप्त ठेकेदार, अभियंता और संबंधित अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

# खाद्य सुरक्षा टीम ने गोदाम से 684 लीटर घी जब्त किया



पुलिस प्रबंधन और खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने कार्रवाई की।

■ फेमस ब्रांड के नाम का उपयोग कर खुद के ब्रांड का घी बेच रहे थे

**पाली,** (नि.सं.)। पाली शहर के नया हाउसिंग बोर्ड स्थित शिव शक्ति सेल्स गोदाम में बन रहे सरस ब्रांड जैसे उत्पाद की सूचना पर पुलिस प्रबंधन और खाद्य सुरक्षा विभाग ने संयुक्त कार्रवाई की, जहां आईपीएस ऊषा यादव और खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुरेशचंद्र शर्मा ने गोदाम में निरीक्षण किया।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुरेशचंद्र शर्मा ने बताया कि मौके से 684 लीटर घी जब्त किया गया तथा डेयरी सरस के 2 श्री पार्श्व घी का 1 और भैरव सरस का 1 सैंपल लिया। चारों सैंपल जांच के लिए जोधपुर भिजवाए गए। इसके साथ ही यहां मारवाड़ की शान सरस, डेयरी सरस, श्याम सरस, ज्योति सरस, भैरव सरस, श्री पार्श्व सरस जैसे कई ब्रांड की के पैकेट और टीन मिले। पाली दुग्ध उत्पादन समिति के सदस्यों को भी मौक पर बुलाया गया। जिन्होंने सीओ सिटी ऊषा यादव को शिकायत दी। जिसमें बताया कि सरस ब्रांड नाम को उपयोग कर यह लोग बाजार में अपनी ओर से बनाया गया घी बेचकर सरस ब्रांड की साख को खराब करने का काम कर रहे हैं। इस मौके पर तीन थाने की पुलिस की टीमें मौजूद रही।

# नानूवाली बावड़ी में सड़क निर्माण कार्य आमजन के लिए परेशानी बना

## गांव का रास्ता बंद हो जाने से लोगों को पांच किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ रही है



सड़क निर्माण कार्य में लापरवाही होने से वाहन चालक परेशान हो रहे हैं।

■ ठेका कंपनी बिना मैनेजमेंट के कार्य कर रही है, जिसका खामियाजा आमजन को भुगतना पड़ रहा है

**खेतड़ी,** (निसं)। खेतड़ी में पिछले काफी समय से चल रहा स्टेट हाइवे का निर्माण कार्य आमजन के लिए परेशानी का सबब बन रहा है। नानूवाली बावड़ी में गांव का रास्ता बंद हो जाने से लोगों को पांच किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ रही है। सड़क निर्माण कार्य में लापरवाही होने से व्यापारियों को भी नुकसान हो रहा है।

व्यापार मंडल अध्यक्ष अशोक सैनी ने बताया कि ठेका कंपनी के द्वारा लोगों को परेशानी को ध्यान में ना रखते हुए कार्य किया जा रहा है। सड़क की खुदाई कर देने से नानुवाली बावड़ी के गांव में जाने वाला रास्ता अवरुद्ध हो गया है, जिसकी वजह से लोगों को पांच किलोमीटर का चक्कर लगाकर नानुवाली बावड़ी आना पड़ रहा है। ठेका कंपनी ने रोड की खुदाई करके उसको प्लान नहीं किया और ना ही पानी छिड़का जाता है।

अशोक सैनी ने बताया कि दिनभर सड़क से धूल के गुब्बार उठने से दुकानदारों के पूरे दिन मिट्टी दुकानों के अंदर जाती है। वहीं दिनभर सड़क पर जाम का आलम बना रहता है। ठेका कंपनी बिना मैनेजमेंट के कार्य कर रही है, जिसका खामियाजा आमजन को भुगतना पड़ रहा है। सड़क का निर्माण कार्य एक साइड का सुचारू करके फिर काम करना चाहिए। सोमवार को भी जाम लग जाने से एम्बुलेंस और गाड़ियों को दो घंटे तक जाम का सामना करना पड़ा।

व्यापार मंडल के लोगों ने बताया कि अगर ठेका कंपनी कार्य सही नहीं करती है तो उनके द्वारा विरोध किया जाएगा। इस दौरान उन्होंने ठेका कंपनी से सड़क निर्माण के दौरान पानी का छिड़काव करवाने, एक साइड का रास्ता सुचारू रूप से चालू करने की मांग की। इस मौके पर रामअवतार सैनी, बद्रीप्रसाद सैनी, जेपी सैनी, राजेश सैनी, निक्कू सैनी, सुरेश सैनी सहित अनेक लोग मौजूद थे।

# आतंकी हमले के विरोध में चनाना कस्बा बंद रहा

**सुलताना,** (निसं)। पहलगाम आतंकी हमले को लेकर आमजन में आक्रोश हैं। झुंझुनूं जिले में लोग आतंकी घटना का विरोध जता रहे हैं। मंगलवार को चनाना कस्बा बंद रहा। चनाना बन्द के दौरान सभी बाजार, प्रतिष्ठान, अन्य संस्थान पूर्णतः बंद रहे।

■ चनाना बन्द के दौरान सभी बाजार, प्रतिष्ठान, अन्य संस्थान बंद रहे

इसी क्रम में मंगलवार को चनाना कस्बा बंद रहा। व्यापारियों और आमजन ने आतंकवाद के खिलाफ सख्त कार्रवाई मांग की। विभिन्न संगठनों ने बंद का आव्हान किया था, जिसे व्यापार मंडल ने अपना समर्थन दिया। व्यापारियों ने स्वेच्छा से अपने प्रतिष्ठान रखे।

व्यापार मंडल और स्थानीय नागरिकों ने आतंकवादी गतिविधियों की कड़ी निंदा करते हुए सरकार से आतंकियों और उन्हें पनाह देने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। लोगों का कहना है कि आतंकवाद को जड़ से समाप्त करने के लिए अब निर्णायक कदम उठाने का समय आ गया है। उन्होंने आतंकवाद के ठिकानों पर कठोर और प्रभावी कार्रवाई की मांग की। चनाना बन्द के दौरान सभी बाजार, प्रतिष्ठान, अन्य संस्थान पूर्णतः बंद रहे।

## संक्षिप्त

### विप्र जनो ने मनाई परशुराम जयंती

**मालपुरा ( निस)** । भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर मालपुरा में विप्र जनो ने परशुराम जयंती मनाई । महाआरती कर हनुमान चालीसा का पाठ किया। विप्र फाउण्डेशन के बैनर तले मंगलवार को पुरानी तहसील मदन मोहन जी मंदिर मे जुटे विप्र जनो ने भगवान परशुराम के जयकारो के साथ महाआरती की गई। मंदिर मे मौजूद विप्रजनो ने सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ व महिलाओं ने सत्संग का आयोजन कर प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर मौजूद विप्र जनो ने विप्र समाज की दशा व दिशा पर मंथन करते हुये समाज की उन्नति के लिये मिलकर प्रयास करने पर जोर दिया तथा समाज में शिक्षा व रोजगार के अवसर को बढावा देने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम के अन्त में विप्रजनों ने पहलगाम आतंकी हमले में शहीद हुये निर्दोष पर्यटकों को श्रद्धांजली दी।

### ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

**टोंक।** घाड क्षेत्र के डाटूंदा गांव में पानी की समस्या को लेकर मंगलवार को लोगों ने दूनी-नगरफोर्ट स्टेट हाईवे पर महिला-पुरुषों ने मटकियां, झाडिया से रोड जाम कर प्रदर्शन किया, सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची, जहां लोगों को समझाया। प्रदर्शनकारियों की बीसलपुर बांध पेयजल परियोजना के अधिकारियों से बात कर जब अधिकारियों द्वारा सप्लाई सुचारू करने के आश्वासन पर प्रदर्शनकारियों ने जाम हटाया।

### अवैध कनेक्शन काटे

**मालपुरा (निस)** । जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग डिग्गी कार्यालय की विशेष टीम ने मंगलवार को अवैध नल कनेक्शनधारियों पर कार्यवाही को लेकर विशेष अभियान चला डिग्गी क्षेत्र के प्रतापपुरा गांव में आधा दर्जन अवैध नल कनेक्शन काटने की कार्यवाही कर सम्बन्धित लोगों को भविष्य में दोबारा अवैध कनेक्शन नही करने के लिये पाबंद कर नोटिस जारी किया गया।

### परामर्श शिविर आज

**श्रीमाधोपुर।** लायंस क्लब श्रीमाधोपुर द्वारा हर माह के अंतिम दिन लगाए जाने वाला 46 वां शिविर इस माह 30 अप्रैल को प्रातः 10 से दोपहर 12 बजे तक डॉक्टर महेंद्र प्रताप तिवारी हॉस्पिटल स्टेशन रोड श्रीमाधोपुर में लगाया जाएगा। जिसमें रोगी निःशुल्क मधुमेह जांच, बीपी जांच और अपना वजन करवा सकते हैं । शिविर में डॉक्टर महेंद्र प्रताप तिवारी निःशुल्क परामर्श भी देंगे। लायंस क्लब श्रीमाधोपुर के अध्यक्ष पूर्व वैज्ञानिक सीताराम सैनी ने श्रीमाधोपुर और आसपास के क्षेत्र के लोगो से इस सुविधा का अधिक से अधिक लाभ उठाने का आठाह किया है।

### ज्योति कलश यात्रा का शुभारंभ

**श्रीमाधोपुर** । गायत्री तीर्थ, शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वाधान में चल रही ज्योति कलश यात्रा का शुभारंभ 1 मई 25 को गायत्री शक्तिपीठ श्रीमाधोपुर से प्रातः 7:00 बजे यज्ञ द्वारा किया जाकर प्रात 8:00 बजे रथ यात्रा का स्वागत स्वामियों का मोहल्ला - अठासेन कॉलोनी-चौकडी वाली ढ णी- गौशाला रोड- नवोडी कॉलोनी -सीकर बाजार-रिंगस बाजार- लक्ष्मी मिष्ठान भंडार -परमानंद जी सोनी के मकान के पास पूजा करने के बाद दोपहर विश्राम लक्ष्मी मंदिर में किया जाएगा दोपहर 3:30 बजे से पुष्पनगर -बडबोर वाली ढ णी- गणेश मन्दिर - खंडेला बाज़ार - रघुनाथजी मन्दिर -मंगल कॉलोनी -साध्यावाली कॉलोनी- पुराने कोर्ट के सामने -सुरानी बाजार -लक्ष्मी मन्दिर में पूछेगी शाम 6:00 बजे से रात्रि 8:00 तक लक्ष्मी मंदिर में दीप यज्ञ किया जाएगा । विनोद भारद्वाज ने सभी से आठाह है कि ज्योति कलश यात्रा का सपरिवार पूजन कर हिमालय की ऋषि संताओ का आशीर्वाद प्राप्त कर गायत्री परिवार के अभियान से जुडकर श्रेय सौभाग्य को प्राप्त करें ।

नम्बर मिलाइए 9587884433

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

# भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर शोभा व कलश यात्रा निकाली

**दौसा।** भगवान परशुराम जन्मोत्सव आयोजन समिति एवं ब्राह्मण समाज के विभिन्न संगठनों के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को अक्षय तृतीया पर भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर शोभा एवं कलश यात्रा का आयोजन किया गया,जिसमें हजारों की संख्या में ब्राह्मण समाज के लोगों ने भाग लिया। वही दूसरी और कलश एवं शोभायात्रा का विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा पुष्प वर्षा कर अनेक स्थानों पर स्वागत किया गया। इधर शोभायात्रा में शामिल लोगो ने केसरिया साफा बांध रखे थे, जिसके चलते पूरा शहर केसरिया रंग में रंग गया। वही दूसरी और महिलायें सिर पर कलश धारण कर मागलिक गीत गाती हुई चल रही थी।

उल्लेखनीय है कि मंगलवार को भगवान परशुराम जन्मोत्सव आयोजन समिति एवं ब्राह्मण समाज के विभिन्न संगठनों के संयुक्त तत्वावधान में भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर शोभा यात्रा, कलश यात्रा का आयोजन किया गया। कलश एवं शोभायात्रा विधि विधान एवं मंत्रोच्चारण के साथ सोमनाथ मंदिर से रवाना हुई। कलश यात्रा में जहां रंग बिरेगे परिधानो में सजी महिलाये सिर कलश धारण करती हुई चल रही थी, वही शोभा यात्रा में लोगो ने सिर पर केसरिया साफा बांध रखे थे साथ ही भगवान परशुराम का जयघोष लगा रहे थे, जिसके चलते पूरा शहर केसरिया मय एवं भगवान परशुराम के जयघोष से गुंजयमान हो गया। वही दूसरी ओर शोभायात्रा एवं कलश यात्रा सोमनाथ मंदिर से रवाना होने के बाद इंदिरा कॉलोनी मोड पहुंची जहां पर पुष्पा वर्षा कर रैली एवं यात्रा का स्वागत किया साथ ही शीतलपेय वितरित किया गया। इसके बाद रैली एवं यात्रा पूरे जोश के साथ आगे बढी, कॉलेज के सामने हरिणाया गौड ब्राह्मण समाज के पदाधिकारियों ने कलश एवं शोभायात्रा का स्वागत किया तथा भगवान परशुराम की पूजा अर्चना कर यात्रा में शामिल हुये। उधर कलश एवं शोभायात्रा आगे बढ़ती गई, वैसे वैसे कारवां जुडता चला गया। जयपुर बस स्टेन्ड पर पूर्व विधायक शंकर शर्मा, भाजपा के जिला अध्यक्ष डॉ. प्रभूदयाल शर्मा, मीडिया प्रभारी दीपक जोशी, डॉ. मुकेश शर्मा, जैन समाज के जिला अध्यक्ष आलोक जैन, महेन्द्र तिवाडी, रोशन जोशी, हाजी गुड्डु खा सहित अन्य समुदाय के लोगो ने यात्रा का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। उधर श्री आनन्द शर्मा बालिका विद्यालय के पास टापरिया परिवार द्वारा तोरणद्वार लगाकर शोभायात्रा एवं कलश यात्रा का स्वागत किया गया तथा शीतल पेय वितरित किया। इधर निजी शिक्षण संस्था के पदाधिकारियो ने जिला अध्यक्ष अनिल शर्मा के नेतृत्व में स्वागत किया तथा शीतल पेय वितरित किया। बोहरा पट्रोल पम्प पर शहर कांठोस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष अवधेश शर्मा, सुदेश शर्मा, गोविन्द शर्मा, पार्षद धर्मेन्द्र शर्मा सहित अन्य ने शोभा एवं कलश यात्रा का स्वागत किया। इसके बाद शोभायात्रा एवं कलश यात्रा का समापन चाणक्य छात्रावास में हुआ जहां पर महाप्रसादी का वितरण किया। कडी सुरक्षा के बीच निकली रैली एवं यात्राः भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर आयोजित शोभायात्रा एवं कलश यात्रा के दौरान पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये थे। शहर के प्रत्येक चौराहे पर पुलिस बल तैनात किये गये थे। इधर मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र में भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। केसरिया रंग में रंगा शहरः कलश एवं शोभायात्रा में शामिल प्रत्येक पुरुष एवं महिलाओं ने अपने सिर पर केसरिया रंग का साफा बांध रखा था, जिसके चलते पूरा शहर केसरिया रंग में रंग गया। प्रातः 7 बजे से ही सोमनाथ मंदिर में केसरिया साफा बांधने की व्यवस्था की गई थी, जिसके चलते प्रातः से ही सोमनाथ मंदिर में भीड जुटना शुरु हो गई थी। साफा बांधने को लेकर आपाधापी मची रही।



दौसा शहर में निकाली गई कलश एवं शोभायात्रा में भगवान परशुराम की जीवंत झांकी निकाली। चाणक्य छात्रावास में आरती का आयोजन किया।

### शादियों की धूम

**निवाई।** इस बार क्षेत्र में अच्छी फसल होने के कारण ग्रामीण क्षेत्र में अक्षय तृतीया, पीपल पूर्णिमा सहित अन्य सावों पर विवाहों की धूम मचने की संभावना बढ़ गई है। इन दिनों आखातीज के अबूझ सावे पर अपने बच्चों का विवाह रचाने के लिए किसानों में होड मची हुई है। जिसके चलते बाजारों में खरीदारों की भीड उमड रही है। राज्य सरकार के बाल विवाह रोकने के सख्त प्रयासों के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों द्वारा बाल विवाह तो काफी कम किए जा रहे है। लेकिन अबूझ सावे का लाभ उठाने के लिए हर किसान तैयार नजर आ रहा है। रबी की फसल बम्पर होने के चलते किसान आर्थिक रूप से सुदृढ हो गया है। आखातीज व इसके बाद लगातार शादी विवाहों के मुहुर्त होने के कारण बाजारों में ग्राहकों की रेलमपेल हो रही है।

### भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर निकाली शोभायात्रा

**पीपलू।** भगवान परशुराम जन्मोत्सव को लेकर पीपलू में विप्र समाज के तत्वावधान में सामूहिक रूप से भगवान परशुराम का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान भगवान परशुरामजी की शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें श्रद्धालुओं की भीड उमड़ पडी। शोभायात्रा चारभुजानाथ मंदिर से रवाना होकर बस स्टैंड होते हुए शिवालय तक निकाली गई। शोभायात्रा का रास्ते में जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। कार्यक्रम के शुरू होने से पहले पहलगाम में आतंकी हमले में शहीद हुए निर्दोष लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। राजस्थान ब्राह्मण महासभा समिति पीपलू अध्यक्ष केदार शर्मा, उपाध्यक्ष एडवोकेट नंदकिशोर, महामंत्री आलोक, विप्र फाउंडेशन पीपलू तहसील अध्यक्ष दीपक, छितर, विष्णु बालकिशन, सत्यनारायण, दीपक व धर्मराज सहित कई विप्रजन मौजूद रहे।

# उनियारा में माली समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित

**चौरु/उनियारा।** उनियारा में 30 अप्रैल को माली समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित। इसमें103 जोडे परिणय सूत्र में बंधेंगे। सम्मेलन के अध्यक्ष रमस्वरूप सैनी और बाबूलाल सैनी अनवर नगर ने बताया कि विवाह स्थल सवाईमाधोपुर रोड पर माली समाज छात्रावास के पास तैयार कर लिया गया है। सम्मेलन में उनियारा, अलीगढ़, चोरू, ककोड़ सहित उनियारा तहसील, टोंक, बुंदी, सवाईमाधोपुर, अजमेर, भीलवाड़ा सहित कई जिलों के जोडे शामिल होंगे। माली समाज आदर्श विवाह सम्मेलन को लेकर होने वाले विवाह सम्मेलन के लिए मंगलवार को कलश यात्रा निकाली गई। माली समाज उनियारा की ओर से आयोजित करीब कलश यात्रा में बीस हजार महिला पुरुष शामिल हुए।कलश यात्रा विशाल भव्य जुलूस खतौली दरवाजा श्री जी की बगीची से बेड बजे के साथ शुरू हुई। कलश यात्रा से पहले समाज श्री जी बग़ीची में घोडी व झंडे की बोलियां लगाई।जिसमें प्रधान कलश 41000 किशन गोपाल सैनी ,रुद्र कलश मोहनलाल सैनी 23000, इंद्र कलश नानक राम सैनी 15000, धनराज सैनी भूतेश्वर गेट 12500 ,ब्रह्मा कलश धन्नालाल सैनी 13 000, राजू लाल सैनी टेंट वाले सवाई माधोपुर 32000 ,घोडी पर झंडा लेकर बैठने वालों की बोली सत्यनारायण सैनी 21551, गोपाल सैनी नाहरा 17501, रामस्वरूप सैनी 15 000 ,मनोज सैनी खतौली गेट 21000 की बोली लगाई। विशाल जुलूस के साथ पुलिस प्रशासन का जपता भी बड़ी मुस्तैद के साथ जुलूस के साथ पैदल चल रहा था। सम्मेलन समिति के द्वारा बनाए गए सुरक्षा कमांडो के काली टी-शर्ट , सफेद टॉफी में व्यवस्था के रूप में पुरुष,महिलाएं जुलूस के साथ चल रहे थे । बुधवार को सुबह हाथी बागी घोडी की बोली की भी घोषणा की जो भी भामाशाह बोले लगाएगा वह 29 अप्रैल 2025 रात्रि भजन संध्या में उसकी बोली लगाई गई ।जुलूस के साथ भव्य विशाल कलश जुलूस निकाला गया जिसमें 551 महिलाओं ने महिलाएं अपने सिर पर कलश धारण कर विशाल जुलूस के साथ रवाना हुई । विशाल भव्य जुलूस खतौली दरवाजा श्री जी की बगीची से रवाना होकर जोशीयो का मोहल्ला, छाबडॉ का मोहल्ला,सिंह द्वार, कटला गेट ,मुख्य बाजार ,न्यू मार्केट होते हुए सरदार सिंह सर्किल बस स्टैंड से वापस सवाई माधोपुर रोड होते हुए माली समाज छात्रावास में पहुंची । जिसमें जुलूस में 551 कलश ,बैंड बाजा ,घोडी पर झंडा लेकर माली समाज के पुरुष, महिलाएं ,बच्चे सवाई माधोपुर रोड छात्रावास में पहुंचे। कलश यात्रा में 5 घोडी,दो बैंड,एक मश्क बाजा और पांच डीजे शामिल रहे। महात्मा ज्योतिबा फुले की प्रतिमा को वाहन में विराजमान कर नगर भ्रमण कराया। विवाह सम्मेलन अध्यक्ष रामस्वरूप सैनी ने बताया कि रात्रि में भजन संध्या हुई। सांस्कृतिक संध्या पूरी रात चली। मंगलवार 30 अप्रैल को 103 जोड़ों का पाणिग्रहण संस्कार होगा। इसमें प्रदेशभर से करीब 25 हजार लोग शामिल होंगे। विवाह स्थल पर 14 भट्टियों पर भोजन तैयार हो रहा है। 25 क्विंटल शक्कर की नुकती की तैयारी की जा रही है ।

# भगवान परशुराम की शोभायात्रा में अघोरी बाबा की झांकी ने सबका मनमोहा

**शाहपुरा ।** श्री परशुराम विप्र सेवा समिति के तत्वाधान में मंगलवार को परशुराम जन्मोत्सव पर शाही लवाजमे के साथ भव्य एवं विशाल शोभायात्रा शहर की हनुमान जी की बगीची से संतों के सानिध्य में निकाली गई। शोभायात्रा का शहर में जगह-जगह पुष्प वर्षा का स्वागत किया गया। समूचा शहर शोभायात्रा के स्वागत में उमड पड़ा। इस दौरान भगवान परशुराम के जयकारो से समूचा शहर गूंजायमान हो उठा।

कार्यक्रम संयोजक काशी प्रसाद शर्मा, मोहन पुजारी,समिति संयोजक कैलाश शर्मा व संयोजक नरेश शर्मा ने बताया कि शोभायात्रा का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार एवं शंखनाद से संत भींवादास महाराज बाड़ीजोडी, खोरी परमानंद धाम के हरिओम दास महाराज,परमानंद धाम खोरी एवं हनुमान जी की बगीची के संत, विधायक मनीष यादव, भाजपा नेता उपेन यादव, ब्लॉक अध्यक्ष नाथूलाल सैनी, प्रधान मंजू शर्मा,भगवान परशुराम राष्ट्रीय पंडित परिषद ट्रस्ट के राष्ट्रीय सलाहकार डॉ रजनीश शर्मा,कांठोसी नेता प्रवीण व्यास, किरण शर्मा, पूर्व पालिका अध्यक्ष प्रेम देवी जाट,महेश पारीक द्वारा पूजन कर किया गया। पूर्व पार्षद प्रदीप शर्मा,भाजपा जिला मंत्री अक्षय शर्मा ने बताया कि शोभायात्रा मंडी गेट,पीपली तिराहा, मनोहरपुर दरवाजा,चौपड़,गंगा मार्केट, पुराना दिल्ली रोड व नीमकाथाना रोड आदि सडक मांगों से होते हुए होते हुए शहर के खातेडी स्थित चंद्र महल गार्डन में महाआरती के साथ समापन किया गया। एडवोकेट नरेश कुमार शर्मा व दी बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष एडवोकेट सतीश कुमार शर्मा ने बताया कि समापन में मुख्य आकर्षण भगवान परशुराम, राम दरबार, शंकर पार्वती, अघोरी बाबा की सजीव झांकियां, राजस्थानी कलाकारों को प्रदर्शन, आध्यात्मिक धुनें बजाता बैंड, डीजे, महाआरती आदि रहे।अघोरी बाबा की झांकी ने तो सभी लोगों का मनमोह लिया। प्रधानाचार्य विश्वनाथ शर्मा, एडवोकेट महेंद्र कुमार शर्मा, ठेकेदार सुरेंद्र शर्मा व कांठोस जिला महासचिव जितेंद्र शर्मा ने बताया कि यात्रा मार्ग में शोभायात्रा का शहर में जगह-जगह व्यापारियों व विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा पुष्प वर्षा कर जोरदार स्वागत किया गया। मुख्य बस स्टैंड पर विधायक मनीष यादव, टीम मनीष यादव द्वारा जलपान व अल्पाहार कराया गया। हरिओम दास जी महाराज एवं उपस्थित मातृभक्ति एवं युवा शक्ति द्वारा श्री परशुराम भगवान के जन्मोत्सव पर केक काटा गया। इस अवसर पर बाबूलाल शर्मा लेटकाबास, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन प्रदेशाध्यक्ष डॉ. रजनीश शर्मा, भाजपा नेता पवन शर्मा, डॉ भारत शर्मा, वैभव शर्मा, श्यामसुंदर राज जोशी, बार एसोसिएशन अध्यक्ष पवन जोशी, एडवोकेट महेंद्र शर्मा, महेश पारीक, डॉ.परमानंद शर्मा,कमल किशोर शर्मा, नवल शर्मा, गोपाल शर्मा, पीयूष शर्मा, नवल शर्मा, दुर्गा प्रसाद शर्मा, विवेक मिश्रा सहित शाहपुरा व आसपास के गांवों से बडी संख्या में विप्रजन शामिल हुए।

# दादुका में करंट लगने से दो मवेशियों की मौत

**कोटपूतली।** जिले के ग्राम दादुका में विधुत विभाग की लापरवाही से करन्ट लगने के चलते दो मवेशियों की दर्दनांक मौत हो जाने का मामला सामने आया है। इस सम्बंध में पीडित ग्राम दादुका निवासी महेन्द्र कुमार पुत्र रामकुमार गुर्जर ने स्थानीय पुलिस थाने में मामला दर्ज करवाते हुए बताया है कि परिवादी की बोरिंग पर श्री फेश डी.पी. लगी हुई है। जिसकी लाईन में काफी समय से विधुत तारों की स्पार्किंग से तार काफी कमजोर हो गये थे। जिसकी लिखित व मौखिक शिकायत विभागीय अधिकारियों को विगत कई माह से लगातार की जा रही थी।

जिसकी ओर कोई ध्यान नहीं दिया गया। विगत 27 अप्रैल को प्रातरू करीब 09 बजे डी.पी. में स्पार्किंग होने पर गोरधनपुरा चौकी पॉवर हाऊस के नम्बर पर कई बार फोन कर सूचना देनी चाही, लेकिन किसी ने फोन नहीं उठाया। यही नहीं विभागीय एईएन संजीव जाखड को भी फोन किया तो उन्होंने फोन नहीं उठाया, इसी दौरान डी.पी. में आग लग गई एवं तारबंदी में भी करन्ट आ गया। जिसकी सूचना लाईन मैन को देने पर पॉवर हाऊस में कार्यरत कर्मचारी बलराम चौधरी ने लाईन कटवाई लेकिन तुरन्त बिना लाईनमैन को पुछे विधुत लाईन चालू कर दी।

जिससे करन्ट आने पर परिवादी के चचेरे भाई सत्यवीर व योगेश की दो भैंसे जो तारबंदी के पास पेड़ के नीचे बंधी हुई थी उनकी करन्ट लगने से मृत्यु हो गई। गनीमत यह रही कि वहां काम कर रही औरतें व खेल रहे बच्चों ने भागकर अपनी जान बचाई, नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था। सूचना पर मौके पर पहुँची पुलिस ने मौका मुआयना भी किया। मामले में विभागीय अधिकारियों व कर्मचारियों सहित सम्बंधित एईएन, जेईएन व कर्मचारी बलराम चौधरी के खिलाफ कडी कार्यवाही की मांग की है।

# भीषण गर्मी में आंगनबाड़ी केंद्रों के अवकाश की मांग

**पावटा ।** उपखंड क्षेत्र में पारा 42 डिग्री सेल्सियस होने पर हीट वेव और तपती धूप की भीषण गर्मी को देखते हुए बिदारा निवासी सामाजिक कार्यकर्ता डॉ.पूरण मल बुनकर ने मंगलवार को आंगनबाड़ी केंद्रों व कार्मिकों के अवकाश व समय परिवर्तन की मांग को लेकर जिला कलेक्टर डॉ.जितेंद्र सोनी को ज्ञापन भेजा ।

ज्ञापन में डॉ. बुनकर ने बताया कि भीषण गर्मी में भी आंगनबाड़ी केंद्रों में नन्हे बच्चों को बुलाया जा रहा है। आंगनबाड़ी केंद्र अब प्री स्कूल यानी शाला पूर्व शिक्षण केंद्र के रूप में भी संचालित है। जिला कलेक्टर ने भीषण गर्मी व हीट वेव को देखते हुए 21अप्रैल से राजकीय व निजी विद्यालयों के कक्षा 8 तक के बच्चों के विधालय समय में परिवर्तन कर 11.30 बजे तक किया गया है। लेकिन आंगनबाड़ी केंद्र में 6 वर्ष तक के नन्हे बच्चों को दोपहर 12 बजे तक बुलाया जाता है।

गर्मी व तेज धूप के कारण बच्चों के स्वास्थ्य की प्रतिकूल प्रभाव पड़ने से अभिभावक भी चिंतित हैं। भीषण गर्मी को देखते हुए आंगनबाडी केंद्रों पर आने वाले छोटे बच्चों व कार्मिकों के अवकाश व समय परिवर्तन की मांग की हैं। शाहपुरा ब्लॉक में बडी संख्या में आंगनबाडी केंद्रो में ना तो बिजली कनेक्शन है और ना ही पंखे है। कई में तो शौचालय तक नहीं है। आंगनबाडी केंद्रों के पास स्वयं का भवन नहीं होने से अधिकांश विद्यालयों के पुराने भवनों में चल रहे है। आंगनबाड़ी केन्द्रों पर पीने के पानी का भी अभाव है, जिसके लिए आंगनबाड़ियों का दूरदराज से पीने का पानी बच्चों के लिए लाना पड रहा है, जिससे बच्चों की हालत दयनीय हो रही है.शीघ्र सुविधाएं मुहैया कराने की भी मांग की।



भीषण गर्मी में भी आंगनबाड़ी केंद्रों में नन्हे बच्चों को बुलाया जा रहा है।

■ आंगनबाड़ी केंद्रों व कार्मिकों के अवकाश व समय परिवर्तन की मांग को लेकर जिला कलेक्टर डॉ.जितेंद्र सोनी को ज्ञापन भेजा

### भगवान श्री परशुराम अवतरण महोत्सव आज

**कोटपूतली।** क्षेत्र में भगवान श्री परशुराम अवतरण महोत्सव का आयोजन बुधवार को बडे ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ किया जायेगा। इस मौके पर तहसील ब्राह्मण सभा एवं नगर ब्राह्मण समाज के संयुक्त तत्वाधान में भगवान परशुराम मंदिर प्रबंध कमेटी द्वारा अक्षय तृतीया 30 अप्रैल बुधवार को भगवान श्री परशुराम अवतरण महोत्सव का आयोजन किया जायेगा। इस अवसर पर बुधवार प्रातः 07 बजे जलाभिषेक, अनुष्ठान एवं पूजा की जायेगी। जिसके बाद प्रातः 08 बजे से भगवान श्री परशुराम की विशाल शोभा यात्रा कस्बे के विभिन्न मुख्य मार्गो से बडे ही धूमधाम के साथ निकाली जायेगी। वहीं दोपहर 11 बजे भोग आरती करने के बाद पंगत प्रसादी का आयोजन किया जायेगा। भगवान परशुराम मंदिर प्रबंध कमेटी अध्यक्ष हरिशंकर शर्मा, तहसील ब्राह्मण सभा अध्यक्ष नवरत्न शर्मा व नगर ब्राह्मण समाज अध्यक्ष एड. बजरंग लाल शर्मा ने जानकारी देते हुये बताया कि आयोजन की तैयारियां जोरों पर है।

**आम सूचना** मेरे अभिभाष्य श्री देवीलाल वर्मा पुत्र स्व. श्री गोपीराम वर्मा निवासी बुद्धरको का मोहल्ला, पंचायत समीति झोटवाडा, जयपुर जिनके दो पुत्र व दो पुत्रीया है जिसमें बड़ा भंवर लाल वर्मा, छोटा राजू वर्मा बड़ी पुत्री उर्मीला वर्मा व छोटी पुत्री चन्दा वर्मा है इनके बडे पुत्र का चाल चलन सही नही है व इनके पास नही रहता व मेरे अभिभाष्य को मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ित करता रहता है अतः मेरे अभिभाष्य अपने बड़े पुत्र भंवर लाल वर्मा को अपनी चल-अचल सम्पती से वेदखल कर रहा है अतः इससे जो भी लेन देन व किसी भी तरह का व्यवहार करता है तो वह स्वयं उत्तरदायी होगा।
Meghraj Singh, Advocate, Mob.9414774993

**कार्यालय उपायुक्त किशनपोल जोन नगर निगम जयपुर**
सोफिया स्कूल के सामने घाटगेट जयपुर पिन कोड 302003
क्रमांक-F-52/DC/KPZ/2025/108 दिनांक-21/4/2025
**सार्वजनिक आपत्ति सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री मोहन कुमार नाठा पुत्र स्व बद्रीनारायण नाठा व श्रीमती चन्द्र कान्ता नाठा पत्नि मोहन कुमार नाठा ने मकान नं. 3188 कल्याण जी के मंदिर के सामने, कल्याण जी का रास्ता चौकडी तोपखाना देश जयपुर का 69-क, के तहत आवेदन पत्र के साथ स्वामित्व संबंधित दस्तावेजो की फोटो प्रतियां प्रस्तुत कर उक्त सम्पत्ति का स्वयं का क्षेत्रफल 205.14 वर्गमीटर का पट्टा चाहा है। उक्त मकान के संबंध में किसी व्यक्ति सरकारी / गैर सरकारी संस्था या अन्य किसी को कोई आपत्ति हो तो 07 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता को सूचित करें। बाद मियाद गुजरने के आवेदन का नियमानुसार निस्तारण कर दिया जावेगा।
उपायुक्त, किशनपोल जोन नगर निगम जयपुर (हैरिटेज)

**जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर**
क्रमांकः ज.वि.प्रा./उपा./ जोन-9/2025/डी-1465 **सार्वजनिक विज्ञप्ति** दिनांकः 28.04.2025
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री नरेन्द्र कुमार शर्मा पुत्र श्री नाथू लाल शर्मा द्वारा निजी खातेदारी योजना विनायक रेजीडेन्सी के भूखण्ड संख्या बी-84 क्षेत्रफल 174.62 व.ग. का नाम हस्तान्तरण करने हेतु ऑन लाईन आवेदन पंजीयन संख्या 217211 दिनांक 09.04.2025 द्वारा निवेदन किया गया है।
निजी खातेदारी योजना विनायक रेजीडेन्सी के भूखण्ड, संख्या बी-84 क्षेत्रफल 174.62 व.ग. की लीज डीड दिनांक 16.05.2012 को श्रीमती कविता खण्डेलवाल पत्नी श्री विनोद खण्डेलवाल के पक्ष में जारी की गई। श्रीमती कविता खण्डेलवाल द्वारा श्रीमती उषा देवी पत्नी श्री योगेश कुमार गुप्ता को जरिये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 09.07.2012 के द्वारा बेचान किया गया। श्रीमती उषा देवी द्वारा श्री नरेन्द्र कुमार शर्मा पुत्र श्री नाथू लाल शर्मा को जरिये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 02.05.2016 के द्वारा बेचान किया गया है इत्यादि अपलोड किये गये हैं।
उक्त भूखण्ड के स्वामित्व के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 7 दिवस में अपनी लिखित आपत्ति मय साक्ष्य इस कार्यालय में प्रस्तुत करें, अन्यथा बाद मियाद कोई आपत्ति स्वीकार नहीं होगी एवं प्रकरण में नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही अमल में लाई जावेगी।
उपायुक्त जोन-9, ज.वि.प्रा., जयपुर

**जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर**
क्रमांकः ज.वि.प्रा./उपा./ जोन-9/2025/डी-1409 **सार्वजनिक विज्ञप्ति** दिनांकः 23.04.2025
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती हेमलता शर्मा पत्नी श्री नरेन्द्र कुमार शर्मा द्वारा निजी खातेदारी योजना विनायक रेजीडेन्सी के भूखण्ड संख्या बी-85 क्षेत्रफल 174.62 व.मी. का नाम हस्तान्तरण करने हेतु ऑन लाईन आवेदन पंजीयन संख्या 217214 दिनांक 08.04.2025 द्वारा निवेदन किया गया है।
निजी खातेदारी योजना विनायक रेजीडेन्सी के भूखण्ड संख्या बी-85 क्षेत्रफल 174.62 व.मी. की लीज डीड श्रीमती मन्जू खण्डेलवाल पत्नी श्री राजकुमार खण्डेलवाल के पक्ष में दिनांक 16.05.2012 को जारी की गई है। श्रीमती मन्जू खण्डेलवाल द्वारा श्रीमती उषा देवी पत्नी श्री योगेश कुमार गुप्ता को जरिये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 09.07.2012 को बेचान किया गया है। श्रीमती उषा देवी द्वारा श्रीमती हेमलता शर्मा पत्नी श्री नरेन्द्र कुमार शर्मा को जरिये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 02.05.2016 के द्वारा बेचान किया गया है इत्यादि अपलोड किये गये हैं।
उक्त भूखण्ड के स्वामित्व के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 7 दिवस में अपनी लिखित आपत्ति मय साक्ष्य इस कार्यालय में प्रस्तुत करें, अन्यथा बाद मियाद कोई आपत्ति स्वीकार नहीं होगी एवं प्रकरण में नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही अमल में लाई जावेगी।
उपायुक्त जोन-9, ज.वि.प्रा., जयपुर

**आम सूचना** सर्वसाधारण सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य श्री दिलीप सिंह पुत्र श्री दौलत सिंह दिनांक 18 मार्च 2025 को डीडवाना से जयपुर बस मे यात्रा कर रहा था। यात्रा के दौरान मेरे अभिभाष्य के पास उपस्थित एक बैग जिसमें मेरे अभिभाष्य के पिताजी के नाम का एक प्लॉट नंबर 163, सिंहभूमि, खातीपुरा, झोटवाड़ा जयपुर का आवंटन पत्र, साइट प्लान, रसीद, स्टांप तथा मृत्यु प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, एटीएम कार्ड व अन्य कागजात उपलब्ध थे। उक्त बेग दौरान यात्रा बस मे कहीं खो गया जिसका मेरे अभिभाष्य को बस से उतरते समय जयपुर मे मालूम हुआ। उक्त बैग यदि किसी व्यक्ति को मिलता है तो मेरे अभिभाष्य के मोबाइल नंबर 9950336216 पर सूचित करने की कृपा करे व उक्त कागजात का किसी भी प्रकार से दुरुपयोग ना करें। अतः सुचित है।
जयपुर (दिग्विजय सिंह शेखावत) एडवोकेट
दिनांकः 29-04-2025 मो. 9649785533

**आम सूचना** सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्यगण हरी सिंह नेगी पुत्र श्री संतोष सिंह नेगी एवं श्रीमती लक्ष्मी देवी पत्नी श्री हरी सिंह नेगी, निवासी-ए-83, नित्यानन्द नगर, क्वीन्स रोड, वैशाली नगर, जयपुर, (राज.) का पुत्र विजय सिंह नेगी एवं पुत्रवधु विमला नेगी मेरे अभिभाष्यगण के कहने मे नही है। मेरे अभिभाष्यगण का मान सम्मान व सेवा सुश्रुषा नही करते है तथा हर प्रकार से हैरान-परेशान कर प्रताड़ित कर रहे है इस कारण से मेरे अभिभाष्यगण द्वारा अपने पुत्र विजय सिंह नेगी एवं पुत्रवधु विमला नेगी को अपनी समस्त चल व अचल संपत्तियो से वेदखल किया जाता है तथा मेरे अभिभाष्यगण के पुत्र विजय सिंह नेगी एवं पुत्रवधु विमला नेगी द्वारा आपस मे अथवा अन्य किसी से भी किसी भी प्रकार का कोई संव्यवहार, विवाद, लेन-देन किया जाता है, तो वह उनकी स्वयं की जिम्मेदारी होगी। मेरे अभिभाष्यगण अथवा उनकी संपत्तियो से उनका किसी भी प्रकार से कोई संबंध व सरोकार नही होगा।
(जगदीश सी. शर्मा) एडवोकेट, मो.नं-9982403349

**खोया पाया**

मैं सम्पत सिंह शेखावत पुत्र किशन सिंह शेखावत जो RSR & Associates मै ICICI Bank के Collection Executive का कार्य करता हूँ, जिसके अन्तर्गत बना मेरा आई-डी कार्ड नं. 2508764 कहीं गिर गया है कृप्या मिलने पर सूचित करें। 9785455227

मैं विजय सिंह शेखावत पुत्र प्रहलाद सिंह शेखावत जो RSR & Associates मे ICICI Bank के Collection Executive का कार्य करता हूँ, जिसके अन्तर्गत बना मेरा आई-डी कार्ड नं. 241262266000009 कहीं गिर गया है कृप्या मिलने पर सूचित करें। 9785455227

मेरे आवास संख्या 185/84, प्रताप नगर, सांगानेर जयपुर का मूल आवंटन पत्र कहीं गिर/ गुम गया है मिलने पर सूचित करें- माया गोयल - 9001896196

**नाम परिवर्तन**

मैंने अपना नाम उषा कुमारी से बदलकर नेहा गुप्ता कर लिया है। अतः भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जावे। पता- 72, शांती नगर, दुर्गापुरा, जयपुर, राजस्थान-302018

मैं, श्रीमती प्रेम कौर, W/o स्व. फतेह सिंह, निवासी वीपीओ- बाबरा, तहसील- रायपुर. जिला- पाली 306101 (राजस्थान)। मैंने अपना नाम प्रेम कौर से प्रेम कंवर कर लिया है और मेरी जन्मतिथि को 01 जुलाई 1935 से 11 मार्च 1938 में परिवर्तित कर लिया है, जो कि भविष्य में सभी प्रयोजनों के लिए मान्य होगी।

मैं रुकसार खान पत्नी शहजाद खान, उम्र-32 वर्ष, निवासी P.No.142, संजय नगर-डी, झोटवाड़ा, जयपुर, मैंने अपना नाम रुकसार (Ruksar) से बदलकर रूकसार खान (Ruksar Khan) रख लिया है। भविष्य में इसी नाम से जाना जावें।

I have changed my name from Radhika to Radhika Agarwal W/o Rajat bhutera R/o Plot No. 212 Kanak Vihar, Kamla Nehru Nagar Ajmer Road, Jaipur. For all purpose.

I Hanuwant Singh Deora son of Shri Inder Singh Deora, R/o Flat No. SI.R11/107, Indraprastha Colony, Choradiya City, Ajmer Road, Near kanak Vihar Near Kamla Nehru Nagar, Jaipur (Raj.). have changed my name to Hanuwant Singh vide Affidavit (CA 841567)

**हेतुक दर्शित करने के लिए सूचना**
राजस्थान किराया नियंत्रण अधिनियम 2001 के अध्याय-5 में किराए के पुनरीक्षण एवं बेदखली बाबत प्रार्थना-पत्र
न्यायालयः किराया अधिकरण जयपुर महानगर-II (राज.)
हर्षित धनवानी विरुद्ध मै. आनंद एन्टरप्राइजेज व अन्य
अर्जी संख्या 386/2024
नाम श्रीमती अंजू आनंद पत्नी श्री रोहित आनंद, पार्टनर, मै. आनंद एन्टरप्राइजेज, पता- प्लाट नं. 3 छ-17, जवाहर नगर, जयपुर
प्रार्थी ने आपके विरुद्ध किराये के पुनरीक्षण/ बेदखली के लिए राजस्थान किराया नियंत्रण अधिनियम, 2001 के तहत एक अर्जी प्रस्तुत की है जो पंजीयन कर ली गई है। आपको इस न्यायालय में तारीख 16 माह 05 सन् 2025 को 7.30 AM बजे उक्त अर्जी का उत्तर देने के लिए उपसंजात (हाजिर) होने के लिए चेतावनी दी जाती है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते हैं जिसको सम्यक् अनुदेश दिए गए हो और जो इस अर्जी से सम्बन्धित सभी सारवान् प्रश्नों के उत्तर दे सकें या जिसके साथ कोई ऐसा व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सकें। आपको यह भी निर्देश दिया जाता है कि आप उक्त दिन या इससे पूर्व 30/45 दिन के भीतर अपनी प्रतिरक्षा का लिखित साक्ष्य नोटिस की तामील होने की तारीख से दाखिल करें और उक्त तारीख पर या तामील होने के 30/45 दिन के भीतर ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है, पेश करें जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या दाखिल / मुजराई को दावा का प्रतिदावा आधारित है। साथ ही यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे व शक्ति में न हो, अपनी प्रतिरक्षा, मुजराई के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हों, आप ऐसे दस्तावेज उल्लिखित समय के मय उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्ट करें। आपको यह भी निर्देशित किया जाता है कि आप अपने प्रतिरक्षा के और जवाब के साथ उन सभी साक्षीगण के एवं स्वयं का शपथ पत्र प्रस्तुत करें जो आपकी प्रतिरक्षा का समर्थन करते हैं तथा उन दस्तावेजों का और उस साक्ष्य का ब्यौरेवार वर्णन शपथ पत्र में किया जावें। साथ ही जिन दस्तावेजों को न्यायालय में प्रदर्शित कराना हो उन पर लाल स्याही से प्रदर्श डालकर प्रस्तुत करें और शपथ पत्र पर ए से बी, सी से डी हस्ताक्षर इत्यादि या लिखावट आदि जिसको भी प्रमाणित कराना है, का उल्लेख भी किया जावें। आपको पुनः आगाह किया जाता है कि उक्त नोटिस की तामील होने के 30/45 दिन के भीतर आप अपना प्रतिरक्षा उपरोक्त प्रकास में न्यायालय में अंकित करें या उक्त तारीख पेशी पर प्रस्तुत कर दें। अन्यथा आपकी प्रतिरक्षा राजस्थान किराया नियंत्रण अधिनियम 2001 के तहत समाप्त हो जायेगी। आपको यह भी आगाह किया जाता है कि तारीख पेशी से पूर्व यदि आप द्वारा प्रतिरक्षा हेतु जवाब अर्जी शपथ पत्र तथा अन्य दस्तावेज प्रस्तुत किए जाते है तो न्यायालय में प्रस्तुत करने से पूर्व प्रार्थी के अधिवक्ता को उक्त प्रतिरक्षा की और जवाब दावा शपथ पत्रों की, दस्तावेजों व अन्य साक्ष्यों की प्रति उपलब्ध करा दें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो बाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जाएगा। नोटिस आज दिनांक 07.04.2025 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया है। आज्ञा से,
(मोहर) रीडर, किराया अधिकरण, जयपुर महानगर-II (राज.)

**उद्घोषणा (इश्तिहार) न्यायालय (राज.)**
व्यवहार मिश्रित (मुत्तफरिक) वाद सं. 52/2024
विषय- उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन प्राप्त करने हेतु प्रार्थना-पत्र।
प्रार्थी नाम अनिता नेहरा पुत्री स्व. श्री प्यारेलाल नेहरा जाति....
विवाद स्थान मानसरोवर जयपुर मानसरोवर जयपुर
मृतक स्व. श्री प्यारेलाल नेहरा की सम्पत्ति के विषय में।
पेशी दिनांक- 07.05.2025
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त प्रार्थी/प्रार्थीगण ने इस न्यायालय में इस आशय का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है कि मृतक, नाम श्री प्यारेलाल नेहरा पुत्र मुकन्दाराम नेहरा जाति.... निवासी 119/7443 मानसरोवर का उत्तराधिकारी स्वीकार कर उसके पक्ष में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र, प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन, प्रदान किया जावें।
अतः उक्त प्रार्थना-पत्र की स्वीकृति में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय में दिनांक 7 माह 5 सन् 2025 को न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रमाण सहित प्रस्तुत करें। उक्त दिवस के पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।
आज दिनांक 12 माह 3 सन् 2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रांकन से जारी किया गया।
आज्ञा से-शरिस्तेदार
(मोहर अदालत) अपर जिला एवं सैशन न्यायालय संख्या 10 जयपुर महानगर-प्रथम न्यायालय सांगानेर

**आम सूचना**
हर खास व आम को सुचित किया जाता है कि मेरी अभिभाष्या श्रीमती हीरू गुप्ता पत्नी श्री महेश कुमार गुप्ता निवासी प्लाट नं. ए 27. अम्बाबाडी जयपुर राजस्थान में रामनाथ व कल्याण पुत्रान रामचन्द्र तथा गोपाल व मांगीलाल पुत्रान पांच्या से ग्राम विजयपुरा तहसील व जिला जयपुर में स्थित खातेदारी कृषि भूमि खसरा नं. 205 रकबा 21 बीघा 11 बिस्वा बंजड अव्वल भूमि के 1/2 हिस्से की भूमि को मय समस्त खातेदारी हक हकुको के जरिये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनाक 30/06/1984 के द्वारा क्रय की गई है जिस विक्रय पत्र का पंजीयन उपपंजीयक कार्यालय जयपुर मे रजिस्टर्ड नं. 1652 बुक नं. 1 वोल्युम नं. 782 के पेज संख्या 151 से 152 पर दिनाक 02/07/1984 पर पंजीबद्ध है मेरी अभिभाष्य उक्त क्रय शुदा भूमि की एकमात्र मालिकिन व स्वामीनि है एवं बहेसियत खातेदार काश्तकार उक्त भूमि पर काबिज चली आ रही है तथा खसरा नं. 205 की शेष 1/ 2 हिस्से की भूमि पर बहेसियत खातेदार काश्तकार श्री मुरारीलाल अग्रवाल पुत्र स्व. श्री मदन लाल अग्रवाल मालिक काबिज चले आ रहे है मेरी अभिभाष्या की जानकारी में आया है कि उक्त भूमि के पूर्व खातेदारो द्वारा मिलीभगत एक साजिश के तहत षडयंत्र रचकर मेरी अभिभाष्या द्वारा जरिये पंजीकृत विक्रय पत्र के क्रय की गई उक्त कृषि भूमि की खातेदारी अपने नाम दर्ज करवा ली गई है जिसकी जानकारी होने पर मेरी अभिभाष्या के द्वारा उक्त निर्णय के विरूद्ध माननीय न्यायालय राजस्व अपील अधिकारी जयपुर के समक्ष अपील प्रस्तुत कर रखी है जो वहा विचाराधिन है उक्त कृषि भूमि के पूर्व खातेदार एवं उनके वारिसान एवं उत्तराधिकारी मिलीभगत कर मेरी अभिभाष्या उक्त कृषि भूमि को दीगर व्यक्ति यो को बेचान करने पर आमादा है मेरी अभिभाष्या की उक्त कृषि भूमि को अगर कोई व्यक्ति, संस्था, फर्म अथवा समिति द्वारा क्रय की जाती है तो उनके विरूद्ध दीवानी एवं फौजदारी कार्यवाही अमल में लाई जावेगी एवं उनके द्वारा की जाने वाली समस्त कार्यवाही अवैध शून्य एवं प्रभावहीन समझी जावेगी तथा वह स्वंय उसके परिणामों के लिये उत्तरदायी एवं जिम्मेदार होगें
भवदीय बलदेव सिंह भाटी एडवोकेट मो : 8290966903

**The Rajasthan State Co-operative Bank Ltd.**
DC-1, Opposite Nehru Balodyan, Tonk Road, Jaipur, Ph.: 0141-2744814
**Tender Notice No. RSCB/admin/Comprehensive AMC of Note Sorting Machines/2025-26**
e-bids are invited from Authorized service providers/OEMs for entering into an Annual maintenance Contract (AMC) for the maintenance of 17 G&D Note sorting machines installed at Branches and Regional offices of The Rajasthan State Co-operative Bank Ltd., Jaipur as per the terms and conditions mentioned in the tender. Details are on https://eproc.rajasthan.gov.in, https://rscb.org.in, https://sppp.raj.nic.in and in Administration section of Bank Head Office building.
**Schedule for tenders:-**

| S.No. | Events Particulars | Date & Time |
|---|---|---|
| 1. | Start date and time of Sale/download of bid | 30.04.2025, 11.30 AM |
| 2. | Last date and time of Sale/download of bid | 07.05.2025, 3.30 PM |
| 3. | Last Date of submission of bid | 07.05.2025, 5.00 PM |
| 5. | Opening of Technical bid | 08.05.2025, 11.30 AM |
| 6. | Websites where tender is available | https://eproc.rajasthan.gov.in https://rscb.org.in, https://sppp.raj.nic.in |

DGM (A&P)

## संक्षिप्त

### 2 लीटर अवैध हथकढ़ शराब जब्त

**पीपलू।** झिराना थाना पुलिस ने अलग-अलग मामलों में 24 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी राजेन्द्र ताडा ने बताया कि गठित टीमों द्वारा डोमिनेशन की कार्रवाई के तहत थाना क्षेत्र में प्रभावी कार्यवाही करते हुए 24 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। जिनसे एक ट्रेक्टर-ट्रॉली, एक मोटरसाईकिल तथा 02 लीटर अवैध हथकढ शराब जब्त किया गया। उन्होंने बताया कि आरोपी नन्दराम सैनी, निवासी चाँदसेन, सांवरा बैरवा, निवासी पिनणी, संदीप सैनी, निवासी मालूणी, रामबाबू सैनी निवासी नानेर, हनुमान सैनी निवासी नानेर, दिलखुश गुर्जर निवासी पिनणी, किशन माली, निवासी नानेर, कान्हाराम मीणा निवासी काशीपुरा, देवलाल गुर्जर निवासी अतालिकपुरा, प्रकाश मीणा निवासी चाँदसेन, रमेश मीणा निवासी झिला की ढाणी पिनणी, राजेश सैनी निवासी नया गांव इस्लामपुरा, कजोड बैरवा निवासी निमेडा, जगदीश ढोली निवासी निमेडा, हंसराज बैरवा निमेडा, सीताराम बैरवा निवासी निमेडा, मदनलाल बैरवा निवासी निमेडा, रमेश बैरवा निवासी निमेडा, हरजीराम गुर्जर निवासी सीतारामपुरा, तेजपाल गुर्जर निवासी सीतारामपुरा, मुकेश गुर्जर निवासी सीतारामपुरा, मोहम्मद आजाद खान निवासी रहीमपुरा उर्फ नयागांव, मो. साजिद खान निवासी रहीमपुरा उर्फ नयागांव व महेन्द्रकुमार मीणा निवासी समदपुरा उर्फ धोल्या को गिरफ्तार किया है।

### पलेई में आंगनबाड़ी केंद्र का लोकार्पण

**निवाई।** जयपुर-टोंक रोड पर स्थित वनस्थली मोड पर यात्री व वनस्थली विद्यापीठ की छात्राओं की सुरक्षा एवं सुविधाओं के लिए श्रीकृष्णा सुदर्शन ऊर्जा प्रालि के द्वारा समृद्ध ठाम्य अभियान के तहत यात्री प्रतीक्षालय का निर्माण कराया गया। जिसका लोकार्पण मुख्य अतिथि नगरपालिका अध्यक्ष दिलीप ईसरानी, समृद्ध ग्राम्य अभियान के सचिव सीताराम गुप्ता व कंपनी के चेयरमैन अजय सांघी ने फिता काटकर किया। पालिका अध्यक्ष दिलीप ईसरानी ने कहा कि क्षेत्र के विकास एवं समाज सेवा में भामाशाहों का सहयोग अत्येंत जरूरी है। उन्होंने कहा कि नगरपालिका द्वारा वनस्थली मोड पर नवनिर्मित बस स्टैंड व तिराहे की साफ सफाई व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा जाएगा। निदेशक सीताराम गुप्ता ने कहा कि देश, समाज एवं मानव सेवा ही सबसे बडी सेवा है। चैयरमेन अजय सांघी ने कहा कि श्री कृष्णा सुदर्शन ऊर्जा समूह द्वारा वनस्थली मोड पर विद्यापीठ की छात्राओं, राहगीर व यात्रियों की सुविधा को आधुनिक यात्री प्रतीक्षालय का निर्माण करवाया है। संस्था के प्रदेश प्रभारी पुनीत गुप्ता ने बताया कि समृद्ध ग्राम्य अभियान सोसायटी ने भी ठामीण क्षेत्रों के समग्र विकास में अपनी सक्रिय भागीदारी का संदेश दिया। गुप्ता ने बताया कि ठाम पंचायत पलेई के आंगनबाडी केंद्र प्रथम व द्वितीय को विकास, बच्चों का शारीरिक विकास, सौंदर्यरीकरण, खेलकूद आदि के उद्देश्य से गोद लिया गया। इस अवसर पर ठाम पंचायत पलेई के प्रशासक भवानीसिंह राजावत, ऊषा शर्मा, कृष्णा चैधरी, मोनू सेन, राजेंद्र शर्मा व कन्हैयालाल शर्मा सहित कई लोग मौजूद थे।

# कैंडल मार्च निकाल कर पहलगाम में मारे गए सैलानियों को श्रद्धांजलि दी

**पावटा।** ग्राम भांकरी में कैंडल मार्च निकाल कर पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए निर्दोष सैलानियों को श्रद्धांजलि दी गई। वही उन्होंने आंतकवाद के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। मृतकों आत्मिक शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखा गया।

> ■ यह आतंकी हमला हमारी सामाजिक एकता, मानवता और हमारी सुरक्षा व्यवस्था पर हुआ है : विजय राठी




पावटा में कैंडल मार्च निकाल कर पहलगाम में मारे गए सैलानियों को श्रद्धांजलि दी ।

कैंडल मार्च में लोगों ने पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए। इस मौके पर समाजसेवी विजय राठी ने कहा कि हम सभी को एकजुट होकर आतंकवाद के खिलाफ आवाज बुलंद करनी होगी । इनके आकाओं को भी कुचलना जरुरी है। सरकार को चाहिए कि पाकिस्तान को करारा जवाब दें। उन्होंने कहा कि आज पूरा देश दुखी है। संकट की इस घड़ी में सभी पीड़ितों के साथ हैं। यह आतंकी हमला हमारी सामाजिक एकता, मानवता और हमारी सुरक्षा व्यवस्था पर हुआ है, सरकार से इस आतंकी हमले की जांच कर आतंकवाद और आतंकियों के खिलाफ कार्रवाई करने और सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने की अपील की । इस श्रद्धांजलि सभा में गणेश सैनी, कुलदीप पुजारी, टिंकू वर्मा, महेंद्र वर्मा, गनी खान, सतवीर, मोहन, नरेश सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे

### ज्ञापन भेजा

**पावटा।** विराटनगर विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा नेता पवन शर्मा जवानपुरा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को ज्ञापन पत्र भेजकर पहलगाम आतंकी हमले में मारें गए लोगों के परिवार जनों को प्रति परिवार एक सरकारी नौकरी देने की मांग की है। पवन शर्मा ने बताया जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में धर्म पूछकर निहत्थे लोगों को मौत के घाट उतारा गया उपरोक्त हमले में 26 लोगों की मौत हो गई सरकार को सभी पीड़ित परिवारों के लिए राजकीय अनुकम्पा नियुक्ति पर अवश्य विचार करना चाहिए। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को भी ज्ञापन पत्र भेजकर मालवीय नगर माडल टाउन निवासी नीरज उधवानी की धर्मपत्नी को राजकीय नौकरी देने का सुझाव भेजा है। पवन शर्मा ने कहा प्रदेश की संवेदनशील सरकार उपरोक्त विषय पर अवश्य विचार करेंगी। आतंकी हमले में हुए नुकसान की भरपाई बहुत मुश्किल है फिर भी सरकार पीडित परिवारों को यह सहायता मानवीय मूल्यों के आधारित निर्णय लेकर दें सकतीं हैं साथ ही शर्मा ने केन्द्र सरकार से आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक व मजबूत कार्यवाही की भी मांग की है ।

### सनाढ्य ब्राह्मण समाज की बैठक आज

**निवाई।** सनाढ्य ब्राह्मण समाज के तत्वावधान में सनाढ्य ब्राह्मण समाज की धर्मशाला में बुधवार को अध्यक्ष हेमराज शर्मा की अध्यक्षता में साधारण सभा की बैठक आयोजित होगी। महामंत्री जितेन्द्र जीवली व मीडिया प्रभारी डॉ. शिवराज शर्मा ने बताया कि बैठक में भगवान परशुराम की महाआरती करके कई मुदुदों पर चर्चा की जाएगी। इसी प्रकार सकल ब्राह्मण समाज के तत्वावधान में बुधवार को परशुराम जंयती मनाई जाएगी। रामफूल शर्मा ने बताया कि बुधवार की सुबह साढे नौ बजे बड़ी के मंदिर में भगवान राम दरबार, बालाजी, शिव पंचायत और भगवान परशुराम की विधि विधान और मंत्रोच्चार के साथ सामूहिक पूजा अर्चना की जाएगी। इस दौरान महाआरती, हवन व संगोष्ठी प्रसाद वितरण सहित विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

# टोंक में परशुराम जन्मोत्सव मनाया

**टोंक।** विप्र फाउंडेशन टोंक द्वारा भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर शहर स्थित मातृ शिशु चिकित्सालय के बाहर परशुराम चौराहे पर भव्य आरती का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के तहत परशुराम चौराहे को सजायाकर, आरती व प्रसादी वितरित की गई। इस अवसर पर पूर्व चेयरमैन लक्ष्मी जैन ने कहा कि हमारी कुछ कमियों के कारण इस सर्किल का निर्माण नहीं किया जा सका, लेकिन मैं ब्राह्मण समाज को आश्वासन देती हूं कि सर्किल निर्माण की इस पहल मैं अपना पूर्ण सहयोग करूंगी।

वही जिला प्रमुख सरोज बंसल ने कहा कि परशुराम भगवान ने सदैव लोक कल्याण पर ध्यान दिया और यहां उनकी प्रतिमा स्थापना में सहयोग करेंगे तथा पूर्व भाजपा अध्यक्ष गणेश माहुर ने कहा कि भगवान परशुराम सबके है, और इनके कार्यों में सभी लोग सहयोग करेंगे।

इसी प्रकार सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा देवली शहर में भगवान परशुराम की जन्म जयंती पर शोभायात्रा निकल गई, जहां शोभायात्रा जगह-जगह पुष्प वर्षा पर स्वागत किया गया तथा वही पीपलू क्षेत्र में भी विप्र समाज द्वारा सामूहिक रूप से भगवान परशुराम का जन्मोउत्सव मनाया गया एवं भगवान परशुराम की शोभायात्रा निकाली गई।

इस अवसर पर विप्र फाउंडेशन के प्रदेश सचिव हितेश शर्मा, प्रमुख उद्योगपति विवेक शर्मा, जिलाध्यक्ष राजेश शर्मा, फाउंडेशन की महिला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष जुली शर्मा, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष आशीष शर्मा द्वारा सभी मेहमानों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में पंडित पवन सागर, हनुमान प्रसाद बोहरा, राधेश्याम शर्मा, दिनेश शर्मा नितिन शर्मा, राहुल देव शर्मा, अमित दाधीच, सुभाष मिश्रा, अनिल चतुर्वेदी, देवी प्रकाश तिवाड़ी, आदर्श शर्मा, सोहन शर्मा सहित सैकड़ों समाजबन्धु उपस्थित रहे।

ज्ञापन सौंपा : टोंक में कर्मचारी संयुक्त महासंघ ने अपनी मांगों को लेकर कर्मचारी सड़कों पर उतर गए तथा संगठन से जुड़े पदाधिकारियों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रदर्शन कर अपनी मांगों को लेकर टोंक जिला कलेक्टर डॉक्टर सोम्या झा को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

महासंघ के जिलाध्यक्ष राजाराम जांगिड़ ने बताया कि कर्मचारी संयुक्त महासंघ टोंक की बैठक आयोजित कर 17 सूत्रीय मांगों का निस्तारण नहीं होने से कर्मचारीयों में रोष व्याप्त है। उन्होने कहां कि मांगों पर शीघ्र ध्यान नहीं दिया गया तो कर्मचारी संयुक्त महासंघ आंदोलन करेगा। वही जिला महामंत्री प्रमोद स्वर्णकार ने बताया कि सरकार के डेढ़ साल बाद भी लाखों नियमित कर्मचारियों की वेतन भत्ते संबंधी, दो दशकों से व्याप्त वेतन विसंगति के समाधान नहीं हो रहा है, जिससे लाखों संविदा, निविदा मानदेय भोगी अनियमित कर्मचारियों को राहत नहीं मिल रही है। पूर्व में भी राज्य कर्मचारी संघ ने लंबित मांगों को लेकर ज्ञापन दिया, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

ज्ञापन में चेतावनी देते हुए कहा कि मांग पत्र पर जल्द सक्षम अधिकारी स्तर की वार्ता करवाकर वित्तीय, गैर वित्तीय मांगों का निस्तारण अतिशीघ्र करें अन्यथा महासंघ की ओर से उग्र आंदोलन किया जाएगा।

# हत्या मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**टोंक।** निवाई पुलिस थाना में 15 अप्रेल को परिवादी प्रकाश माली द्वारा दर्ज करवाई गई रिपोर्ट में थाना पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए उनके पुत्र के साथ मारपीठ करने वाले अपराधियों के खिलाफ अनुसंधान प्रारम्भ कर वृताधिकारी मृत्यून्जय मिश्रा व थानाधिकारी रामजीलाल के नेतृत्व में गठित टीम ने वारदात में संदिग्ध आरोपियों के आने-जाने वाले रास्ते व रेकी आदि को डवलप करने का कार्य दिया गया तथा गठित टीम द्वारा उक्त घटना में वांछित चार आरोपियों को 18 अप्रेल को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हे न्यायिक अभिरक्षा में रखा गया।



पुलिस ने हत्या के आरोप में दो आरोपियों को पकड़र।

वही 25 अप्रेल को पीडित हंसराज माली की दौराने ईलाज मृत्यु होने पर गठित टीम द्वारा त्वरित कार्यवही करते हुए अन्य वांछित आरोपी दीपक सैनी उर्फ दीपू पुत्र चन्दालाल सैनी जाति माली उम्र 18 साल निवासी कालू पटेल की ढाणी जमात थाना निवाई, सोनू सैनी उर्फ टोनू पुत्र बाबूलाल जाति माली उम्र 20 साल निवासी कालू पटेल की ढाणी जमात को प्राप्त सूचना एवं तकनिकी साक्ष्य के आधार पर कस्बा निवाई से डिटेन कर गिरफ्तार किया गया। दोनो मुल्जिमान के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान जारी है। उक्त प्रकरण में प्रयुक्त तीन मोटरसाईकिल भी जप्त की गई।

**24 अपरापी गिरफ्तार :** टोंक पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देशन में चलाये जा रहे अपराधियों की धरपकड अभियान के झिराना थाना पुलिस ने प्रभावी कार्वाई करते हुये 24 अपराधियों को गिरफ्तार किया तथा एक ट्रेक्टर-ट्रॉली व एक मोटरसाईकिल व 02 लीटर अवैध हथकढ शराब भी जब्त की है। झिराना थानाधिकारी राजेन्द्र ताडा ने बताया कि थाने की गठित टीम द्वारा डोमिनेशन कार्यवाही कर थाना क्षेत्र से 24 गैर सायलों को गिरफ्तार किया गया तथा एमवी एक्ट में एक ट्रेक्टर-ट्रॉली व एक मोटरसाईकिल को जप्त किया एवं दो लीटर अवैध हथकढ शराब भी जब्त किया गया। उक्त मामले में अनुसंधान जारी है।

# 17 जोड़े परिणय सूत्र में बंधेंगे

**शाहपुरा।** धार्मिक तीर्थ स्थल त्रिवेणी धाम में स्थित सैनी धर्मशाला में आखा तीज के अबूझ सावे पर बुधवार को जय फूले माली विकास जन सेवा समिति शाहपुरा जयपुर के तत्वावधान में चतुर्थ आदर्श माली (सैनी) सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित होगा। विवाह समिति के अध्यक्ष गुरुजी साधुराम सैनी ने बताया कि सामूहिक विवाह सम्मेलन में 17 जोड़े 30 अप्रैल अक्षय तृतीया, बुधवार को एक साथ परिणय सूत्र में बंधेंगे। उन्होंने विवाह सम्मेलन के कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि हनुमान जी के मन्दिर त्रिवेणी धाम में प्रात: 8.15 बजे सियाला होगा।

इसके बाद सैनी धर्मशाला त्रिवेणी धाम में प्रात: 9.15 बजे थाम पूजन, प्रात: 10.15 बजे बारात स्वागत, प्रात: सुबह 11.15 बजे तोरण व वरमाला, पाणिठाहण संस्कार संपन्न होगा।

दोपहर 2 बजे से प्रतिभोज, सायं 3 बजे वर-वधु को आशीर्वाद, सायं 4 बजे विदाई कार्यक्रम होगा। समिति के सचिव एडवोकेट मुकेश कुमार सैनी ने बताया कि आदर्श माली (सैनी) सामूहिक विवाह सम्मेलन समारोह का मुख्य उद्देश्य समाज में अनावश्यक फिजूल खर्ची को रोकना तथा महिलाओं व बालिकाओं को प्रोत्साहन रहेगा। सैनी समाज के चतुर्थ सामूहिक विवाह सम्मेलन में समाज के लोग व प्रतिभाएं व अन्य समाज की हस्तियां भी शामिल होगी। मंगलवार को कार्यक्रम की तैयारीयों को लेकर की समिति के अध्यक्ष गुरुजी साधुराम सैनी की अध्यक्षता में मीटिंग आयोजित हुई। इस मौके पर कोषाध्यक्ष रामचंद्र सैनी, तहसील अध्यक्ष राम नारायण सैनी, उपनिदेशक श्री राम माली, मुख्य संयोजक वृद्धि चंद सैनी, संयोजक महेश कुमार सैनी, उपाध्यक्ष श्रीराम सैनी मंडी, संगठन मंत्री शंभू दयाल सैनी, वित्तीय सचिव राम प्रताप सैनी, प्रचार मंत्री राधेश्याम सैनी, शिक्षा सचिव सुभाष चंद्र सैनी, प्रवक्ता महेश कुमार सैनी, उद्बबोधक बजरंग लाल सैनी, वित्तीय सलाहकार बनवारी लाल सैनी, मीडिया प्रभारी विजयपाल सैनी, मंत्री नीतीश कुमार, अर्जुन लाल सैनी, कालूराम, महासचिव माधोलाल, सदस्य जितेंद्र सैनी, वरिष्ठ सदस्य जगदीश प्रसाद, उद्बबोधक रामकरण माली सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

## सार-समाचार

### मासुम बच्ची को जबरन बाइक पर बैठाने का प्रयास

**मालपुरा (निस)।** मालपुरा उपखण्ड क्षेत्र के लाम्बाहरिसिंह थानान्तर्गत रूपाहेली गांव में मंगलवार को बाईक सवार दो लोगो द्वारा एक मासुम बच्ची को जबरन उठाकर बाइक पर बिठाने के दौरान ग्रामीणों ने दो जनो को संदिग्ध बच्चा चोर मानते हुये दबोच थाना पुलिस के सुपुर्द किया। ग्रामीणों ने बताया कि मंगलवार की दोपहर मे एक मासुम बच्ची अपने घर की तरफ जा रही थी। इसी दौरान मोटरसाइकिल सवार दो जनो ने बच्ची को जबरन बाईक पर बिठाने का प्रयास किया। लेकिन बच्ची दोनों के चंगुल से छुडा चिल्लाते हुये सामने किराणे की दुकान में जा घुसी। बच्ची के चिल्लाने व दौडकर दुकान मे घुसने पर बाईक सवार दोनो जने भाग छुटे।



रूपाहेली गांव में ग्रामीणों ने दबोचा दो संदिग्ध बच्चे चोरों को।

ग्रामीणो ने पीछा कर दोनो को दबोच लिया तथा की गई पूछताछ मे बाईक सवार दोनो जनो ने भूलवश बच्ची को अपनी बच्ची समझ उठा रहै थे। उनका अपहरण का कोई ईरादा नही था। सुचना पर पहुंची लाम्बाहरिसिंह थाना पुलिस ने पकडे गये दोनौं जनो को संदिग्ध बच्चा चोर मानते हुये पुलिस हिरासत में लिया गया। उधर आग की तरह घटना गांव में फैलने से बडी संख्या में लोगों का हुजुम जमा हो गया। ग्रामीणों ने पकडे गये दोनो लोगो से पूछताछ कर कार्यवाही की मांग की।

### पुलिस गस्ती बाइक क्षतिग्रस्त

**बौंली- बामनवास।** क्षेत्र में चलाए जा रहे हैं अवैध बजरी खनन व परिवहन रोकथाम हेतु अभियान के तहत पुलिस टीम द्वारा बौंली पुलिस थाने के गोलपुर ग्राम नाकाबंदी के दौरान बंदावल की तरफ से आ रहे एक अवैध बजरी भरी ट्रैक्टर ट्रॉली चालक ने पुलिस द्वारा रोके जाने पर तेज गति से चलाते हुए नाकाबंदी तोडकर पुलिस गस्ती बाइक को क्षतिग्रस्त कर दिया। इस दौरान ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर ट्राली पलट गई एवं चालक मौके से फरार हो गया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए नाकेबंदी के दौरान पुलिस टीम में शामिल कांस्टेबल आकाश कुमार ने इसकी सूचना बौंली थाने में दी। सूचना पाकर हैड कांस्टेबल धर्मेंद्र चौधरी के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची एवं ट्रैक्टर ट्राली को मय बजरी के जप्त कर फरार चालक के विरुद्ध धारा281,125, 303(2) बीएनएस व 4/21 एमएमडीआर एक्ट में प्रकरण दर्ज कर फरार चालक की सरगर्मी से तलाश शुरू कर दी।

### मिस्त्री की हत्या के दो आरोपी पकड़े

**निवाई।** निवाई थाना पुलिस ट्रैक्कटर मिस्त्री की हत्या करने के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी रामजीलाल बैरवा ने बताया कि 14 अप्रैल की रात को ट्रैक्टर मिस्त्री हंसराज सैनी को अज्ञात व्यक्तियों ने मोबाइल करके दादू दयाल आश्रम के पास उनके ट्रैक्टर को ठीक करवाने का बहाना बनाकर बुलाया था। मिस्त्री के दादू दयाल आश्रम के पास पहुंचते ही आरोपियों ने उस पर लाठियां एवं सरियों से ताबड़तोड़ हमला कर दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को परिजनों ने अस्पताल में भर्ती करवाया। घायल हंसराज सैनी की उपचार के दौरान मौत हो गई। उन्होंने बताया कि उक्त मामले में पुलिस ने पूर्व में 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था। मंगलवार को आरोपी दीपक पुत्र चन्दालाल सैनी व सोनू सैनी पुत्र बाबूलाल सैनी दोनों निवासी कालू पटेल की ढाणी को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि आरोपियों घटना में प्रयुक्त 3 मोटरसाईकिले जब्त की है।

### शाही लवाजमे के साथ निकली शोभायात्रा

**पावटा।** पावटा में ब्राह्मण महासभा पावटा ओर से आज भगवान परशुराम के जन्मोत्सव को लेकर शाही लवाजमे के साथ भगवान परशुराम की भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया । यह शोभायात्रा आज दोपहर 3 बजे कस्बे के आदर्श रामलीला मैदान से निकाली । शोभायात्रा की तैयारियों को लेकर ब्राह्मण महासभा पावटा के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं द्वारा भगवान परशुराम की भव्य शोभायात्रा को लेकर विप्र बंधुओं को पीले चावल देकर कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की थी । शोभायात्रा में भगवान परशुराम की सजीव झांकी व अघोरी नृत्य मुख्य आकर्षण रही । इसके साथ ही शाही लवाजमा, बग्गी और रथ भी शामिल हुए । शोभायात्रा कस्बे के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरेगी। मार्ग में जगह-जगह पुष्प वर्षा के साथ शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया । इस दौरान ब्राह्मण महासभा पावटा अध्यक्ष अमरनाथ पटेल, ब्राह्मण महासभा पावटा तहसील अध्यक्ष राजेश शर्मा, नगर पूर्व अध्यक्ष सुरेश शर्मा, पूर्व महामंत्री विष्णु पटेल, संरक्षक सुरेश शर्मा, दिनेश शर्मा, ओमप्रकाश गौड, राजेंद्र शर्मा, जगदीश शर्मा,पावटा ब्राह्मण महासभा सचिव दीपक पटेल, संगठन मंत्री गिरिराज बोहरा, मीडिया प्रभारी लाला पटेल, कोषाध्यक्ष ललित शर्मा सहित विप्र बंधु मौजूद रहे।

### कलवानिया कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष मिले

**शाहपुरा।** राजस्थान कांग्रेस कमेटी के प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता एडवोकेट संदीप कलवानिया ने जयपुर में कांग्रेस द्वारा आयोजित संविधान बचाओ रैली के पश्चात कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडके, संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के मार्गदर्शन में प्रदेश में संगठन की मजबूती के लिए किया जा रहे प्रयासों के बारे में जानकारी देते हुए संगठन की मजबूती के लिए सदैव प्रयास करने और पार्टी की रीति नीति को आम जनता तक पहुंचाने का संकल्प लिया। इस दौरान प्रदेश प्रवक्ता ने प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के नेतृत्व में कांठोस संगठन द्वारा केंद्र व राज्य सरकार की जन विरोधी नीतियों के लिए संगठन द्वारा धरातल पर चल रहे प्रयास व जन जागरूकता के बारे में भी अवगत करवाया। प्रदेश प्रवक्ता ने राष्ट्रीय नेताओं को प्रदेश में संगठन से युवा शक्ति को जोड़ने के लिए किया जा रहे कार्य के बारे में जानकारी दी। प्रदेश प्रवक्ता ने भाजपा सरकार के संविधान विरोधी नीतियों को आम जनता तक पहुंचाने के लिए किया जा रहे प्रयासों के बारे में विस्तार से अवगत करवाया। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष की मौजूदगी में प्रदेश प्रवक्ता ने राष्ट्रीय नेताओं को प्रदेश संगठन द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से अवगत करवाया। उन्होंने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष डोटासरा के नेतृत्व में प्रदेश में पार्टी मजबूती से काम कर रही है।

## आतंकवाद मुर्दाबाद कहने से किसके पेट में दर्द है, वो सामने आए : बालमुकुंदाचार्य

**अलवर।** जौहरी बाजार की जामा मस्जिद की सीढ़ियों में पोस्टर लगाने के आरोपों से घिरे विधायक बालमुकुंदाचार्य ने अलवर में कहा कि संविधान में शिकायत का सभी को अधिकार है। मैं विरोध नहीं करूंगा, जांच होगी तो सब सामने आ जाएगा। मैंने जहां पोस्टर लगाए वो मस्जिद का स्थान नहीं है। बरामदा है उस पर कब्जा है और इस कब्जे वाली जगह पर बने फुटपाथ पर रखे पायदान पर मैंने स्टीकर लगाया है।

> ■ जौहरी बाजार की जामा मस्जिद की सीढ़ियों में पोस्टर लगाने के आरोपों से घिरे विधायक बालमुकुंदाचार्य ने अलवर में कहा कि संविधान में शिकायत का सभी को अधिकार है

बालमुकुंदाचार्य ने सोमवार को कहा कि मंदिर, गुरुद्वारा सभी जगहों पर यह पोस्टर लगाए गए थे। लेकिन आतंकवाद मुर्दाबाद, पाकिस्तान मुर्दाबाद कहने से किसके पेट में दर्द है। मैं तो चाहता हूं वो सामने आए और बताए मुझे तकलीफ है। इस देश में रहकर पाक से प्रेम किसको है, वो जरा सामने आए। उन्होंने कहा कि दुर्भाग्यपूर्ण कि जयपुर शहर के दो विधायक तुष्टिकरण की राजनीति करते हैं भेदभाव करते हैं। धारा 144 होने के बावजूद भीड़ एकत्रित करके माहौल् खराब करना चाहते हैं। यह समय आपस में लडऩे का नहीं है। बल्कि देशहित में सबको एक होकर पाकिस्तान के खिलाफ खड़ा होने कहा है। उन्होंने कहा कि जो सद्कर्म करता है लोगों पर दया-धर्म करता है, वो देवता है। जो पापाचार अत्याचार करते हैं, लोगों को प्रताड़ित करते हैं। उन्हें असुर नहीं कहेंगे तो क्या कहेंगे। उन्होंने कहा कि आतंकवादियों को छुड़ाने के लिए कांग्रेस के वकील खड़े हुए। आतंकवादी को फांसी नहीं हो इसके लिए वकील खा किए। ये आतंकवाद के साझेदार हैं। ये कहने के कुछ और, करने के कुछ और हैं। लेकिन मैं कहना चाहता हूं कि तुम्हारे जमाने में बम फूटते थे। भारतीयों और सनातनियों को मारते थे। पीएम पर विश्वास है कि इस घटना का रगड़-रगडक़र बदला लिया जाएगा और इस बार इलाज का सीधा वीडियो आएगा। उन्होंने कांग्रेस को मम्मी-बेटा, जीजी-जीजाजी सहितचार जनों की पार्टी बताया और कहा कि इन्होंने अपना स्वार्थ सोचा। देश में घोटाले करवाए। आतंकवाद को सपोर्ट किया। इन्होंने 2014 से पहले जो काम किए थे, इसलिए जनता ने इन्हें डिलिट मारा है। मुस्लिम समाज भी भाजपा के साथ आया है, इससे इनके पेट में दर्द है।

# परशुरामजी की शोभायात्रा की झांकियों ने मनमोहा

**चौमूं / कालाडेरा।** शहर के बस स्टैंड स्थित गढ गणेश मन्दिर परिसर से मंगलवार को सवेरे श्री परशुराम सेवा समिति के तत्वावधान में भगवान परशुरामजी की मंगल भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा शाही लवाजमे डीजे, घोड़ी, ऊंट, बैंड, ध्वजवाहक के साथ गढ़ गणेश मन्दिर से शुरू होकर मुख्य बस स्टैंड होकर थाना मोड़ चौराहा, धोली मंडी, सुभाष सर्किल, नया बाजार, मुख्य बाजार चौपड़, त्रिपोलिया बाजार, लक्ष्मीनाथ चौक होते हुए वापस गढ़ गणेश मन्दिर में पहुंची। इस दौरान मार्ग में धार्मिक, सामाजिक, व्यापारिक और राजनीतिक संगठनों ने पुष्प वर्षा से स्वागत किया। शोभायात्रा में भगवान भोलेनाथ और अघोरी की झांकी, राधा कृष्ण की सजीव झांकियां विशेष आकर्षण का केन्द्र रही। आचार्य पंडित महेश शास्त्री के सानिध्य में 21 विद्वानों द्वारा रुद्री पाठ का आयोजन किया गया। यात्रा में शामिल दुर्गावाहिनियों, मातृशक्ति, धर्म सनातनियों ने भगवा रंग का साफा पहना हुआ था। कार्यक्रम में पूर्व विधायक रामलाल शर्मा, सर्वब्राह्मण महासभा के पंडित सुरेश मिश्रा, भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष श्याम शर्मा, रालोपा के छुट्टन यादव, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष अनुराग शर्मा, जितेन्द्र बीजावत, नगर परिषद उपसभापति किरण शर्मा, एसीपी अशोक चौहान, थानाधिकारी प्रदीप शर्मा, शिक्षाविद सांवरमल चतुर्वेदी आदि मौजूद रहे। इस मौके पर समिति के हजारीलाल शर्मा, मेघराज शर्मा, कैलाश तिवाडी, अजय शर्मा, एडवोकेट मनुवत्सल भारद्वाज, नानक राम शर्मा, राज्यपाल के पीए विजय शर्मा, पुरुषोत्तम शर्मा, रामावतार पारीक, राधेश्याम शर्मा, घीसालाल शर्मा, ब्रह्मदत्त मिश्रा, अंकित बटवाल, रघुनंदन शर्मा, राजेन्द्र अमोलक, विनोद भातरा, बालकृष्ण, रूपकिशोर भारद्वाज, महेश बलेसरा, संदीप भातरा, सहित हजारों विप्र बंधु व धर्म सनातनी मौजूद रहे। शोभायात्रा के सत्कार में उमडे शहरवासा श्री परशुराम सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित परशुरामजी की शोभायात्रा में शहरवासियों ने जमकर पुष्प वर्षा की और धर्म सनातनियों को जलपान करवाया। इसी श्रृंखला में सर्व समाज, व्यापार मंडल, दी बार एसोसिएशन के सदस्य, पेंशन कर्मचारी संघ, भाजपा कार्यकर्ताओं, बाबा अमरनाथ कांवड़िया संघ द्वारा पुष्पवर्षा की गई और जलपान करवाया गया। झांकियों ने मनमोहा ऋषि पाराशर, परशुरामजी, रामदरबार, राधा कृष्ण सहित अघोरियों की झांकियों ने सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। पुलिस प्रशासन रहा मुस्तैद भगवान श्री परशुरामजी की शोभायात्रा को लेकर पुलिस प्रशासन मुस्तैद रहा।



चौमू में श्री परशुराम सेवा समिति के तत्वावधान में भगवान परशुरामजी की मंगल भव्य शोभायात्रा निकाली गई।

# हमले के विरोध में अलवर बंद रहा

**अलवर।** पहलगाम में हुई आतंकी घटना के विरोध में अलवर जिला व्यापार संघ की ओर से मंगलवार को अलवर बंद के आव्हान के तहत सुबह से दुकानें बंद हैं। एक दो जगह दुकानें खुली मिली तो व्यापारी वहां पहुंचे। ज्यादातर दुकानें स्वेच्छा से रहीं। संयुक्त जिला व्यापार महासंघ के अध्यक्ष ने कहा कि दुकानदार स्वेच्छा से बंद रखना चाहे तो रखें और खोलना चाहे तो खोलें। सुबह से व्यापारियों की टीमें बाजारों में पहुंच गई। कुछ दुकानें खोलने आए व्यापारियों से समझाइश कर बंद कराने में लगे हैं। असल में पहलगाम में हुए आतंकी घटना के विरोध में यह बंद का आ ान है। होपसर्कस पर सुबह रामबाबू मिष्ठान भंडार खुला मिला तो व्यापारी उसे बंद कराने पहुंचे। दुकानदार ने कहा सावों का टाइम है। इसलिए खोलनी पड़ी। अलवर जिला व्यापार महासंघ के अध्यक्ष रमेश जुनेजा ने कहा कि आतंकी घटना के विरोध में पूरा देश है। व्यापार वर्ग भी आतंकी घटना का जवाब देने के लिए देश के साथ है। एक दिन का बंद रखकर घटना के विरोध में व्यापारी एकजुट हैं। सब अपनी मर्जी से बदं रखने को तैयार हो गए। इसके बाद बंद का आ ान किया गया था। अब सुबह से दुकानें बंद है। जहां दुकानदार दुकानें खोलने आए उनसे समझाइश की गई । वहीं संयुक्त व्यापार महासंघ के अध्यक्ष राजकुमार गोयल का कहना है कि इस बंद के समर्थन में नहीं है। बंद का कोई औचित्य नहीं है। कोई दुकानदार अपनी स्वेच्छा से बंद रखना चाहे तो रख सकता है। किसी पर कोई दबाव नहीं है। अलवर के बाजारों में दुकानों के बाहर बैठे दुकानदारों ने कहा कि सब स्वेच्छा से बंद करके बैठे । देश के साथ हैं। आतंकी घटना का विरोध है। देश की सुरक्षा के मुद्दे पर सब एक हैं। सब की आवाज है कि आतंकियों को सबक सिखाने की जरूरत है। वहीं चूड़ी मार्केट के दुकान सुनील का कहना है कि स्वेच्छा से पूरा बाजार रहा । पहलगाम की घटना के विरोध में पूरे व्यापारी है।



बेवजह कमेंट्स पास करने से अच्छा है अपने देश की तरक्की में दिमाग लगाओ शाहिद अफरीदी। हमें हारी इंडियन आर्मी पर बहुत गर्व है। भारत माता की जय, जय हिंद।
- शिखर धवन

पूर्व भारतीय क्रिकेटर, शाहिद अफरीदी को दिया झन्नाटेदार जवाब, पूर्व पाक कप्तान ने इंडियन आर्मी पर किया था कमेंट

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी** — युजवेंद्र चहल



**पंजाब किंग्स** के स्पिनर युजवेंद्र चहल की खुशी चार गुनी हो गई जब उन्हें एमएस धोनी का बैट मिला। चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान धोनी ने पंजाब के खिलाफ मैच से पहले चहल को अपना बल्ला गिफ्ट के रूप में दिया। हालांकि, चहल जब बैट लेकर ड्रेसिंग रूम में गए तो ग्लेन मैक्सवेल ने उनकी टांग खींची। युजी एक सवाल का जवाब नहीं दे पाए। पीबीकेएस ने चहल का दिलचस्प वीडियो इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। सीएसके वर्सेस पीबीकेएस आईपीएल 2025 का 49वां मुकाबला बुधवार को चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में खेला जाना है।

**क्या आप जानते हैं ?...** वैभव ने 38 गेंदों में 101 रन की पारी खेलकर आईपीएल के सबसे युवा शतकवीर बनने का रिकॉर्ड बनाया।

## आईपीएल 2025 में शतक जड़कर इतिहास रचने वाले वैभव सूर्यवंशी आज क्रिकेट जगत की सनसनी : कोच ओझा



जयपुर, 29 अप्रैल। आईपीएल 2025 में बीते सोमवार खेले गए राजस्थान रॉयल्स और गुजरात टाइटंस के बीच मुकाबले में 14 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी ने जीटी के गेंदबाजों की धज्जियां उड़ाकर रख दी। आईपीएल 2025 में शतक जड़कर इतिहास रचने वाले वैभव सूर्यवंशी आज क्रिकेट जगत की सनसनी बन चुके हैं। आईपीएल ही नहीं, बल्कि प्रोफेशनल टी20 क्रिकेट में उनसे कम उम्र में दुनिया के किसी बल्लेबाज ने शतक नहीं जड़ा है। समस्तीपुर, बिहार के एक छोटे गांव से निकलकर इस खिलाड़ी ने अपनी प्रतिभा से सबको हैरान कर दिया।वहीं वैभव सूर्यवंशी के बचपन के कोच मनीष ओझा को उम्मीद है कि उनका 14 वर्षीय शिष्य अगले एक या दो साल में भारत की टी20 टीम में जगह बना लेगा। वैभव ने सोमवार को 38 गेंदों में 101 रन की पारी खेलकर आईपीएल के सबसे युवा शतकवीर बनने का रिकॉर्ड बनाया। उनकी उम्र 14 साल और 32 दिन है। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए 11 छक्के और सात चौके लगाए



और राजस्थान रॉयल्स को जयपुर में आठ विकेट से जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई।कोच मनीष ओझा ने मैच के बाद बताया कि, इस कोच के तौर पर ये मेरे लिए गर्व की बात है। बिहार जैसे राज्य के लिए जो खेलों में मजबूत नहीं है, ये सूरज की किरण की तरह है। उन्होंने कई लोगों को प्रेरित किया होगा। उन्होंने बिहार को भारत में क्रिकेट के नक्शे पर ला खड़ा किया है। मुझे लगता है कि अगर वह इसी तरह खेलते रहे, तो वह निश्चित रूप में एक या दो साल में भारत की टी20 टीम में जगह बना लेंगे। सूर्यवंशी पहले ही भारत की अंडर-19 टीम के लिए चुके हैं और जनवरी 2024 में उन्होंने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में डेब्यू किया था। ओझा ने कहा कि वैभव एक स्वभाविक रूप से प्रतिभाली क्रिकेटर हैं और उनकी सोच बिल्कुल साफ है। उन्होंने कहा कि, हमने उसे कोचिंग दी है, लेकिन उसके पास प्राकृतिक प्रतिभा है। उसके पास सीखने का जज्बा है। उसे जो भी सुझाया जाता है, वह तुरंत सीख जाता है। वह शुरू से ही बहुत आक्रामक खिलाड़ी रहा है। उसे शॉट खेलना पसंद है। उनके दिमाग में शॉट को लेकर स्पष्टता- ओझा ने बताया कि, दो साल पहले अकादमी में एक अभ्यास सत्र था। मैंने उससे कहा कि तुम एक और दो रन क्यों नहीं लेते। उसने कहा कि अगर मैं छक्के मार सकता हूं। तो सिंगल की कोई जरूरत नहीं है। कोच ने कहा कि, शुरुआती चरण से ही उसके दिमाग में स्पष्टता थी। उसे खेलने के तरीके और खेल के प्रति दृष्टिकोण के बारे में स्पष्ट विचार प्रक्रिया है।

### वैभव और आयुष की चमकेगी किस्मत, इंग्लैंड के खिलाफ टीम इंडिया में मिलेगी जगह?

नई दिल्ली, 29 अप्रैल। भारत में इन दिनों आईपीएल 2025 की धूम मची हुई है और टूर्नामेंट में एक के बाद एक धमाकेदार मुकाबले खेले जा रहे हैं। आईपीएल के समापन के बाद भारत को इंग्लैंड के दौरे पर 5 मैचों की टेस्ट सीरीज खेलने के लिए रवाना होना है। इसी दौरान भारत की अंडर-19 टीम भी इंग्लैंड का दौरा करेगी। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, भारत की अंडर-10 टीम के इस दौरे के दौरान वैभव सूर्यवंशी और आयुष म्हात्रे भी स्क्वॉड का हिस्सा होंगे।टीम इंडिया इस दौरे पर 5 वनडे और दो टेस्ट मुकाबले खेलेगी। बीसीसीआई के सूत्रों के मुताबिक 21 जून को टीम यूके लैंड करेगी इस दौरे पर 14 वर्षीय युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी और आयुष म्हात्रे जैसे खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिल सकता है।

### गेंद के पीछे एनर्जी ट्रांसफर करना शानदार पारी का नुस्खा : सचिन तेंदुलकर



नई दिल्ली, 29 अप्रैल। इंडियन प्रीमियर लीग 2025 में राजस्थान रॉयल्स और गुजरात टाइटंस के बीच खेले गए मुकाबले के बाद हर तरफ सिर्फ युवा खिलाड़ी वैभव सूर्यवंशी की चर्चा हो रही है। वैभव सूर्यवंशी ने आईपीएल 2025 में जबरदस्त इतिहास रच दिया है। तूफानी बल्लेबाजी के दम पर वैभव ने आईपीएल में दूसरा सबसे तेज शतक जड़ा है। ये शतक उन्होंने 35 गेंदों में जड़ दिया। इस शानदार पारी को देखकर खुद क्रिकेट के भगवान सचिन तेंदुलकर भी वैभव की तारीफ करने से खुद को नहीं रोक सके। सचिन तेंदुलकर ने वैभव की सोच की तारीफ की है। सचिन तेंदुलकर ने लिखा, वैभव का दृष्टिकोण निडर है। बल्ले की गति, शुरुआत में ही लेंथ को पहचानना, गेंद के पीछे एनर्जी ट्रांसफर करना शानदार पारी का नुस्खा है। गौरतलब है कि सवाई मानसिंह स्टेडियम में गुजरात टाइटंस के खिलाफ वैभव सूर्यवंशी ने 35 गेंदों में 100 रन बना लिए है। शतक जड़ने वाले वैभव आईपीएल के सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बन गए है। उन्होंने ये कारनामा सिर्फ 14 वर्ष 32 दिन की उम्र में कर दिखाया है। वैभव ने शतकीय पारी में 11 छक्के और सात चौके लगाए। वैभव सूर्यवंशी इस उपलब्धि को हासिल ऐसे ही नहीं कर सके है। इसके पीछे उनकी बीते तीन चार महीनों की कड़ी मेहनत है।

### शादमन इस्लाम का शतक, बांग्लादेश ने बनाई 64 रन की बढ़त

चटगांव, 29 अप्रैल। शादमन इस्लाम (120), मुशफिकुर रहीम (40) और अनामुल हक (39) रनों की पारियों की बदौलत बंगलादेश ने दूसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन मंगलवार को सुबह के सत्र में जिम्बाब्वे की पारी को 227 रन पर समेटने के बाद बल्लेबाजी करते हुए स्टंप के समय सात विकेट पर 291 का स्कोर खड़ा कर 64 रनों की बढ़त हासिल कर ली है। बल्लेबाजी करने उतरी बंगलादेश के लिए शादमन इस्लाम और अनामुल हक की सलामी जोड़ी ने शानदार शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 118 रन जोड़े। 32वें ओवर में ब्लेसिंग मुजारबानी ने अनामुल हक (39) को आउटकर इस साझेदारी का अंत किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये मोमिनुल हक ने शादमन के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया। 54वें ओवर में वेलिंग्टन मसाकाट्जा ने मोमिनुल हक (33) को आउटकर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद शादमन इस्लाम (120) को ब्रायन बेनेट ने पगबाधा आउटकर बंगलादेश को बड़ा झटका दिया। कप्तान नजमुल शान्तो (23) और मुशफिकुर रहीम (40) रन बनाकर आउट हुये। बंगलादेश का सातवां विकेट नईम हसन (तीन) के रूप में गिरा। दिन का खेल समाप्त होने के समय बंगलादेश ने सात विकेट पर 291 रन बनाने के साथ जिम्बाब्वे की पहली पारी के आधार पर 64 रनों की बढ़त बना ली है। मेहदी हसन मिराज (नाबाद 16) और तैजुल इस्लाम (नाबाद पांच) क्रीज पर मौजद है। जिम्बाब्वे की ओर से ब्लेसिंग मुजारबानी, वेलिंग्टन मसाकाट्जा और ब्रायन बेनेट ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। विन्सेंट मसेकेसा को तीन विकेट मिले। इससे पहले जिम्बाब्वे ने कल के नौ विकेट पर 225 रन के स्कोर से आगे खेलना शुरु किया। जिम्बाब्वे ने आज अभी स्कोर में दो रन का इजाफा किया था कि तैजुल इस्लाम ने ब्लेसिंग मुजारबानी को विकेटकीपर जाकेर अली के हाथों कैच आउट कराकर उसकी पारी को 227 रनों के स्कोर पर अंत कर दिया। बंगलादेश की ओर से तैजुल इस्लाम ने 27.1 ओवर में 60 रन देकर छह विकेट लिये। नईम हसन ने 20 ओवर में 42 रन देकर दो विकेट झटके। तनजीम हसन साकिब ने एक बल्लेबाज को आउट किया। जिम्बाब्वे के लिए निक वेल्च (54) और शॉन विलियम्स (67) ने अर्धशतकीय पारी खेली। टी. तिसगा (18) रन बनाकर नाबाद रहे।

### ईपीपल ने भारत में अपना नया कार्यालय खोलने की घोषणा की

मुम्बई, 29 अप्रैल। इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) ने मंगलवार को मुम्बई में अपना नया कार्यालय खोलने की घोषणा की है। यह कार्यालय स्थानीय प्रशंसक, सहयोगियों के साथ संपर्क बढ़ाने, भारत में फुटबॉल को बढावा देने और लीग तथा उसके क्लबों की निरंतर विकास का समर्थन करने के लिए स्थापित किया गया है। प्रीमियर लीग के मुख्य कार्यकारी रिचर्ड मास्टर्स ने कहा, हम और हमारे क्लब भारत में एक शानदार और जानकारी प्रशंसक बेस रखते हैं और हम जानते हैं कि फुटबॉल की ख्याति लगातार बढ़ रही है। हम भारत के प्रति अपनी दीर्घकालिक प्रतिबद्धता पर गर्व महसूस करते हैं, जहां हम पिछले 18 वर्षों से सुमदायिक फुटबॉल कार्यक्रम चला रहे हैं और हाल ही में इंडियन सुपर लीग के साथ साझेदारी कर रहे हैं। उन्होंने कहा, इस कार्यालय का उद्घाटन प्रीमियर लीग के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। यह हमें स्थानीय स्तर पर और अधिक असरदार तरीके से काम करने में मदद करेगा, जिससे हम प्रशंसक, जियोस्टार और अन्य साझेदारों के साथ अपने रिलेशनशिप को और मजबूत कर सकेंगे। हम इस क्षेत्र में इससे उत्पन्न होने वाले अवसर को लेकर उत्साहित हैं। प्रीमियर लीग भारत में फुटबॉल समुदाय के साथ लंबे समय से काम कर रही है। जमीनी स्तर पर, लीग ने 2007 से ब्रिटिश काउंसिल के साथ साझेदारी में प्रीमियर कौशल कार्यक्रम के माध्यम से समुदायिक फुटबॉल कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने में मदद की है। पिछले 18 वर्षों में, यह कार्यक्रम 18 से अधिक भारतीय राज्यों में संचालित किया गया है, जिसमें 7,300 से अधिक कोच, रेफरी और एजुकेटर्स को प्रशिक्षित किया गया है, जिससे एक लाख 24 हजार से अधिक युवाओं को लाभ मिला है।

## कोलकाता नाइट राइडर्स ने दिल्ली कैपिटल्स को 14 रन से हराया

नयी दिल्ली, 29 अप्रैल। अंगकृष रघुवंशी (44), रिंकू सिंह (36), अजिंक्य रहाणे की पारियों के बाद सुनील नारायण (तीन विकेट) और वरुण चक्रवर्ती (दो विकेट) के दमदार प्रदर्शन की बदौलत कोलकाता नाइट राइडर्स ने मंगलवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के 48वें मैच में दिल्ली कैपिटल्स को 14 रनों से हरा दिया।

205 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी दिल्ली कैपिटल्स की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने सलामी बल्लेबाज अभिषेक पोरेल (चार) का विकेट पहले ही ओवर में गवां दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये करुण नायर ने फाफ डुप्लेसी के साथ दूसरे विकेट के लिये 39 रन जोड़े। पांचवें ओवर में वैभव अरोड़ा ने करूण नायर (15) को आउटकर कोलकाता को दूसरी सफलता दिलाई। के एल राहुल (सात) रन आउट हुये।

इसके बाद बल्लेबाजी करने आये कप्तान अक्षर पटेल ने फाफ डुप्लेसी के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया। दोनों बल्लेबाजों ने चौथे विकेट लिये 76 रन जोड़े। सुनील नारायण ने 14वें ओवर में अक्षर पटेल को आउटकर पवेलियन भेज दिया। अक्षर पटेल ने 23 गेंदों में चार चौके



और तीन छक्के लगाते हुये (43) रनों की पारी खेली। इसी ओवर में नारायण ने ट्रिस्टन स्टब्स (एक) को बोल्ड कर दिल्ली को पांचवां झटका दिया। फाफ डुप्लेसी ने 45 गेंदों में सात चौके और दो छक्कों की मदद से (62) रनों की पारी खेली। उन्हें भी सुनील नारायण ने आउट किया। 18वें ओवर में वरुण चक्रवर्ती ने आशुतोष शर्मा (सात) और मिचेल स्टार्क (शून्य) को आउटकर मैच पर कोलकाता की पकड़ मजबूत कर दी।आंद्रे रसल ने 20वें ओवर में विप्रज निगम को बोल्ड कर दिल्ली को नौवां झटका दिया। विप्रज निगम ने 19 गेंदों में पांच चौके और दो छक्के लगाते हुए (38) रन बनाये। दिल्ली कैपिटल्स की टीम निर्धारित 20 ओवर में नौ विकेट पर 190 रन ही बना सकी और 14 रन से मुकाबला हार गई।

कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए सुनील नारायण ने तीन और वरूण चक्रवर्ती ने दो विकेट लिये। अनुकुल रॉय और वैभव अरोड़ा ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान अक्षर पटेल ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी कोलकाता नाइट राइडर्स की रहमानउल्लाह गुरबाज और सुनील नारायण की जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 48 रन जोड़े। तीसरे ओवर में मिचेल स्टार्क ने रहमानउल्लाह गुरबाज 12 गेंदों में 26 रन को आउटकर दिल्ली को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद सातवें ओवर में विप्रज निगम ने सुनील नारायण 16 गेंदों में (27) को आउटकर पवेलियन भेज दिया। अजिंक्य रहाणे के रूप में कोलकाता का तीसरा विकेट गिरा। उन्हें अक्षर पटेल ने पगबाधा आउट किया।

अक्षर पटेल का अगला शिकार वेंकटेश अय्यर (सात) बने। इसके बाद अंगकृष रघुवंशी और रिंकू सिंह ने पारी को संभाला। 17वें ओवर में दुश्मांता चमीरा ने कोलकाता को बड़े स्कोर की ओर ले जा रहे अंगकृष रघुवंशी को आउटकर दिल्ली को बड़ी सफलता दिलाई। अंगकृष रघुवंशी ने 32 गेंदों में तीन चौके और दो छक्के लगाते हुए (44)रनों की पारी खेली।



### आर. अश्विन को पद्मश्री और पीआर श्रीजेश को पद्म भूषण अवार्ड से किया गया सम्मानित

नई दिल्ली, 29 अप्रैल। भारतीय हॉकी के पूर्व खिलाड़ी पीआर श्रीजेश को सोमवार को पद्म भूषण पुरस्कार से सम्मानित किया गया। जबकि भारतीय टीम के पूर्व स्पिनर रविचंद्रन अश्विन को पद्मश्री पुरस्कार दिया गया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन में एक समारोह के दौरान श्रीजेश और अश्विन को सम्मानित किया। इस कार्यक्रम में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और पीएम मोदी भी मौजूद रहे। श्रीजेश और अश्विन को ये सम्मान खेल में उत्कृष्ट योगदान के लिए मिला है।गणतंत्र दिवस की पूव संध्या पर केंद्र सरकार ने 2025 के लिए पद्म पुरस्कारों की घोषणा की थी जिसमें श्रीजेश और अश्विन का नाम भी शामिल था। अश्विन ने पिछले साल ऑस्ट्रेलिया दौरे के दौरान अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लिया था। वह भारत के सफल स्पिनरों में शामिल हैं। अश्विन ने टेस्ट में भारत के दूसरे सबसे सफल गेंदबाज के तौर पर अपना करियर समाप्त किया। 106 टेस्ट मैचों में अश्विन ने 537 विकेट झटके और वह बस पूर्व स्पिनर अनिल कुंबले से पीछे थे जिन्होंने अपने टेस्ट करियर में 619 विकेट लिए हैं। अश्विन फिलहाल आईपीएल 2025 में हिस्सा ले रहे हैं और इस सीजन चेन्नी सुपर किंग्स का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं।

### श्रेयस, सूर्यकुमार के साथ कई खिलाड़ियों को मिला आइकन प्लेयर का दर्जा

नई दिल्ली, 29 अप्रैल। मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन ने 26 मई से शुरू हो रहे टी20 मुंबई लीग 2025 सीजन के लिए आइकन खिलाड़ियों की लिस्ट का ऐलान किया जिसमें भारत के टी20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव, श्रेयस अय्यर और अजिंक्य रहाणे समेत 8 खिलाड़ियों को रखा गया। टी20 मुंबई लीग की वापसी 6 साल के बाद हो रही है और ये आईपीएल 2025 के तुरंत बाद खेली जाएगी। इस लीग का समापन 8 मई को होगा।इस लीग के आइकन खिलाड़ियों की सूची में मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन ने सूर्यकुमार यादव, श्रेयस अय्यर, अजिंक्य रहाणे के अलावा सरफराज खान, शार्दुल ठाकुर, पृथ्वी शॉ, शिवम दुबे और तुषार देशपांडे को रखा है। एमसीए के अध्यक्ष अजिंक्य नाइक ने कहा कि हमें 8 आइकल खिलाड़ियों के नाम की घोषमा करते हुए खुशी हो रही है जिन्होंने घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपने प्रदर्शन से मुंबई को बहुत गौरव दिलाया है। वे मुंबई क्रिकेट की भावना और विरासत प्रतिनिधित्व करते हैं। उनके इस लीग में शामिल होने से ना सिर्फ उभरती हुई प्रतिभाओं को प्रेरणा मिलेगी बल्कि उनके लिए एक सीखने का अवसर भी होगा क्योंकि हम भारत के क्रिकेट सितारों की अगली पीढ़ी की खोच के लिए प्रतिबद्ध हैं। लीग में इन खिलाड़ियों की मौजूदगी से इसका कद भी बढ़ेगा और फैंस को एक रोमांचक और यादगार अनुभव मिलेगा। एमसीए ने अपने सभी भारतीय खिलाड़ियों के लिए टी20 मुंबई लीग में भाग लेना अनिवार्य कर दिया है।



### राजीव गांधी ने आर.आर. एकेडमी सीकर को 105 रनों से हराया

जयपुर, 29 अप्रैल। चंबल स्पोर्ट्स क्लब द्वारा आयोजित 17वी राज्य स्तरीय नन्द सिंह मेमोरियल क्रिकेट लीग में आज खेले गए एमसीए ग्राउंड पर राजीव गांधी ने आर. आर. एकेडमी सीकर को 105 रनों से हराया। टॉस जीतकर राजीव गांधी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निशांत गुर्जर 68, अक्षत चांदवल 69, रौनक राकेश गुप्ता 51, लक्ष्य वैष्णव 56 नाबाद, श्यामसुंदर 14, मयंक कश्यप 14 रनों के सहयोग से 45 ओवर में 7 विकेट पर 320 रन बनाए। आर. आर. एकेडमी सीकर की ओर से गेंदबाजी करते हुए विराट 2 विकेट, मनीष सैनी, अदनान पठान, अर्जुन शर्मा, रौनक कुमावत, अमन ने 1-1 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए आर. आर. सीकर ने राजीव गांधी के स्पिन गेंदबाजी के सामने मनीष सैनी 67, केशव खंडेलवाल 26, अदनान पठान 16, रौनक कुमावत 40, अमन 17, विराट 15 रनों के सहयोग से 42 ओवर में 215 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। राजीव गांधी की ओर से श्यामसुंदर, आयुष गुर्जर ने 4-4 विकेट लिए। दीपांशु, भाविक चौहान ने 1-1 विकेट लिए। मैच के मन ऑफ द मैच श्यामसुंदर रहे।

## भारतीय महिला टीम ने द. अफ्रीका को 15 रनों से हराया

कोलंबो, 29 अप्रैल। तेजमिन ब्रिट्स (102) की शतक गया बेकार, प्रतिका रावल (78), कप्तान जेमिमाह रॉड्रिग्स (नाबाद 41) और जेमिमाह रॉड्रिग्स (41) की शानदार पारियों के बाद स्नेह राणा (पांच विकेट) और दमदार क्षेत्ररक्षण की बदौलत भारतीय महिला टीम ने मंगलवार को त्रिकोणीय श्रृंखला के दूसरे एकदिवसीय मैच में दक्षिण अफ्रीका को 15 रनों से हरा दिया।

277 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी दक्षिण अफ्रीका के लिए कप्तान लॉरा वुलफार्ट और तेजमिन ब्रिट्स की सलामी जोड़ी ने शानदार शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए रिकार्ड 140 रनों की साझेदारी की। 28वें ओवर में दीप्ति शर्मा ने लॉरा वुलफार्ट (43) को पगबाधा आउटकर भारत को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद स्नेह राणा ने लारा गुडॉल (नौ) को बोल्ड कर दक्षिण अफ्रीका को दूसरा झटका दिया।

काराबो मेसो (आठ) को अरुंधति रेड्डी ने बोल्ड आउट किया। सुने लूस और क्लोई ट्राइऑन ने पारी को संभालने का प्रयास किया। 41वें ओवर से पहले दक्षिण अफ्रीका की टीम मैच पर अपनी पकड़ बनाये हुये थे और जीत की ओर अग्रसर थी। ऐसे समय में भारतीय खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। 42वें



ओवर में श्री चरणी ने सुने लूस (28) को आउटकर भारत के चौथा विकेट झटका। इसके बाद स्नेह राणा ने क्लोई ट्राइऑन (18), एन डर्कसन (30) और नडीन डी क्लर्क (शून्य) को आउटकर मैच भारत के पक्ष में कर दिया। एम क्लास और म्लाबा रनआउट हुई। भारतीय गेंदबाजों ने 49.2 ओवर में दक्षिण अफ्रीका को 261 के स्कोर पर समेटकर मुकाबला 15 रनों से जीत लिया।

भारत की ओर स्नेह राणा ने 10 ओवर में 43 रन देकर पांच विकेट लिये। अरुंधति रेड्डी, श्री चारणी और दीप्ति शर्मा ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां टॉस जीतकर भारतीय महिला टीम ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी प्रतिका रावल और स्मृति मंधाना की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिये 83 रन जोड़े। 19वें ओवर में एनेरी डर्कसेन ने स्मृति मंधाना (36) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये हरलीन देओल ने प्रतिका रावल के साथ दूसरे विकेट के लिए 68 रन जोड़े। 31वें ओवर में एन म्लाबा ने प्रतिका रावल (78) को आउटकर दक्षिण अफ्रीका को दूसरी सफलता दिलाई। इसके बाद एन म्लाबा ने हरलीन देओल (29) को आउटकर पवेलियन भेज दिया।

जेमिमाह रॉड्रिग्स 32 गेंदों में (41) रन बनाकर आउट हुई। ऋचा घोष ने (24) और दीप्ति शर्मा ने (नौ) रन बनाये। कप्तान हरमनप्रीत कौर ने (नाबाद 41) रनों की पारी खेली। काश्वी गौतम (पांच) रन बनाकर नाबाद रही। भारतीय महिला टीम ने निर्धारित 50 ओवर में छह विकेट पर 276 रन का स्कोर खड़ा किया। दक्षिण अफ्रीकी की ओर से एन म्लाबा ने दो विकेट लिये। ए खाका, एम क्लास, एन डी क्लार्क और एनेरी डर्कसेन ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

### प्लेऑफ की उम्मीद धूमिल होने के बावजूद पंजाब के खिलाफ साख बचाने उतरेगी चेन्नई

चेन्नई, 29 अप्रैल। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 में पिछले नौ में से सात मैच हार चुकी चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) बुधवार को पंजाब किंग्स के खिलाफ होने वाले मुकाबले में शाख बचाने के लिए मैदान में उतरेगी। मेहमान टीम पंजाब जीत की लय हासिल करने के लिए खेलेगी। वहीं दिग्गज एम एस धोनी की अगुआई वाली सीएसके अभी भी जीत की जादुई लय हासिल करने के लिए संघर्ष कर रही है। कुछ दिन पहले इसी मैदान पर चैन्नई को सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) से हार का सामना करना पड़ा था। पिछले मुकाबले में मौसम की मार के कारण एक अंक हासिल करने वाली पंजाब किंग्स जीत की लय पाने के लिए मैदान में उतरेगी। मेहमान टीमों द्वारा सीएसके के गढ़ में सेंध लगने के कारण चैन्नई को मिली लगातार हार के बाद उनके प्लेऑफ की संभावनाएँ धूमिल लग रही है। सीएसके अंक तालिका में सबसे नीचे होने के कारण उसके लिए क्वालीफाइंग चरणों में जगह बनाने की कोई उम्मीद नहीं दिख रही है। जबकि नौ मैचों में 11 अंकों के साथ पंजाब नॉकआउट बर्थ के लिए अपनी संभावनाओं को बढ़ाने के लिए जीत की राह पर वापस लौटना चाहेगी। पंजाब किंग्स का पिछला मैच बारिश की भेंट चढ़ जाने से सीएसके के लिए अपनी स्थिति सुधारने की बहुत कम उम्मीद बची है क्योंकि उसे अपने शेष सभी मैच बड़े अंतर से जीतने होंगे और यह भी उम्मीद करनी होगी कि तालिका में शीर्ष टीमें अपने शेष मैच हार जाएं जिससे प्लेऑफ के लिए उसका समीकरण बन जाए। चैन्नई ने शीर्ष क्रम से लेकर अपने बल्लेबाजी क्रम में फेरबदल करने के लिए कई तरकीब आजमाए। चैन्नई को अपना संतुलन ठीक करने की आवश्यकता है। जबकि पंजाब आत्मविश्वास से लबरेज हैं। अब तक पारंपरिक स्पिनरों की मदद करने वाली चिन्नास्वामी की पिच तेज गेंदबाजों के अनुकूल साबित हो सकती है। जिससे चैन्नई अपनी किस्मत बदल सकता है।

### जयपुर ग्रीन क्रिकेट क्लब ने 11 स्टार क्रिकेट क्लब को हराया

जयपुर, 29 अप्रैल। जयपुर जिला क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अनुराग मिश्रा स्मृति बी डिवीजन लीग के पूल सी के मैच में जयपुर ग्रीन क्रिकेट क्लब ने इलेवन स्टार क्रिकेट क्लब को 6 विकेट से हराया। आज प्रात: के एल सैनी स्टेडियम पर इलेवन स्टार क्रिकेट क्लब ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए गौरव तोड़ावत के 77 रन, नितिन अमरोटिया के 34 रन, कुशाग्र सामोदिया के 42 रन, क्षितिज के 42 रनों से 45 ओवर में 233 रन बनाकर आउट हो गए। जयपुर ग्रीन क्रिकेट क्लब के लिए ईशान धाभाई ने 35 पर 2, रवि बैदवाल ने 29 पर 2, कृतिन राज ने 35 पर 2, सुमित सिंह ने 23 पर 2 व हरि सिंह ने 40 पर एक विकेट लिया। जवाबी पारी में जयपुर ग्रीन क्रिकेट क्लब ने सक्षम सिंह के 43 रन, कमल गुर्जर के 14 रन, राकेश के 53 रन, कृतिन राज के 66 रन नाबाद व रवि बैदवाल के 33 रन नाबाद से 45.4 ओवर में 6 विकेट पर 234 रन बनाकर मैच जीत लिया। इलेवन स्टार के लिए देवांक सिंगोदिया ने 40 पर 2, गगन सोनी, लोकेंद्र व आदित्य पारीक ने एक - एक विकेट लिया।

### ल्यूमिनस पावर टेक्नोलॉजीज ने पिंक प्रॉमिस के प्रभाव को दोगुना करने के लिए रॉयल राजस्थान फाउंडेशन के साथ हाथ मिलाया

जयपुर, 29 अप्रैल। सामुदायिक सशक्तिकरण की दिशा में प्रयासों को आगे बढ़ाते हुए, राजस्थान रॉयल्स के टाइटल स्पॉन्सर, ल्यूमिनस पावर टेक्नोलॉजीज, आगामी मैच के प्रभाव को दोगुना करके, इस उद्देश्य के लिए अपनी शक्तिशाली प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए, टीम के साथ महिलाओं के नेतृत्व वाले परिवर्तन को चैंपियन बना रही है।

ल्यूमिनस पावर टेक्नोलॉजीज और राजस्थान रॉयल्स संयुक्त रूप से मुंबई इंडियंस के खिलाफ बहुप्रतीक्षित मुकाबले के दौरान हर छक्के के लिए घरों को सोलर उर्जा से रोशन करने के लिए प्रतिबद्ध होंगे। प्रत्येक छह घरों के लिए 12 घरों के विद्युतीकरण के साथ, यह साझेदारी राजस्थान के सांभर क्षेत्र में महत्वपूर्ण रूप से प्रभाव डालती है-जहां रॉयल राजस्थान फाउंडेशन मताधिकार की सामाजिक इक्विटी शाखा, महिलाओं के नेतृत्व वाले परिवर्तन को जारी रखती है। इस वर्ष, एक कदम आगे बढ़ते हुए, ल्यूमिनस सांभर क्षेत्र में महिलाओं के नेतृत्व वाले उद्यमों के सौर विद्युतीकरण का भी कार्य करेगी।

इस पहल के बारे में बात करते हुए, ल्यूमिनस पावर टेक्नोलॉजीज की एमडी और सीईओ प्रीति बजाज ने कहा, पिंक प्रॉमिस सौर कौशल पहल के माध्यम से ऊर्जा क्षेत्र में अधिक महिलाओं को लाने और उन्हें वित्तीय और डिजिटल साक्षरता के साथ सशक्त बनाने की हमारी प्रतिबद्धता का प्रतीक है। स्कोरबोर्ड पर प्रत्येक छह हिट के साथ, घर सौर ऊर्जा से संचालित होते हैं, परिवारों का उत्थान होता है, और एक उज्जवल भविष्य सुरक्षित होता है। राजस्थान रॉयल्स के साथ हमारा सहयोग इस पहल को बढ़ाता है, जिससे इसे एक मजबूत आवाज और व्यापक पहुंच मिलती है। जब खेल और उद्देश्य एकजुट होते हैं, तो प्रभाव मैदान से परे भी फैलता है। यह साझेदारी इस बात का प्रतीक है कि खेल कैसे सार्थक बदलाव ला सकते हैं।

# मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल के साथ ऊर्जा व नगरीय विकास की समीक्षा की

## राजस्थान को, पीएम ई-बस सेवा योजना में 125 अतिरिक्त बसें मिलेंगी- खट्टर

■ मुख्यमंत्री भजनलाल ने पीक आवर्स में बिजली की माँग की आपूर्ति के लिये माँग के अनुरूप विद्युत आवंटन में बढ़ोतरी के लिये केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री से अनुरोध किया। मंत्री ने सकारात्मक आश्वासन दिया।



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने केन्द्रीय आवास, शहरी कार्य एवं विद्युत मंत्री मनोहर लाल के साथ ऊर्जा एवं नगरीय विकास विभाग की राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि केन्द्र और राज्य सरकार की संयुक्त परियोजनाओं को केन्द्र के साथ समन्वय बनाते हुए समयबद्ध रूप से पूरा करें।

जयपुर, 29 अप्रेल। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मंगलवार को मुख्यमंत्री आवास पर केन्द्रीय आवास, शहरी कार्य एवं विद्युत मंत्री मनोहर लाल के साथ ऊर्जा एवं नगरीय विकास विभाग की राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि केन्द्र और राज्य सरकार की संयुक्त परियोजनाओं को केन्द्र के साथ समन्वय बनाते हुए समयबद्ध रूप से पूरा करें।

शर्मा ने ऊर्जा विभाग की समीक्षा के दौरान कहा कि हम राज्य के किसानों को वर्ष 2027 तक दिन में बिजली देने के लक्ष्य के साथ कार्य कर रहे है। शर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि उपभोक्ताओं को पर्याप्त विद्युत आपूर्ति के लिए उत्पादन इकाइयों एवं प्रसारण तंत्रों का उचित रख-रखाव सुनिश्चित किया जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में बिजली तंत्र को सुदृढ़ करने के लिए केन्द्र सरकार द्वारा निरंतर सहयोग प्राप्त हो रहा है। उन्होंने केंद्रीय विद्युत उत्पादन संयंत्रों के कॉमन पूल से प्रदेश को आवंटित अस्थायी विद्युत कोटे के रूप में सहयोग देने के लिए केन्द्र सरकार को धन्यवाद दिया।

शर्मा ने केन्द्रीय मंत्री से प्रदेश की पीक आवर्स में बिजली की मांग के अनुरूप बिजली के आवंटन में बढ़ोतरी का आग्रह किया, जिस पर केन्द्रीय मंत्री ने सकारात्मक आश्वासन दिया।

केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि ऊर्जा के क्षेत्र में, खासतौर से अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में, राज्य में बेहतरीन कार्य किया जा रहा है।

पीएम कुसुम योजना तथा पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना में राज्य सरकार ने उल्लेखनीय प्रगति की है।

उन्होंने कहा कि पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना में राजस्थान देश के अग्रणी राज्यों में है।

नगरीय विकास विभाग की समीक्षा के दौरान केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि प्रत्येक नगर निकाय में सीवरेज अनिवार्य रूप से हो तथा आवश्यकतानुसार पुराने और जर्जर सीवरेज को बदलने तथा एलाइनमेंट ठीक करने के कार्य भी किए जाएं। बैठक में पीएम ई-बस सेवा योजना की समीक्षा के दौरान बताया गया कि इस योजना के तहत राजस्थान को 675 बसों का प्रारम्भिक आवंटन हुआ था। राज्य सरकार के अनुरोध पर अब इसके लिए केन्द्र द्वारा अतिरिक्त 125 बसें भी दी जाएंगी, जिससे शहरी क्षेत्र में सार्वजनिक सेवा को मजबूती मिलेगी। इस दौरान जयपुर मेट्रो परियोजना, अमृत 2.0, प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी), स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) सहित, विभिन्न योजनाओं की राज्य में प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई।

बैठक में नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) झाबर सिंह खर्रा, ऊर्जा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) हीरालाल नागर सहित, संबंधित विभागों के उच्चाधिकारी उपस्थित थे।

# जस्टिस बीआर गवई 52 वें सीजेआई नियुक्त

नई दिल्ली, 29 अप्रैल। न्यायमूर्ति भूषण रामकृष्ण गवई को मंगलवार को भारत का अगला प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) नियुक्त किया गया। न्यायमूर्ति गवई 14 मई को सीजेआई का पदभार संभालेंगे। मौजूदा सीजेआई न्यायमूर्ति संजीव खन्ना का 13 मई को कार्यकाल समाप्त हो रहा है। जस्टिस गवई

■ 13 मई को मौजूदा मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना का कार्यकाल समाप्त हो रहा है। जस्टिस गवई 14 मई से कार्यभार संभालेंगे।

उनकी जगह लेंगे। कानून मंत्रालय ने जस्टिस गवई की भारत के 52वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में नियुक्ति की अधिसूचना जारी की है। निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार उनका नाम 16 अप्रैल को सीजेआई खन्ना द्वारा केंद्र सरकार को सिफारिश के रूप में भेजा गया था। जस्टिस गवई का कार्यकाल छह महीने का होगा और वह 23 दिसंबर को 65 वर्ष की आयु पूरी करने पर सेवानिवृत्त होंगे। जस्टिस गवई देश के दूसरे दलित मुख्य न्यायाधीश होंगे। उनसे पहले जस्टिस केजी बालाकृष्णन भारत के मुख्य न्यायाधीश बने थे।

# 'सेना तय करे कार्यवाही का तरीका, समय और टारगैट'

## प्रधानमंत्री मोदी ने आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक कार्यवाही के लिए सेना को खुली छूट दी

■ मंगलवार को प्रधानमंत्री ने सेना प्रमुखों के साथ उच्चस्तरीय मीटिंग की, जिसमें रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, एन.एस.ए. अजीत डोभाल भी थे।

■ इसके बाद प्रधानमंत्री ने गृहमंत्री अमित शाह के साथ मीटिंग की। यही नहीं, संघ प्रमुख मोहन भागवत भी प्रधानमंत्री से मिलने आए।

नई दिल्ली, 29 अप्रैल। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की सेनाओं को आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई के लिए खुली छूट दे दी है। हाल ही में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद, पीएम ने स्पष्ट किया कि सेना को जवाबी कार्रवाई का समय, लक्ष्य और तरीका स्वयं तय करने की खुली छूट है। उन्होंने कहा कि सेना आतंकवादियों को करारा जवाब देने के लिए किसी भी आवश्यक कदम को उठाने में सक्षम है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि थल सेना, नौसेना और वायुसेना को आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई के लिए किसी भी प्रकार की बाधा नहीं होगी। यह फैसला पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद लिया गया, जिसमें निर्दोष नागरिकों को निशाना बनाया गया। पीएम ने जोर देकर कहा कि भारत आतंकवाद के खिलाफ ज़ीरो टॉलरेंस की नीति पर अडिग है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस संबंध में मंगलवार एक उच्च स्तरीय बैठक की, जिसमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल, चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान, थल सेना प्रमुख, नौसेना प्रमुख और वायुसेना प्रमुख शामिल थे। बैठक में पहलगाम हमले की विस्तृत समीक्षा की गई और आतंकवाद के खिलाफ तत्काल और प्रभावी कार्रवाई की रणनीति पर चर्चा हुई। इस मीटिंग के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ने गृह मंत्री अमित शाह के साथ अलग से मीटिंग की। सूत्रों के अनुसार इस मीटिंग में पहलगाम आतंकी हमले के बाद उपजी सुरक्षा व्यवस्था पर चर्चा हुई। इसके बाद संघ संचालक मोहन भागवत भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मिलने पहुंचे।

बुधवार को होने वाली कैबिनेट बैठक में इस मुद्दे पर और विस्तार से चर्चा होने की उम्मीद है। इसके बाद राष्ट्रीय सुरक्षा से संबंधित मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीएस) की बैठक भी हो सकती है, जिसमें आतंकवाद के खिलाफ ठोस रणनीति को अंतिम रूप दिया जाएगा। सीसीएस की बैठक में सेना के ऑपरेशनल प्लान और खुफिया एजेंसियों की रिपोर्ट्स की समीक्षा की जाएगी। सूत्रों का कहना है कि भारत इस हमले का जवाब न केवल त्वरित, बल्कि इतना प्रभावी देगा कि आतंकवादी संगठनों को स्पष्ट संदेश मिले।

## ट्रम्प प्रशासन ने एमेज़ॉन को "धमकी"...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

57,000 लोगों को निकाल दिया है, क्योंकि मॉल और बाजारों में ग्राहक कम हो गए हैं और उपभोक्ता भावना कमजोर हुई है।

टैक्नॉलजी सेक्टर, जो अमेरिका की सफलता का स्तंभ रहा है, भी सिकुड़ रहा है। ट्रंप प्रशासन के पहले सौ दिनों में ही इस क्षेत्र से चालीस हज़ार से अधिक लोगों की छंटनी हो चुकी है। आम अमेरिकियों में इसके खिलाफ व्यापक आक्रोश और विरोध व्याप्त है।

कुछ जनमत सर्वेक्षणों के अनुसार, ट्रंप की लोकप्रियता तेजी से गिर रही है। यहाँ तक कि उनके सत्ता ग्रहण करने के बाद से रेटिंग्स में बहुत कमी आई है। इतना ही नहीं, जिन आम मतदाताओं ने उन्हें वोट दिया था, वे अब अपने फैसले पर पछता रहे हैं, मुख्यत: बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी के कारण।

हालांकि, अब भी ट्रंप के कट्टर समर्थक, खासकर श्वेत वर्चस्ववादी समूह, मानते हैं कि ट्रंप की नीतियां दीर्घकाल में अमेरिका के हित में हैं।

कई लोग खुश हैं कि वर्षों पहले बंद हो चुकी पुरानी इंडस्ट्रीज फिर से लौट सकती हैं। लेकिन वे यह नहीं समझ पा रहे कि एक बार जो इंडस्ट्री बंद हो गई, उसे दोबारा खड़ा करना बेहद मुश्किल होता है, खासकर अब, जबकि अमेरिका की इन्डस्ट्री का इकोसिस्टम पूरी तरह बदल चुका है।

यदि इन्हें पुन: जीवित किया गया तो कई उद्योग बहुत पिछड़ जाएंगे, क्योंकि इन उद्योगों के लिए जरूरी पुर्जे अब देश में उपलब्ध नहीं हैं और श्रम लागत इतनी अधिक है कि उत्पादन आर्थिक रूप से लाभदायक नहीं रह गया है। फिर भी उम्मीद बनी हुई है कि ये उद्योग फिर से फलेंगे-फूलेंगे।

# रेलवे भर्ती परीक्षा में पैन, पैंसिल, पानी पर प्रतिबंध

## रेल मंत्रालय ने रेल भर्ती बोर्ड के सभी अध्यक्षों को सर्कुलर जारी किया

■ परीक्षार्थी सिर्फ ई कॉल लैटर के साथ ही आ सकेंगे, पैन भी उन्हें परीक्षा हॉल में ही उपलब्ध करवाया जाएगा।

नयी दिल्ली, 29 अप्रैल। भारतीय रेलवे ने रेल भर्ती बोर्ड की परीक्षाओं में इलेक्ट्रोनिक सामान के अलावा पेन, पेंसिल, टोपी, पर्स एवं पानी की बोतल लाने को भी प्रतिबंधित कर दिया है और हाथों पैरों में मेहंदी लगा कर आने पर भी रोक रहेगी।

रेल मंत्रालय ने सभी रेल भर्ती बोर्डों के अध्यक्षों को एक परिपत्र भेजा है जिसमें कॉल लेटर में दिए गए निर्देशों में संशोधन किया गया है। इसमें परीक्षा केन्द्रों में प्रवेश के लिए प्रतिबंधित वस्तुओं की नयी सूची जारी की गई है।

उम्मीदवारों को दिए गए निर्देशों के पैरा 7(1) में कहा गया है कि प्रतिबंधित वस्तुएं/इलेक्ट्रॉनिक गैजेट जैसे मोबाइल फोन, पेजर, घड़ियां, ईयरफोन, ब्लूटूथ युक्त डिवाइस, माइक्रोफोन, हेल्थ बैंड, कैलकुलेटर, पुस्तक, पेन, कागज, पेंसिल, ई-यूजर, पाउच, स्केल, राइटिंग-पैड, बेल्ट, हैंडबैग, टोपी, पर्स, कैमरा, पानी की बोतल, पैक/खुले खाद्य पदार्थ आदि परीक्षा केन्द्र के अंदर ले जाने की अनुमति नहीं है।

परिपत्र के अनुसार परीक्षा केन्द्र के अंदर केवल ई-कॉल लेटर की अनुमति होगी। उम्मीदवार को परीक्षा केन्द्र के अंदर कोई पेन/पेंसिल नहीं ले जाना है। परीक्षा के दौरान उम्मीदवारों को पेन उपलब्ध कराया जाएगा। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे अपने हाथों/पैरों पर मेंहदी न लगाएं, क्योंकि इससे बायोमेट्रिक्स कैप्चर करने में बाधा आती है।

परिपत्र में कहा गया है कि पैरा 7(2) के तहत तलाशी के दौरान, धातु के वस्त्र, धार्मिक प्रतीक, चूड़ियाँ, आभूषण, मंगल सूत्र, कंगन ले जाते/पहने हुए पाए जाने वाले अभ्यर्थियों को उनके कॉल लेटर में उपयुक्त पुष्टि के साथ परीक्षा हॉल के अंदर जाने की अनुमति दी जाएगी ताकि निरीक्षक ऐसे अभ्यर्थियों के प्रति अतिरिक्त सतर्क रहें।

रेल मंत्रालय के अधिकारियों के अनुसार इन बदलावों को तत्काल प्रभाव से लागू किया गया है।

## लोक गायिका ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

हाल ही में एक वीडियो पोस्ट किया, जो काफी वायरल हुआ, खासकर पाकिस्तान में।

वीडियो में उन्होंने भारत में धार्मिक आधार पर एकता की कमी के बारे में बात की। हिंदी भाषा के इस वीडियो में उन्होंने कहा कि देश धार्मिक आधार व अन्य मुद्दों पर काफी विभाजित है, दंगे भड़कने में एक सैकेण्ड का समय भी नहीं लगेगा। उन्होंने देश के अन्य भागों में रह रहे कश्मीरियों की सुरक्षा की अपील की। उन्होंने कहा कि न्याय किया जाना चाहिए, बदला नहीं।

राठौड़ व काकोती, दोनों को ही सैक्शन 196 के विभिन्न उपभागों में गिरफ्तार किया गया है, जो जन्म, जाति, जन्म स्थान, आवास व नागरिकता, भाषा आदि के आधार पर दो समुदायों में नफरत बढ़ाने से सम्बंधित हैं।

मीडिया विशेषज्ञों का मत है कि सरकार द्वारा जो सुधारात्मक कदम उठाए गए हैं, वे नाकाफी हैं, उनके उल्टे परिणाम हो सकते हैं। सरकार के पास दुष्प्रचार ने निपटने के कई प्रभावी तरीके हैं और ताकत का इस्तेमाल आउट डेटेड हो गया है।

# राजस्थान में तेज गर्मी और लू का प्रकोप

## मौसम विभाग ने दो मई से गर्मी में राहत की भविष्यवाणी की

■ मौसम विभाग के अनुसार एक मई से आंधी-बारिश का दौर शुरु होगा। तेज अंधड़ और बारिश होने से तापमान में कमी आएगी।

जयपुर, 29 अप्रैल। राजस्थान में भीषण गर्मी का प्रकोप जारी हैं और राज्य में पिछले चौबीस घंटों में सर्वाधिक अधिकतम तापमान बाड़मेर में 46.4 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया जो सामान्य से 4.3 डिग्री सेल्सियस अधिक हैं। हालांकि एक मई से आंधी एवं बारिश की गतिविधियों के कारण दो मई से लू में राहत मिलने की संभावना हैं।

मौसम विज्ञान केन्द्र जयपुर के अनुसार वर्तमान में पश्चिमी राजस्थान के अधिकांश भागों में अधिकतम तापमान 43 से 46 डिग्री सेल्सियस जबकि पूर्वी राजस्थान में 40 से 45 डिग्री के मध्य दर्ज किए जा रहे हैं। राज्य में पिछले चौबीस घंटों में बाड़मेर के अलावा जैसलमेर में 46.2 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान रहा जबकि फलौदी में 45.2, कोटा में 44.6, जोधपुर एवं चित्तौड़गढ़ में 44.4, वनस्थली में 44.2, श्रीगंगानगर में 43.8, बीकानेर एवं जालोर में 43.4, भीलवाड़ा में 43.2, चुरु एवं अलवर में 42.2, उदयपुर के डबोक में 42.1, जयपुर में 42, पाली में 41.9, सीकर 40, धौलपुर में 41, डूंगरपुर में 41.1, सिरोही में 41.4, फतेहपुर में 40.2, करौली 40.9, झुंझुनूं में 40.1, माउंटआबू में 32.4, चुरु 42.2, नागौर 41.5 तथा प्रतापगढ़ एवं सांगरिया में 39.2 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान रहा। राज्य में सर्वाधिक न्यूनतम तापमान डूंगरपुर में 29.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

राज्य के अधिकांश भागों में आगामी 48 घंटों में मौसम मुख्यत: शुष्क रहने एवं तापमान में विशेष परिवर्तन नहीं होने की संभावना है। राज्य के कुछ भागों में लू का दौर एक मई तक जारी रहने की संभावना है। एक मई को एक नए पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से जोधपुर, बीकानेर, अजमेर, जयपुर संभाग के कुछ भागों में दोपहर बाद तीव्र मेघगर्जन के साथ हल्की बारिश, तेज झोंकेदार हवाएं एवं अंधड़ 40-50 किलोमीटर प्रति घंटे से चलने की प्रबल संभावना है।

इसके बाद दो और तीन मई को बीकानेर, जोधपुर, अजमेर, उदयपुर, कोटा, जयपुर एवं भरतपुर संभाग के कुछ भागों में गरज-चमक के साथ कहीं-कहीं तेज अंधड़ आने और बारिश होने की प्रबल संभावना है। आंधी-बारिश की गतिविधियां चार से सात मई को भी राज्य के कुछ भागों में जारी रहने की आशंका है। आंधी-बारिश के प्रभाव से तापमान में 3-4 डिग्री सेल्सियस गिरावट दर्ज होने एवं दो मई से लू से राहत मिलने के संभावना है।

## कार्यकाल पूरा होने के बाद भी नगर...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

कराने का प्रावधान है। इसके अलावा, सुप्रीम कोर्ट भी पूर्व में तय कर चुका है कि व्यापक जनहित को देखते हुए पांच साल की अवधि पूरी होने से पहले चुनाव कार्यक्रम घोषित किया जाना चाहिए।

इसके बावजूद, राज्य सरकार ने अपने अधिकारों का दुरुपयोग करते हुए, नगरपालिकाओं के चुनाव स्थगित कर उनमें प्रशासक लगा दिए। याचिका में साल 2019 का हवाला देते हुए कहा गया कि तत्कालीन नगरपालिकाओं का कार्यकाल पूरा होने से पहले नवंबर माह में ही चुनाव प्रक्रिया आरंभ की गई थी। ऐसे में राज्य सरकार को निर्देश दिए जाएं कि वह इन नगरपालिकाओं का चुनाव कार्यक्रम घोषित करे। याचिका पर सुनवाई करते हुए खंडपीठ ने संबंधित अधिकारियों से जवाब तलब किया है।

## 'सफल इकोनॉमिक्स, सफल...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

विरोधी सोच भी पनप रही है तथा, विशेष रुप से भ्रष्टाचार के आरोपों पर दो मंत्रियों को हटाये जाने के बाद, भ्रष्टाचार के मोर्चे पर सरकार की नकारात्मक छवि भी बनी है। उल्लेखनीय है कि उक्त मंत्रियों को हटाये जाने का कदम अदालतों तथा भ्रष्टाचार के मामलों की जाँच के दबाव के चलते उठाया गया था। और अब एक अन्य मंत्री पर भी भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगे हैं तथा राजनैतिक हल्कों में ऐसी चर्चाएं हैं कि इस तीसरे मंत्री को भी बर्खास्त किया जायेगा।

लेकिन द्रमुक के लिये सौभाग्य का विषय यह है कि तमिलनाडु में भ्रष्टाचार चुनाव हारने का कोई बड़ा मुद्दा नहीं रहा है। अन्नाद्रमुक प्रमुख स्व. जयललिता पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप थे, जिनमें वे बाद में दोषी भी सिद्ध हुईं, लेकिन तमिलनाडु के मतदाताओं ने उन्हें लगातार दो बार विजयी बनाया तथा 2011 एवं 2016 के दो लगातार चुनावों में जीतकर, वे एक लम्बी राजनैतिक परम्परा को तोड़ने में सफल हुईं।

इस बात को स्टालिन भी जानते हैं कि द्रमुक जब भी सत्ता से बाहर हुई है, जो हर तीसरे चुनाव में हुआ है, तो उसका बड़ा कारण कानून-व्यवस्था की बिगड़ी हुई स्थिति, तथा सरकार एवं द्रमुक के गुंडों की मनमानी ही रही है। यही कारण है कि स्टालिन चुनावों से पहले अर्थव्यवस्था पर फोकस कर रहे हैं तथा ग्रोथ एवं समृद्धि के इर्द-गिर्द ही नैरेटिव गढ़ रहे हैं। अपनी इस उपलब्धि पर विशेष जोर देने के लिये वे उत्तर भारत के राज्यों तथा तमिलनाडु की अर्थव्यवस्था के बीच तुलना करते हुये, इनके बड़े अन्तर की ओर जनता का ध्यान आकृष्ट कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री स्टालिन ने कहा, "अभी तक, आपने द्रविड मॉडल सरकार पार्ट 1 देखा है। पार्ट 2 वर्ष 2026 में लोड होगा। उसके बाद, हम और नये रिकॉर्ड बनायेंगे।"

## कोटा में एक और ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

कर दिया है। छात्र मूल रूप से बिहार के कटिहार का निवासी है। वह 15 दिन पहले ही कोटा आया था और 11वीं के साथ मेडिकल एंट्रेंस की तैयारी कर रहा था। वह अपने एक साथी के साथ रूम शेयर करके रहता था। उन्होंने बताया कि दूसरा लड़का डिनर के लिए चला गया था। जब वापस आया तो छात्र ने कमरे का दरवाजा नहीं खोला। इसके बाद उसने हॉस्टल मालिक को बताया। दोनों को शक हुआ तो उन्होंने इस संबंध में तुरंत पुलिस को सूचना दी। हॉस्टल रूम का दरवाजा तोड़कर देखा तो सभी के होश उड़ गए। छात्र को आनन-फानन में अस्पताल लेकर गए, जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। कमरे को फिलहाल बंद कर दिया गया है। मृतक के चाचा घटना की जानकारी के बाद कोटा पहुंच गए। उनका कहना था कि छात्र के पिता हृदय रोग से ग्रसित हैं। उन्होंने बिना पोस्टमार्टम के ही शव की मांग की थी। साथ ही यह भी कहा था कि कोई कार्रवाई इस मामले में नहीं चाहते हैं। इसके बाद, जवाहर नगर थाना पुलिस ने बिना पोस्टमार्टम के शव परिजनों को सौंप दिया। परिजनों का कहना था कि बालक अपनी इच्छा से ही कोटा पढ़ने आया था। उसने अपना स्कूल में एडमिशन गांव में ही करवाया था।

# क्रिकेट मैच में पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाने वाले की पीट-पीट कर हत्या

बेंगलुरु, 29 अप्रैल। कर्नाटक के गृह मंत्री डॉ. जी परमेश्वर ने मंगलवार को बताया कि मंगलुरु में एक स्थानीय क्रिकेट मैच के दौरान एक व्यक्ति की कथित तौर पर 'पाकिस्तान जिंदाबाद' के नारे लगाने पर दर्शकों में आक्रोश फैल गया और उसकी पीट-पीटकर हत्या कर दी गई।

पुलिस ने घटना के सिलसिले में करीब 12 लोगों को गिरफ्तार किया है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, विवाद तब शुरू हुआ जब व्यक्ति को मैच के दौरान कथित तौर पर नारे लगाते हुए सुना गया।

प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा कि लोगों के एक समूह ने हिंसक प्रतिक्रिया व्यक्त की और मौके पर ही उस व्यक्ति पर हमला कर दिया। शुरू में माना जा रहा था कि व्यक्ति की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, लेकिन बाद में अधिकारियों ने पुष्टि की कि पीड़ित चोटों के कारण सदमे में था बाद में उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने कई संदिग्धों को हिरासत में लिया।एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि मामला दर्ज कर लिया गया है और घटनाओं के क्रम का पता लगाने और नारे के दावे की प्रामाणिकता को सत्यापित करने के लिए जांच चल रही है। मृतक की पहचान अभी तक उजागर नहीं की गई है।

## हाई कोर्ट ने 36 ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

दिए। अदालत ने कहा कि याचिकाकर्ता को मिली सजा को हाईकोर्ट अप्रैल, 1989 में ही स्थगित कर चुका है।

याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता मोहम्मद अनीस ने बताया कि 13 जुलाई, 1987 को खान मोहम्मद ने माणक चौक थाना पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में कहा गया था कि रात करीब एक बजे अज्ञात व्यक्ति ने उसके भाई फूल मोहम्मद पर एसिड फैंका, जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गया। रिपोर्ट पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने याचिकाकर्ता के खिलाफ निचली अदालत में आरोप पत्र पेश किया, जिस पर अदालत ने 31 मार्च, 1989 को याचिकाकर्ता को हत्या के प्रयास के अपराध से बरी करते हुए, आईपीसी की धारा 326 के तहत दो साल छह माह की सजा सुनाई गई। इस आदेश के खिलाफ उसी साल हाईकोर्ट में अपील दायर की गई। वहीं, राज्य सरकार की ओर से भी निचली अदालत के आदेश को चुनौती देते हुए दी गई सजा की अवधि को बढ़ाने की गुहार की गई। याचिका पर सुनवाई करते हुए, अदालत ने याचिकाकर्ता को दोषमुक्त करते हुए निचली अदालत का आदेश रद्द कर दिया और मामले में राज्य सरकार की ओर से पेश अपील भी खारिज कर दी।

# राफेल गिराने का पाकिस्तान का दावा झूठा

नयी दिल्ली, 29 अप्रैल। भारत ने पाकिस्तान समर्थित अनेक सोशल मीडिया खातों में भारतीय वायु सेना के एक लड़ाकू विमान को गिराये जाने के दावे को करार दिया और कहा है कि यह भ्रामक तथा निराधार दुष्प्रचार है और भारत का कोई विमान नहीं गिराया गया है।

सूचना और प्रसारण मंत्रालय के पत्र सूचना कार्यालय ने मंगलवार को

■ भारत सरकार ने कहा, पाकिस्तान द्वारा जिस विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने का वीडियो दिखाया जा रहा है वह राफेल नहीं बल्कि जून 2024 में महाराष्ट्र में दुर्घटनाग्रस्त सुखोई विमान का वीडियो है।

सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर कहा कि पाकिस्तान का समर्थन करने वाले अनेक सोशल मीडिया खाते झूठा दावा कर रहे हैं कि पाकिस्तान ने जम्मू कश्मीर के पुंछ सेक्टर में नियंत्रण रेखा के पास भारत के राफेल लड़ाकू विमान को गिरा दिया है।

पत्र सूचना कार्यालय ने कहा है कि पाकिस्तान ने भारत के किसी लड़ाकू विमान को नहीं गिराया है। पाकिस्तान समर्थित सोशल मीडिया खातों में जो वीडियो साझा किया जा रहा है वह जून 2024 में महाराष्ट्र में दुर्घटनाग्रस्त हुए सुखोई-30 लड़ाकू विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने का है।

## कांग्रेस के पोस्टर ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

यू-ट्यूब चैनलों और सोशल मीडिया अकाउन्ट्स के खिलाफ कार्रवाई शुरु कर दी है और कई शीर्ष पाकिस्तानी समाचार चैनलों पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। इनमें डॉन न्यूज़, ए.आर.वाय. न्यूज़, समा टीवी और जियो न्यूज़ शामिल हैं।

इन्टरनैट सामग्री की निगरानी करने वाले अधिकारियों का कहना है कि कुछ पाकिस्तान-आधारित सोशल मीडिया हैंडल, खासकर विदेशों में रहने वाले लोगों को निशाना बनाकर, ब्रेनवॉश करने वाली सामग्री डालते हैं, ताकि अंतरराष्ट्रीय राय को प्रभावित किया जा सके। सरकार के सूत्रों ने कहा कि इस तरह के प्रयासों का उद्देश्य पहलगाम हमले जैसी घटनाओं को तोड़-मरोड़ कर पेश करना है।

इज़रायल की रणनीति से प्रेरणा लेते हुए, भारत सरकार भी एक वीडियो श्रृंखला जारी करने की योजना बना रही है, जिसमें पाकिस्तान द्वारा भारत के खिलाफ लंबे समय से जारी आतंकवादी हमलों को उजागर किया जाएगा। गाज़ा संघर्ष के दौरान, इज़रायल ने हमास की बर्बरता को उजागर करने के लिए वीडियो जारी किए थे। एक सरकारी अधिकारी ने कहा है, "यह एक व्यापक युद्ध है, जो बंदूकों से नहीं, बल्कि सोशल मीडिया, नैरेटिव्स और धारणाओं के ज़रिए लड़ा जा रहा है।"

# मुंबई के स्क्वायर मॉल में आग से 100 दुकानें जलीं

मुंबई, 29 अप्रैल। मुंबई से लगे बांद्रा में स्क्वायर मॉल बिल्डिंग में मंगलवार सुबह 4.10 बजे आग लगी, जो शाम तक नहीं बुझाई जा सकी। घटना को 16 घंटे बीत चुके हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक 100 के करीब दुकानें जल चुकी हैं। गनीमत यह रही कि इस घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।अधिकारियों के मुताबिक शुरुआत में 4 मंजिला मॉल के बेसमेंट में मौजूद इलेक्ट्रॉनिक शोरूम में आग लगी थी। जो धीरे-धीरे चौथे फ्लोर तक पहुंची। फायर ब्रिगेड को सबसे पहले सुबह 4.50 बजे आग की सूचना मिली थी। पहले इसे लेवल 3 की आग घोषित किया गया था।

# जम्मू कश्मीर के 50 पर्यटन स्थल बंद

## 87 पर्यटन स्थलों की सुरक्षा ऑडिट के बाद यह कदम उठाया गया

■ गुलमर्ग, सोनमर्ग और पहलगाम पर्यटकों के लिए खुले रहेंगे।

श्रीनगर, 29 अप्रैल। जम्मू-कश्मीर में अधिकारियों ने सुरक्षा चिंताओं को ध्यान में रखते हुए समूचे केंद्र शासित प्रदेश के कम से कम 50 रिजॉर्ट्स और पर्यटन स्थलों को 'बंद' कर दिया है।

अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह निर्णय पिछले सप्ताह पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद सभी जिलों में किए गए 87 पर्यटन-स्थलों की व्यापक सुरक्षा ऑडिट के बाद लिया गया है।

पर्यटकों के लिए अब प्रतिबंधित प्रमुख स्थलों में बांदीपुरा जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर स्थित गुरेज़ घाटी शामिल है जिसने पिछले दशक में हजारों पर्यटकों को आकर्षित किया है। बंद किए गए अन्य प्रमुख स्थलों में बडगाम में यूसमर्ग और दूधपथरी, दक्षिण कश्मीर में अहरबल, कोंसरनाग और वेरीनाग, बारामुल्ला में एलओसी पर कमान पोस्ट और कुपवाड़ा में सुरम्य बंगस घाटी शामिल हैं।

इस बीच श्रीनगर के पुराने शहर स्थित भव्य जामिया मस्जिद में पर्यटकों का जाना निषेध कर दिया गया है। हालांकि पहलगाम़, गुलमर्ग और सोनमर्ग के प्रमुख रिजार्ट पर्यटकों के लिए खुले रहेंगे। इन जगहों पर पर्यटकों की सुरक्षा के लिए पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

केन्द्र शासित प्रदेश में वन विभाग ने भी पर्यटकों के लिए अपने सभी ट्रैकिंग रूट बंद कर दिए हैं।

पिछले चार वर्षों में स्थानीय और गैर-स्थानीय दोनों तरह के पर्यटक कश्मीर के मैदानों और अल्पाइन ट्रेल्स पर खास तौर पर गर्मियों के ट्रैकिंग सीजन के दौरान आते रहे हैं। हाल के वर्षों में घाटी में पर्यटकों की आमद में बढ़ोतरी देखी गई है, लेकिन पहलगाम हमले से पर्यटन उद्योग को गहरा झटका लगा है। पिछले छह दिनों में कई पर्यटक कश्मीर छोड़ चुके हैं जबकि कई अन्य ने कश्मीर की अपनी आगामी यात्रा की योजना रद्द कर दी है।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908